सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 21 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 21, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 454 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 454 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,300 अंक के ऊपर बंद हुआ। } 14

## दुनिया के हालात पर चर्चा जरूरी : विदेश मंत्री

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा वाशिंगटन में क्वाड की सहयोगी विदेश मंत्री सीनेटर वोंग से मिलकर खुशी हुई। हमेशा की तरह दुनिया के हालात पर हमने चर्चा की। } 16



# डोनाल्ड ट्रंप ने ली अमरीकी राष्ट्रपति पद की शपथ

❍ जेडी वेंस बने उपराष्ट्रपति ❍ घुसपैठ को रोकना पहली प्राथमिकता ❍ दक्षिणी सीमा पर घोषित की नेशनल इमरजेंसी

एजेंसी

न्यूयार्क। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ले ली है। डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में कई पूर्व राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के जज, ट्रंप का पूरा कैबिनेट, उनके परिवार के सभी सदस्यों के साथ-साथ तमाम देशों के शीर्ष प्रमुख और कई टेक कंपनियों के दिग्गज भी मौजूद रहे। इससे पहले निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन और जिल बाइडन ने चाय के लिए व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रंप और मेलानिया ट्रंप का स्वागत किया था।

डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण के बाद एलान किया। हम मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी रखने जा रहे हैं। उन्होंने कहा सबसे पहले मैं अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल का एलान करता हूं। सभी अवैध घुसपैठ तुरंत बंद होती हैं और हम करोड़ों अपराधियों को वापस भेजने का काम शुरू करेंगे। हम 'मैक्सिको में ही रहो' नीति के तहत काम करेंगे। हम पकड़ो और छोड़ो नीति को खत्म करेंगे। हम दक्षिणी सीमा पर सुरक्षाबलों को भेजेंगे, ताकि हमारे देश में घुसपैठ बंद हो सके। उन्होंने कहा हम पनामा नहर को वापस लेंगे। आज, मैं ऐतिहासिक कार्यकारी आदेशों की एक श्रृंखला पर हस्ताक्षर करूंगा और इन कार्यों के साथ, हम अमेरिका की पूर्ण बहाली और सामान्य ज्ञान की क्रांति शुरू करेंगे। इस सप्ताह मैं उन सभी सेवा सदस्यों को बहाल करूंगा जिन्हें



वैक्सीन अनिवार्यता का विरोध करने के कारण हमारी सेना से अन्यायपूर्ण तरीके से निष्कासित कर दिया गया था और उन्हें पूरा वेतन दिया जाएगा। और मैं हमारे योद्धाओं को ड्यूटी के दौरान कट्टरपंथी राजनीतिक सिद्धांतों और सामाजिक प्रयोगों के अधीन होने से रोकने के लिए एक आदेश पर हस्ताक्षर करूंगा। यह तुरंत समाप्त होने जा रहा है। हमारे सशस्त्र बलों को अमेरिका के दुश्मनों को हराने के अपने एकमात्र मिशन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए स्वतंत्र किया जाएगा। इस पल से ही अमेरिका का और नीचे गिरना खत्म होता है। हमारे देश का गौरवशाली भाग्य अब फिर जागेगा। पिछले आठ वर्षों में मेरा कई बार परीक्षण हुआ और मुझे कई बार चुनौतियां मिलीं। यह किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति से ज्यादा था। मुझे इस रास्ते में काफी कुछ सीखने को मिला। अपने गणतंत्र को वापस पाने का रास्ता मेरे लिए बिल्कुल आसान नहीं था। जो भी लोग हमें रोकने की कोशिश कर रहे थे, उन्होंने मुझे मारने की कोशिश भी की। पेंसिलवेनिया में कुछ महीने पहले ही गोली मेरे कान को चीरती हुई निकल गई। मुझे भगवान ने बचाया ताकि मैं फिर से अमेरिका को महान बना सकूं। हमारे पास अब एक सरकार है, जो कि एक आसान से घरेलू संकट तक का प्रबंधन नहीं कर पाई। इस दौरान वह दुनियाभर में घटनाक्रमों में उलझी रही। अमेरिकी सरकार अमेरिका के कानून का पालन करने वाले नागरिकों की सुरक्षा में नाकाम रही, लेकिन हमारे यहां खतरनाक अपराधियों को सुरक्षा दी गई, जो कि ज्यादातर जेल और दिमागी बीमारियों से जुड़े संस्थानों से भागे थे। वे दुनियाभर से अवैध तरह से अमेरिका में आए थे। हमारे पास सरकार थी, जो कि विदेश में सीमाओं की रक्षा के लिए असीमित संसाधन-फंडिंग लगाती थी, लेकिन अमेरिका की सीमा और यहां रहने वाले अपने ही लोगों की रक्षा से इनकार करती थी। हमारी सरकार अब इमरजेंसी के दौरान भी अहम सेवाएं नहीं दे सकती। चक्रवाती तूफान की बात हो या लॉस एंजेलिस में आग की, जो कि अभी भी तबाही मचा रही है। इससे सबसे अमीर और ताकतवर लोगों के घर तबाह हो गए। हम ऐसा ...शेष पृष्ठ 14 पर



"प्रधानमंत्री मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद बधाई दी है। उन्होंने कहा ट्रंप का नया कार्यकाल भारत के लिए नये अवसरों वाला होगा। भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते और मजबूत होंगे और रणनीतिक स्तर पर दोनों देश एक दूसरे का परस्पर सहयोग करेंगे। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद विश्व में मची उथल-पुथल पर लगाम लगेगी"

## संक्षेप

### छत्तीसगढ़: मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

गरियाबंद/भुवनेश्वर। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर हो गईं और सीआरपीएफ की कमांडो बटालियन का एक जवान घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोबरा कमांडो की चोट मामूली है। गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक (एसपी) निखिल राखेचा ने को बताया कि छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर मैनपुर पुलिस थाने के अंतर्गत जंगल में सुरक्षाकर्मियों द्वारा चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान गोलीबारी हुई। एसपी ने बताया कि छत्तीसगढ़ से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और कोबरा तथा ओडिशा से विशेष अभियान समूह (एसओजी) के जवान अभियान में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ अब भी जारी है। राखेचा ने कहा दो महिला नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं।

### आईआईटीएन बाबा जूना अखाड़े से निष्कासित

महाकुम्भ नगर। सोशल मीडिया पर आईआईटियन बाबा के तौर पर मशहूर हुए इंजीनियर अभय सिंह को अपने गुरु के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में शनिवार की रात जूना अखाड़े के शिविर से बाहर कर दिया गया। जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि वह (अभय सिंह) साधु नहीं बना था। लखनऊ से यहां ऐसे ही आ गया था और स्वयंभू साधु बना घूम रहा था। उन्होंने बताया कि वह महंत सोमेश्वर गुरु के साथ यहां आया था। उसने अपने गुरु महंत सोमेश्वर पुरी के बारे में सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का उपयोग किया था, इसलिए अखाड़ा के शिविर और आसपास उसके आने पर रोक लगा दी गई है।

### दंपति ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

कानपुर। पनकी थाना क्षेत्र के पतरासा में एक युवा दंपति ने सोमवार को कथित तौर पर अपने किराए के घर में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पनकी के सहायक पुलिस आयुक्त शिखर ने बताया कि चालक का कार्य करने वाले अलकेश सचान (25) और सलोनी सचान (24) ने महज तीन साल पहले शादी की थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन पुलिस को अभी तक युगल की आत्महत्या के पीछे के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है क्योंकि उन्होंने कोई सुसाइड नोट नहीं छोड़ा है। पनकी थाना के प्रभारी निरीक्षक मानवेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें सोमवार सुबह दंपति द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना मिली थी।

## सोपोर में आतंकियों के साथ मुठभेड़, एक जवान शहीद

एजेंसी

जम्मू। उत्तरी कश्मीर के सोपोर में रविवार देर शाम सुरक्षाबलों की आतंकियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई। गुज्जरपति जलूरा इलाके में तलाशी अभियान के दौरान छिपे आतंकियों ने सेना व पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने इलाके को पूरी तरह सील कर दिया है। यहां दो आतंकियों के घिरे होने की सूचना है। जिसमें एक जवान का बलिदान हो गया है।

❍ तलाशी अभियान के दौरान पुलिस टीम पर की गोलीबारी

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, रविवार दोपहर सोपोर के गुज्जरपति जलूरा इलाके में सेना की 22 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) व जम्मू-कश्मीर पुलिस संयुक्त तलाशी अभियान चला रही थी। इस दौरान छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों के अनुसार, तलाशी अभियान जारी है। सोमवार सुबह पहली किरण के साथ अभियान तेज किया जाएगा। पुलिस ने सुरक्षा कारणों से स्थानीय लोगों से मुठभेड़ स्थल के करीब नहीं जाने का अनुरोध किया है। जम्मू संभाग के किश्तवाड़ जिले में शनिवार को चार सक्रिय आतंकियों के पोस्टर जारी किए गए थे। इन आतंकियों में सैफल्ला, फरमान, आदिल और एक अन्य शामिल है जिसे बाशा के नाम से जाना जाता है। पुलिस ने इन सभी की जानकारी देने वाले को पांच-पांच लाख रुपये ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विकास कार्यों में और तेजी लायें : मुख्यमंत्री योगी

एनेक्सी भवन में सीएम ने की समीक्षा बैठक, जनशक्ति बढ़ाने के दिये निर्देश

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास परियोजनाओं में जनशक्ति बढ़ाकर काम में तेजी लाई जाए।

योगी सोमवार को गोरखपुर के एनेक्सी भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। बैठक के दौरान आदित्यनाथ ने गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए), नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जल निगम और गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण सहित प्रमुख विभागों में परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। एक आधिकारिक बयान के



अनुसार, योगी ने कहा कि किसी भी परियोजना की गति सुस्त नहीं पड़नी चाहिए। हर परियोजना समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण हो, इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ यह भी जरूरी है कि हर परियोजना के लिए एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट ली जाए। हर परियोजना की जिलाधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी 15 दिन पर समीक्षा करें और परियोजनाओं की प्रगति को लेकर एक निश्चित अवधि पर जनप्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए एक नोडल अधिकारी को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी जाए। नोडल अधिकारी हर सप्ताह की प्रगति की जानकारी जिलाधिकारी को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं की निगरानी करने के लिए जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी होनी चाहिए। अधिकारी समय-समय पर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराएं तथा उनसे मिलने वाले सुझावों पर भी ध्यान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दोषी संजय रॉय को आजीवन कारावास

आरजीकर मामला : परिवार को 17 लाख रुपये का मुआवजा देने के निर्देश

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता स्थित सरकारी आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पिछले साल अगस्त में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार के बाद उसकी हत्या के मामले में शनिवार को दोषी करार दिये गए संजय रॉय को सियालदह की अदालत ने सोमवार को आजीवन कारवास की सजा सुनाई।

सियालदह की अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने शनिवार को रॉय को पिछले वर्ष नौ अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के खिलाफ किये गए जघन्य अपराध के मामले में दोषी ठहराया था। इस घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश फैल गया था और पश्चिम बंगाल में लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन हुए। अदालत ने रॉय पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया और राज्य सरकार को मृतक चिकित्सक के परिवार को 17 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया।



दोषी संजय रॉय को कोर्ट से लेकर जाते पुलिसकर्मी

न्यायाधीश दास ने कहा कि यह अपराध दुर्लभ से दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता, जिससे दोषी को मृत्युदंड दिया जा सके। रॉय को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (बलात्कार), 66 (मृत्यु का कारण बनने की सजा) और 103 (1) (हत्या) के तहत दोषी ठहराया गया था।

न्यायाधीश ने कहा सीबीआई ने मृत्युदंड देने का अनुरोध किया। बचाव पक्ष के वकील ने गुहार लगाई है कि मृत्युदंड के बजाय कारावास की सजा दी जाए, यह अपराध दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है। न्यायाधीश ने कहा कि धारा 64 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा रही है और 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया जा रहा है। न्यायाधीश ने कहा कि जुर्माना अदा न करने पर पांच महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अदालत ने कहा कि धारा 103(1) के तहत रॉय को आजीवन कारावास और 50,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई जाती है और जुर्माना नहीं देने पर उसे पांच महीने अतिरिक्त कारावास की सजा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूसीसी नियमावली को धामी कैबिनेट की मंजूरी

आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर राज्य में लागू हो सकता है कानून




विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने नया इतिहास रचने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए आज बुलायी गयी मंत्रिमंडल की बैठक समान नागरिक संहिता में नियमावली को मंजूरी दे दी गयी है। कैबिनेट से मंजूरी के बाद आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को राज्य में समान नागरिक संहिता कानून लागू करने के मार्ग प्रशस्त हो गया है। बता दें कि मुख्यमंत्री धामी ने राज्य में 26 जनवरी से (समान नागरिक संहिता) यूसीसी लागू करने की घोषणा पूर्व में ही की जा चुकी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार समान नागरिक संहिता कानून की नियमावली में आंशिक संशोधन किए जाने को लेकर शासन स्तर से गठित विशेषज्ञ समिति ने नियमावली को परीक्षण के लिए विधि विभाग को भेज था। ऐसे में विधायी विभाग के परीक्षण के बाद 20 जनवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक आहूत की गयी और यूसीसी नियमावली को मंजूरी दे दी गयी है। वर्तमान समय में नगर निकाय चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। इसके चलते उत्तराखंड शासन ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर मंत्रिमंडल की बैठक करने की अनुमति मांगी थी। लिहाजा राज्य निर्वाचन आयोग से अनुमति मिलने के बाद धामी मंत्रिमंडल की ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ सदन कार्यवाही का स्वायत्त मालिक : महाना (पृष्ठ-02)
❍ भगवान बुद्ध के सन्देश दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत (पृष्ठ-02)
❍ बुनियादी ढांचा के लिए 15 लाख करोड़ की जरूरत (पृष्ठ-14)
❍ अमेरिकी एसईसी की जांच के दायरे में नहीं (पृष्ठ-14)
❍ भरोसे के मामले में भारत तीसरे स्थान पर (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — गरीबों और जरूरतमंदों को मिल रही सर्दी से राहत, पिता की तरह जनसेवा में सक्रिय हैं विराज सागर दास

## जाड़े से निजात दिला रहे डॉ.अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के अलाव

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। डॉ.अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के अलाव सर्द रातों में गरीबों, मजलूमों और जरूरतमंदों का सहारा बने हुए हैं। बहुत से गरीब जाड़े की रात में खुले आसमान के नीचे कांपते- ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। लखनऊ शहर में पूर्व केंद्रीय मंत्री और लखनऊ के पूर्व मेयर डॉ.अखिलेश दास गुप्ता मानव सेवा में सदैव सक्रिय रहते थे। आज ...शेष पृष्ठ 14 पर









राजधानी लखनऊ में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउण्डेशन ने जगह-जगह जलवाये अलाव

## दिल्ली में घुसपैठियों के खिलाफ चलेगा अभियान

एजेंसी

नयी दिल्ली। मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के मद्देनजर उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान के लिए विशेष अभियान शुरू करने का निर्देश दिया है। राज निवास के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

राज निवास से आयुक्त को लिखे पत्र में कहा गया है कि उपराज्यपाल ने खान के साथ हुई गंभीर आपराधिक घटना का उल्लेख किया है, जिसमें एक बांग्लादेशी नागरिक ने कथित तौर पर घर में घुसकर हमला किया। पत्र के अनुसार, 16 जनवरी को खान के मुंबई में स्थित फ्लैट में उन पर चाकू से कई वार करने वाले आरोपी के पास एक फर्जी पहचान पत्र था और वह एक रेस्तरां में काम करता था। उपराज्यपाल के प्रधान सचिव द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि अक्सर दुकानदार और अन्य निवासी निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से कम वेतन पर ऐसे अवैध आप्रवासियों को श्रमिक व घरेलू सहायक के रूप में काम पर रखते हैं। पत्र के अनुसार, उपराज्यपाल ने यह भी पाया है कि संगठित सिंडिकेट और निहित स्वार्थ वाले समूह आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड जैसे जाली ...शेष पृष्ठ 14 पर

# श्रद्धालुओं के अमृत स्नान की लाइफ लाइन बने पीपे के पुल

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ के भव्य आयोजन में पीपे के पुलों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है। विराट आयोजन में संगम क्षेत्र और अखाड़ा क्षेत्र के बीच पीपे के पुल अद्भूत सेतु का काम कर रहे हैं। प्रशासन ने 40 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में

- **40 वर्ग किलोमीटर में फैला महाकुम्भ, 25 सेक्टरों में विभाजित**
- **पीपे के पुल श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन का बने मुख्य साधन**
- **संगम क्षेत्र और अखाड़ों को गंगा नदी के बीच जोड़ते हैं पीपे के पुल**



फैले मेले को 25 सेक्टरों में विभाजित किया है। पीपे के पुल महाकुम्भ का अभिन्न अंग हैं। ये पुल कम रखरखाव वाले होते हैं, लेकिन इनकी 24 घंटे निगरानी जरूरी होती है।

**पीपे के पुल: प्राचीन तकनीक और आधुनिकता का अद्भूत संगम :** लोक निर्माण विभाग के अभियंता आलोक कुमार ने बताया कि पीपे के पुल अस्थायी पुल है। पानी की सतह पर तैरने वाले लोहे के बड़े खोखले डिब्बों (पांटून) के सहारे बनाया जाता है। इन्हें प्रयागराज में आम बोलचाल की भाषा में पीपे का पुल कहा जाता है। महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं को सहज आवाजाही देने के लिए बनाए गए ये पुल न केवल आम नागरिकों बल्कि 13 अखाड़ों की भव्य छावनी प्रवेश और अमृत स्नान, राजसी स्नान के दौरान रथ, हाथी-घोड़े और 1,000 से अधिक वाहनों के आवागमन को भी सुनिश्चित कर रहे हैं।

**15 महीनों में 30 पीपे के पुलों का 2213 पांटून से निर्माण :** अगस्त 2023 में उन्हें इस विराट कार्य की जिम्मेदारी दी गई थी। महाकुम्भ के लिए 30 पीपे के पुलों के निर्माण में 2,213 पांटून (विशाल लोहे के खोखले डिब्बे) का उपयोग किया गया, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इस परियोजना में 1,000 से अधिक मजदूरों, इंजीनियरों और अधिकारियों ने 14-14 घंटे तक काम किया। अक्टूबर 2024 तक इन पुलों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया और मेला प्रशासन को सौंप दिया गया।

**विशाल लोहे के पांटून क्रेनों से नदी में किये गये स्थापित :** गंगा नदी पर 30 पीपे के पुलों का निर्माण महाकुम्भ में अब तक का सबसे बड़ा कार्य है। मेले के समापन के बाद इन पुलों को हटाकर अन्य स्थानों पर संग्रहीत कर दिया जाएगा। मजबूत लोहे की चादरों से बने खोखले पांटून को क्रेन की मदद से नदी में उतारा जाता है। फिर इन पर गर्डर रखकर नट और बोल्ट से सुरक्षित किया जाता है। बाद में हाइड्रोलिक मशीनों से पांटून को सही जगह पर फिट किया जाता है। इसके बाद लकड़ी की मोटी पट्टियों, बलुई मिट्टी और लोहे के एंगल से पुल को और अधिक स्थायित्व दिया जाता है। अंत में पुल की सतह पर चकर्ड प्लेटें लगाई जाती हैं ताकि श्रद्धालुओं और वाहनों के आने जाने के लिए सतह मजबूत बनी रहे।

**पांच टन वजन वाले पांटून कैसे तैरते हैं ? आर्किमिडीज सिद्धांत का कमाल :** एक पांटून का वजन लगभग 5 टन होता है, फिर भी यह पानी में तैरता है। इसका रहस्य आर्किमिडीज के सिद्धांत में छिपा है। पीडब्ल्यूडी अभियंता आलोक कुमार ने बताया, ₹जब कोई वस्तु पानी में डूबी होती है, तो वह अपने द्वारा हटाए गए पानी के बराबर भार का प्रतिरोध झेलती है। यही सिद्धांत भारी-भरकम पांटून को पानी में तैरने में मदद करता है।₹ पुलों की डिजाइन इस तरह बनाई गई है कि यह 5 टन तक का भार सहन कर सकते हैं। यदि इस सीमा से अधिक भार डाला जाए, तो पुल के क्षतिग्रस्त होने या डूबने का खतरा बढ़ जाता है। इसीलिए पुलों पर भीड़ प्रबंधन बेहद जरूरी होता है।

**17.31 करोड़ की लागत से बने 30 पुल, नागवासुकी मंदिर पुल सबसे महंगा :** 30 पीपे के पुलों के निर्माण में 17.31 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इनमें से नागवासुकी मंदिर से झूसी तक बना पुल सबसे महंगा (1.13 करोड़ रुपये) पड़ा, जबकि गंगेश्वर और भारद्वाज पुल की लागत 50 लाख से 89 लाख रुपए के बीच रही।

**ढाई हजार साल पुरानी है पीपे के पुल की तकनीक :** पीपे के पुलों की तकनीक 2,500 वर्ष पुरानी है। पहली बार इनका उपयोग 480 ईसा पूर्व में फारस के सम्राट जर्क्सीस प्रथम (१७ेर क) ने ग्रीस पर आक्रमण के दौरान किया था। चीन में भी झोउ राजवंश (11वीं सदी ईसा पूर्व) के दौरान ऐसे पुलों का उपयोग किया जाता था। भारत में पहला पीपे का पुल अक्टूबर 1874 में हावड़ा और कोलकाता के बीच हुगली नदी पर बनाया गया था। इसे ब्रिटिश इंजीनियर सर ब्रैडफोर्ड लेस्ली ने डिजाइन किया था। यह पुल लकड़ी के पोंटून पर टिका था, लेकिन एक चक्रवात के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। अंततः 1943 में इसे हटाकर प्रसिद्ध हावड़ा ब्रिज बना दिया गया।

**महाकुंभ के बाद पुलों का होगा दोबारा उपयोग :** महाकुंभ 2025 के बाद इन पुलों को अलग कर सुरक्षित स्थानों पर रखा जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, कुछ पुलों को सराइनायत (कनिहार), त्रिवेणीपुरम और परेड ग्राउंड, प्रयागराज में संग्रहित किया जाएगा। वहीं, कुछ को उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में अस्थायी पुलों के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

## मंत्री नन्दी ने एचडीएफसी बैंक की महाकुम्भ शाखा का किया उद्घाटन

**लखनऊ।** देश और दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के लिए महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर-2 कुम्भ मेला ग्राउण्ड परिसर में स्थापित एचडीएफसी बैंक की महाकुम्भ शाखा और बैंक ऑन व्हील सर्विस का सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने फीता काट कर उद्घाटन किया। मंत्री नन्दी ने कहा कि महाकुम्भ मेला क्षेत्र में ही बेहतर बैंकिंग सुविधाएं मिलने से श्रद्धालुओं को काफी आसानी होगी। देश ही नहीं बल्कि विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को एटीएम से पैसा निकालने के साथ ही अन्य बैंकिंग सेवाओं के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। मंत्री नन्दी ने इस सुविधा और सार्थक पहल के लिए बैंक के अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। मंत्री नन्दी ने एचडीएफसी बैंक की जिस बैंक ऑन व्हील सर्विस का उद्घाटन किया बैंक अधिकारियों ने उसके बारे में बताते हुए अवगत कराया कि एचडीएफसी बैंक की इस वैन में ग्राहकों को 24 घंटे बैंकिंग सेवाएं मिलेंगी। महाकुम्भ शाखा के साथ ही बैंक ऑन व्हील में भी ग्राहकों को एटीएम से पैसा निकालने, पैसा जमा करने के साथ ही अन्य बैंकिंग सेवाएं मिलेंगी। जिसके लिए चार-चार कर्मचारियों की पूरी टीम लगाई गई है। बैंक ऑन व्हील के माध्यम से श्रद्धालुओं को 24 घंटे एचडीएफसी बैंक की सभी बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के क्लस्टर हेड अखिलेश शुक्ला, संतोष कुमार सिंह, ब्रांच मैनेजर अभिषेष कुमार सिंह, राहुल तिवारी, अभिनव सिंह, मनीष श्रीवास्तव एवं रामकुमार यादव के अलावा अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# अग्निकांड से प्रभावित श्रद्धालुओं के पुनर्वास की व्यवस्था की जाये : उज्जवल रमण सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर सांसद प्रयागराज उज्जवल रमण सिंह सोमवार को महाकुंभ पहुंचे और बीते रविवार को हुए अग्निकांड के पीड़ितों से मुलाकात की।

उज्जवल रमण अन्य श्रद्धालुओं से

- **महाकुम्भ अग्निकांड का सांसद उज्जवल रमण सिंह ने लिया जायजा**



भी मिले और उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया। मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए से उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि तत्काल अग्निकांड से प्रभावित श्रद्धालुओं के पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अग्निकांड की उच्च स्तरीय जांच हो। मेले में अन्य बदइंतजामियों पर बोलते हुए सिंह ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि दूर दूर से आये श्रद्धालुओं को प्रशासनिक नाकामियों की वजह से तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मेला अधिकारी को निर्देश दिया कि तत्काल प्रभाव से सभी इंतजाम दुरूस्त किए जाएं और झूठे आंकड़ों की बाजीगरी के बजाय जमीनी स्तर पर कार्य किया जाए। आए दिन वीआईपी मूवमेंट से आम श्रद्धालु को आ रही दिक्कत पर सिंह ने कहा कि जिसे भी आना हो वो आम श्रद्धालु की तरह आए ना कि खास बनके ताकि लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उज्जवल रमण सिंह के साथ प्रयागराज के निवर्तमान अध्यक्ष अंशुमान मिश्रा एवं सेवा दल के जिलाध्यक्ष अनुपम श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# सदन कार्यवाही का स्वायत्त मालिक, अध्यक्ष उसका सर्वोच्च निर्णयकर्ताः महाना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/पटना।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सदन अपनी कार्यवाही का स्वायत्त मालिक होता है और अध्यक्ष उसका सर्वोच्च निर्णयकर्ता होता है। संविधान ने पीठासीन अधिकारियों और विधानसभाओं को बहुत अधिकार और शक्तियां प्रदान की है।

- **पटना में शुरू हुए दो दिवसीय 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन उप्र विधानसभा अध्यक्ष हुए शामिल**




पटना में आज से शुरू हुए दो-दिवसीय 85 वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में संविधान की 75वीं वर्षगांठ : संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने में संसद और राज्य विधायी निकायों का योगदान विषय पर उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ताओं ने विधानसभाओं के संचालन के विस्तृत नियम नहीं बनाये थे लेकिन संविधान ने पीठासीन अधिकारियों और विधानसभाओं को परिस्थितियों के अनुसार नियम बनाने और संशोधित करने के अधिकार दिये हैं। हम लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की बात तो करते हैं लेकिन अपने अधिकारों की बात नहीं कर पाते हैं।

महाना ने कहा कि जब हम संविधान के अनुरूप हम सब भारतीय की बात करते हैं, तो इसकी शुरूआत चुने हुए जनप्रतिनिधियों से होती है इसलिए आजादी के 75 वर्ष बाद भी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे संविधान के अनुरूप जनता के अधिकारों और प्रगति को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता ने हमें सदन में जनकल्याण, प्रगति और संरक्षण के लिए भेजा है। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो उत्साहपूर्वक आगे आते हैं लेकिन जिम्मेदारियों के मामले में पीछे रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की रचना के समय तकनीक का अभाव था लेकिन आज के तकनीकी युग में संविधान के मूल स्वरूप और आधुनिक तकनीक के बीच सामंजस्य बनाना अनिवार्य है। महाना ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों की जिम्मेदारी संविधान की मूल भावना को बनाये रखने और इसे जनकल्याण के लिए उपयोग करने की है। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान निमार्ताओं ने वसुधैव कुटुंबकम के तहत देश के विकास की कल्पना की थी। पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का विषय संविधान की 75वीं वर्षगांठः संसद और राज्य विधानसभाओं का संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने में योगदान रखा गया है। यह तीसरी बार है जब बिहार इस महत्वपूर्ण सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इससे पूर्व आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी, बिहार सरकार के मंत्री और विधानमंडल के सदस्य उपस्थित थे।

# अखिलेश के चाचा की आत्मा की शांति के लिए हुआ यज्ञ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा और इटावा जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव उर्फ अंशुल यादव के पिता राजपाल यादव के निधन के बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए सोमवार को सैफई स्थित आवास पर शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों

- **सैफई स्थित आवास पर यादव कुनबे के साथ हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजलि**



लोगों ने आहुति देकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

शांति यज्ञ में अखिलेश यादव के साथ उनकी पत्नी सांसद डिंपल यादव, चाचा शिवपाल सिंह यादव, अभयराम सिंह यादव, डॉ. अजंट सिंह यादव, अनुराग यादव, सांसद धर्मेंद्र यादव, सांसद अक्षय यादव, सांसद आदित्य यादव, विधायक तेजप्रताप सिंह यादव, आर्यन यादव, कार्तिकेय यादव और अर्जुन यादव सहित परिवार के अन्य सदस्य शामिल हुए। शांति यज्ञ का आयोजन केंद्रीय समाज सेवा समिति के आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ किया गया। कार्यक्रम सुबह 8 बजे पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ। इसके बाद 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक हवन संपन्न हुआ, जिसमें आचार्य इंद्रपाल आर्य, रामदेव आचार्य, विनेश शास्त्री, श्याम सिंह, सत्य सिंह, रणवीर सिंह, सत्यप्रकाश और जगराम आचार्य ने विधि-विधान से हवन कराया। हवन के उपरांत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद शांति यज्ञ में शामिल आचार्यों को ब्रह्मभोज कराया गया।

बता दें कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचाजी राजपाल यादव का 9 जनवरी को बीमारी के चलते गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया था। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार सैफई में किया गया था। सोमवार को 11 वें दिन यह शांति यज्ञ आयोजित किया गया। शांति यज्ञ में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें पूर्व राज्य मंत्री रामसेवक यादव, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष चंद्र यादव, पूर्व विधायक सोबरन सिंह यादव, एमएलसी मुकुल यादव, सांसद जितेंद्र दोहरे, आशीष राजपूत, राजवीर सिंह यादव राजकीय ठेकदार नगला तेज, चंदगीराम यादव, प्रदीप यादव आढ़तिया, भारत सिंह खदरी, रामबाबू यादव प्रधान, आनंद बबलू पूर्व प्रधान, सोनू यादव प्रधान, गणेश फौजी और दफेदार सिंह यादव जैसे कई नाम प्रमुख रहे। शांति यज्ञ में शामिल होने के लिए न केवल इटावा और आसपास के जिलों बल्कि पूरे प्रदेश से बड़ी संख्या में लोग सैफई पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, पूर्व सांसद किरनमय नंदा, नेता विरोधी दल विधानसभा माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व सभापति सुखराम यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं एमएलसी राजेन्द्र चौधरी, पूर्व मंत्री एवं विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, विधायक शाहिद मंजूर, विधायक रविदास मेहरोत्रा, विधायक राममूर्ति वर्मा, मैनपुरी जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य, सांसद राजीव राय, पूर्व सांसद कैसर जहां, एमएलसी जासमीर अंसारी, विधायक आशु मलिक, विधायक अखिलेश यादव, विधायक डॉ. रागिनी सोनकर, विधायक पूजा सरोज, विधायक पंकज पटेल, पूर्व एमएलसी, डॉ. राजपाल कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष इटावा अशोक यादव, जिलाध्यक्ष औरैया सर्वेश बाबू गौतम, यश भारती सम्मानित पहलवान राम आसरे यादव समेत विधायकों, सांसदों के साथ हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल रहे।

# प्रत्येक बूथ को जीतने की रणनीति बनाकर करें काम : धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/अयोध्या।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर कार्यकताओं को जीत का मंत्र सौंपा। धर्मपाल सिंह ने

- **भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र**
- **कहा, मिल्कीपुर में बड़े अंतर से जीतेगी भाजपा**



कहा कि प्रत्येक बूथ को जीतने की रणनीति बनाकर काम करना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश व केंद्र की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं एवं ऐतिहासिक निर्णय लेकर हमे हर घर तक पहुंचना है। समग्र परिश्रम से ही चुनाव में जीत सुनिश्चित होती है इसलिए सभी मिलकर योजनाबद्ध होकर बूथ विजय की अभेद्य रणनीति पर काम करें। चुनाव की जीत में बूथ के पदाधिकारी व पन्ना प्रमुखों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। सभी बूथ के पदाधिकारी मतदाताओं से सीधा संवाद और संपर्क सुनिश्चित करें तथा शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी को प्रेरित भी करें। उन्होंने कहा कि मोर्चो, विभाग व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी अपने अपने बूथ पर सक्रियता बढ़ाकर लोगो तक पहुंचे। सभी को अपना बूथ पर विजय दिलाने की जिम्मेदारी निभानी है। इसके लिए प्रत्येक घर हर मतदाता से सम्पर्क करना आवश्यक है। पन्ना प्रमुख अपने क्षेत्र मे आने वाले मतदाताओं से रोजाना किसी न किसी माध्यम से चर्चा अवश्य करें।

# सफाई कर्मी, सफाई कर्मचारी नहीं, स्वच्छता सेनानी हैं : मनोहर लाल खट्टर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर प्रयागराज महाकुम्भ में अपने प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को प्रयागराज नगर निगम के कार्यालय में स्थापित कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया और इसके माध्यम से महाकुंभ मेला क्षेत्र और प्रयागराज

- **केंद्रीय मंत्री ने प्रयागराज नगर निगम में सफाई कर्मियों को किट और ट्रैक सूट देकर किया सम्मानित**
- **केन्द्रीय मंत्री ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण**

शहर की सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोग्राम की व्यवस्था को देखा तथा एआई तकनीकी के माध्यम से स्वच्छता कार्यक्रम की निगरानी का भी जायजा लिया। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों को माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र भेटकर उन्हें सम्मानित किया और उनके कार्यों को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि किसी भी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सफाईकर्मी नींव का पत्थर होते हैं। आज पूरा विश्व दिव्य-भव्य और स्वच्छ महाकुम्भ देख पा रहा है तो इसका सर्वाधिक श्रेय स्वच्छता के वाहक सफाई कर्मचारियों को ही जाता है। उन्होंने कहा कि ये सफाईकर्मी नहीं, बल्कि स्वच्छता सेनानी हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार को प्रयागराज नगर निगम में सफाई कर्मचारियों को माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों को किट और ट्रैक सूट भी वितरित किया। इसके साथ ही प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा और महापौर गणेश केसरवानी के साथ स्मार्ट सिटी बिल्डिंग का दौरा किया। नगर निगम के पार्षदगण के साथ केंद्रीय मंत्री खट्टर, नगर विकास मंत्री एके शर्मा



और महापौर गणेश केसरवानी ने नगर निगम का नवनिर्मित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कंट्रोल रूम देखा। इस दौरान नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने उन्हें कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, शहर की सफाई व्यवस्था, मॉनिटरिंग और कचरा निस्तारण के साथ संचालित एमआरएफ, एआरएफ, बायो सीएनजी और सीएंडडी प्लांट के बारे में जानकारी दी। नगर आयुक्त ने बताया कि प्लांट के जरिए निगम को सालाना 40 लाख रुपए का रेवेन्यू भी प्राप्त हो रहा है। वहीं गीले कचरे का निस्तारण कर सीएनजी बनाया जाएगा। इसका वितरण एओएल और घरों में पाइप के जरिए होगा।

**एआई से स्वच्छता मॉनिटरिंग अचीवमेंट से कम नहीं :** शहर की एआई मॉनिटरिंग और समस्याओं का त्वरित निस्तारण होता देख केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर ने नगर निगम के कार्यों की सराहना की और शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 70 किलोमीटर तक मुख्य सड़कों के दायरे को कवर कर स्वच्छ बनाना काबिल-ए- तारीफ है। शहर में अतिक्रमण, सड़क किनारे पड़े कूड़े, खराब स्ट्रीट लाइट, आवारा पशुओं की निगरानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से की जा रही है। यह अपने आप में अचीवमेंट है। इसके बाद केंद्रीय मंत्री केंद्रीय सर्विस सेल में पहुंचे और वहां पर चल रहे काम-काज की जानकारी ली। इस दौरान नगर विकास मंत्री एके शर्मा और महापौर गणेश केसरवानी ने केन्द्रीय मंत्री को महाकुंभ-2025 का मोमेंटो भेंट किया।

**सफाई व्यवस्था बनाये रखना बड़ी चुनौती:** निरीक्षण के दौरान केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि, दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुंभ प्रयागराज में चल रहा है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा से लेकर हर सुविधा मुहैया करवाई है। इसमें नगर निगम का योगदान काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने निगम के स्वच्छता अभियान की तारीफ करते हुए नगर आयुक्त की

- **नगर विकास मंत्री और महापौर ने केन्द्रीय मंत्री को भेंट किया महाकुंभ-2025 का मोमेंटो**
- **एके शर्मा ने प्रयागराज की बेहतर साफ-सफाई बनाये रखने तथा अलाव जलाने के दिए निर्देश**

पीठ थपथपाई।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि महाकुंभ तीर्थ क्षेत्र के लिए प्रयागराज शहर में दुनिया भर से लोग आ रहे हैं, ऐसे में सफाई व्यवस्था बनाए रखना बड़ी चुनौती है। अब तक 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान कर पुण्य प्राप्त किया।

# भगवान बुद्ध के सन्देश पूरी दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत हैं : केशव मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भगवान बुद्ध, त्याग, तपस्या, सेवा और समर्पण का पर्याय हैं। आज पूरा विश्व महात्मा बुद्ध के विचारों पर चलने की अपील कर रहा है। पूरा संसार भारत को शांतिप्रिय एवं सद्भावना का दूत मानता है। तथागत भगवान बुद्ध के जीवन और दिखाए गए सत्य, अहिंसा, प्रेम व करुणा के मार्ग से विश्व- शांति एवं राष्ट्र- निर्माण की प्रेरणा दुनिया को हमेशा मिलती रहेगी। केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को वज्र विद्या इंस्टीट्यूट खजुही सारनाथ वाराणसी के 25 वीं वार्षिक काग्यू शीतकालीन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

उन्होंने भगवान बुद्ध जी की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। कहा कि भगवान बुद्ध की इस पावन धरा को प्रणाम करता हूँ। सारनाथ को प्रारम्भ से ज्ञान, शान्ति और अध्यात्मिक चिन्तन के लिये जाना जाता है। व्रज विद्या संस्थान मठीय महाविद्यालय है जो उच्च बौद्ध दर्शन का प्रशिक्षण प्रदान करता है। विश्व शान्ति की कामना के उद्देश्य से व्रज विद्या संस्थान द्वारा जो कदम उठाया गया है वह सराहनीय है। व्रज विद्या संस्थान द्वारा बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार व शिक्षण संस्थानों के रूप में शिक्षा प्रदान करायी जा रही है। व्रज विद्या संस्थान दूरगामी सोच के रूप में बौद्ध के सन्देश को जन-जन तक पहुँचा रहा है। मौर्य राजवंश के चक्रवर्ती सम्राट अशोक ने स्थापित बौद्ध पन्थ के स्तम्भ एवं शिलालेख स्थापित किये। वह बौद्ध धर्म के अनुयायी थे। देश और विदेश के पर्यटक लाखों की संख्या में हर साल सारनाथ दर्शन करने के लिए आते हैं। जनपद वाराणसी के सारनाथ धाम स्थित वज्र विद्या इंस्टीट्यूट में 25वीं वार्षिक काग्यू शीतकालीन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि व्रज विद्या संस्थान द्वारा बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार व शिक्षण संस्थानों के रूप में शिक्षा प्रदान करायी जा रही है।

संक्षेप

## मवेशी के हमले में वृद्ध घायल, रेफर

**प्रतापगढ़।** मवेशी के हमले में वृद्ध गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। सांगीपुर थाना के रीठी कोठा नेवढ़िया निवासी तुलसीराम वर्मा 65 पुत्र रामधनी सोमवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे घर से गेहूं के खेत से नीलगाय भगाने गये थे। इसी बीच नीलगाय के झुण्ड ने वृद्ध.पर हमला बोल दिया। हमले मे तुलसीराम गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजन इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी ले गये। प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर दशा में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## डेरवा टीम को मिला विजेता कप

**प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर ब्लाक के हरिहरपुर कैलहा में क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में आरके स्पोर्टिंग क्लब डेरवा की टीम को विजेता कप हासिल हुआ। वहीं उप विजेता फूलपुर टीम रही। क्षेत्र पंचायत सदस्य रहीश ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। इस मौके पर खालिद, राधेश्याम वर्मा, प्रदीप वर्मा, अखिलेश, महेन्द्र वर्मा आदि रहे।

## महाकुंभ नगर में फिर लगी आग

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ नगर स्थित सेक्टर 19 में रविवार को आग लगने की बड़ी घटना के अगले दिन सोमवार को सेक्टर 16 में किन्नर अखाड़ा के सामने श्री हरि दिव्य साधना पीठ, प्रतापगढ़ के शिविर में सुबह आग लग गई जिसे स्थानीय लोगों ने पानी और बालू डालकर बुझा लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल केंद्र अन्न क्षेत्र के अंतर्गत लगे टॉवर पर तैनात कर्मियों को सुबह साढ़े नौ बजे किन्नर अखाड़े के सामने धुआं उठता दिखा और इसकी सूचना नियंत्रण कक्ष को दी गई। उन्होंने बताया कि इस सूचना पर क्षेत्र में भ्रमण कर रहे अग्निशमन वाहन को तत्काल मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने कहा कि श्री हरि दिव्य साधना पीठ प्रतापगढ़ संगम लोअर मार्ग पर आग लगी थी जिसे वहां उपस्थित लोगों ने बालू और पानी से पहले ही बुझा लिया था। निरीक्षण में पाया गया एक टेंट मे आग लगी थी और किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि रविवार को सेक्टर 19 में एक शिविर में पुआल में लगी आग तेजी से फैल गई थी और इसकी चपेट में आकर करीब 18 शिविर खाक हो गए थे। गीता प्रेस और अखिल भारतीय धर्म संघ द्वारा कल्पवासियों के लिए लगाए गए इस शिविर में आग बुझाने में करीब 15-16 गाड़ियां लगाई गई थीं।

## प्रेमी युगल ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

**गाजियाबाद।** जिले में मुरादनगर इलाके के हिसाली गांव के पास रेलवे क्रॉसिंग से थोड़ी दूरी पर एक युवा जोड़े ने कथित तौर पर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीण क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त एसएन तिवारी ने बताया कि मृतकों की पहचान सागर (21) और विशाखा (19) के रूप में हुई है, जो मोदीनगर थाना क्षेत्र के सिंकरी खुर्द गांव के मूल निवासी और पड़ोसी हैं। डीसीपी तिवारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि युगल प्रेम संबंध में थे और शादी करना चाहते थे, लेकिन उनके माता-पिता ने विवाह को मंजूरी नहीं दी। दोनों को आखिरी बार रविवार को दोपहर करीब दो बजे एक पार्क में साथ बैठे देखा गया था और आज सुबह करीब आठ बजे रेलवे पटरी के पास उनके शव बरामद किए गए।

# महिलाओं व बालिकाओं को पुलिस कर रही जागरूक



- महिला बीट अधिकारी ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का कर रहे निस्तारण
- शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त

**बलरामपुर।** महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैंड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 व सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्राविधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

# फरियादियों की संतुष्टि ही समस्या का समाधान : जिलाधिकारी

- समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनीं शिकायतें, 373 में दस का हुआ निस्तारण

**प्रतापगढ़।** तहसील सभागार में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में सोमवार को डीएम शिवसहाय अवस्थी व एसपी डॉ. अनिल कुमार ने शिकायतों की सुनवाई की। समाधान दिवस में नवागांतुक डीएम का सख्त तेवर देख मातहतों के चेहरे पर हवाईयां उड़ती दिखीं। वहीं नये डीएम के लालगंज में पहले समाधान दिवस में फरियादियों की लम्बी कतार लगी दिखी। फरियादियों को डीएम व एसपी एक एक कर सुन रहे थे। नतीजन समाधान दिवस में फरियादियों की लाइन सभागार से लेकर बाहर बरामदे तक लगी नजर आयी। कुल तीन सौ तिहत्तर शिकायतों में अफसरो ने दस का निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायत राजस्व विभाग की एक सौ सतहत्तर, पुलिस विभाग चालीस, विकास बाइस, समाज कल्याण तीन, बेसिक शिक्षा एक, विद्युत विभाग इक्तीस, आपूर्ति विभाग छः व अन्य विभागों की तिरान्नवे शिकायतें रहीं। नगर में मच्छरों से निजात दिलाने के लिए फागिंग न कराए जाने पर डीएम शिवसहाय अवस्थी ने ईओ अभय रंजन को कड़ी फटकार लगायी। शिकायती पत्र पर एक लेखपाल द्वारा दो आख्या देख भी डीएम भड़क उठे। उन्होनें एसडीएम को लेखपालों की आख्या की समीक्षा के कडे.निर्देश दिये। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने विभागीय शिकायतों की सुनवाई की। कई प्रार्थना पत्रों पर मौके की जांच न करने की शिकायत मिलने पर एसपी का भी पारा चढ़ गया। एसपी ने एक एक थानाध्यक्षों को तलब कर लापरवाही पर जमकर डांट फटकार लगायी। डीएम शिवसहाय अवस्थी ने समाधान के बाद शिकायतों की समीक्षा करते हुए मातहतों की हिदायत दी कि शिकायत का समाधान फरियादियों की संतुष्टि होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि वह समाधान की समीक्षा के समय लापरवाही पाये जाने पर जिम्मेदार अफसर के खिलाफ बेहिचक कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करायेंगे। जगन्नाथपुर गांव में एक ईट भटठे के संचालन में अनियमितता को लेकर लालगंज निवासी आशीष जायसवाल ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपा। सराय जगत सिंह निवासी दीपक पाण्डेय ने चोरी की घटना में कार्रवाई न होने पर एसपी को शिकायती पत्र दिया। इस मौके पर सीडीओ डॉ. दिव्या मिश्रा, एसडीएम नैंनसी सिंह, सीओ रामसूरत सोनकर, डीसी मनरेगा अश्विनी सोनकर आदि मौजूद रहे।

# समस्याओं को लेकर वकीलों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**प्रतापगढ़।** साथियों की समस्याओं के समाधान न होने तथा पूर्ति निरीक्षक कार्यालय में अनियमितताओं समेत विभिन्न मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने सोमवार को डीएम को ज्ञापन सौंपा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा महामंत्री सूर्यकांत निराला की अगुवाई में वकीलों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर उदयपुर थाना क्षेत्र के अधिवक्ता रामछबीले यादव तथा अंकुर त्रिपाठी पर प्राणघातक हमले में आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग उठाई। पूर्ति निरीक्षक कार्यालय के तहसील परिसर में आवंटित कक्ष में संचालन न होने पर वकीलों ने नाराजगी जतायी। रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सभागार के बगल जन शौचालय में गंदगी को लेकर डीएम से प्रशासनिक लापरवाही पर कार्रवाई की मांग की। डीएम शिवसहाय अवस्थी ने अधिवक्ताओं को बिंदुवार समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। वहीं रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अगुवाई में वकीलों ने नये डीएम शिवसहाय अवस्थी व एसपी डॉ. अनिल कुमार को बुकें भेंटकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल, उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, देवी प्रसाद मिश्र, मनोज शुक्ला, लाल अंकित सिंह, रामकुमार पाण्डेय, प्रमोद सिंह, अनिल शर्मा आदि अधिवक्ता रहे।

## मुठभेड़ के बाद पांच बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने सोमवार सुबह मुठभेड़ की दो अलग-अलग घटनाओं के बाद पांच शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि 20 जनवरी की सुबह सेक्टर 92 की लाल बत्ती के पास जांच कर रही फेज-दो थाने की पुलिस ने एक संदिग्ध को मोटरसाइकिल से आते हुए देखा। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो वह भागने लगा। उन्होंने बताया कि पुलिस से घिरा पाकर बदमाश ने पुलिसकर्मियों पर गोली चलाई, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोलीबारी की। पुलिस की जवाबी कार्वाई में बदमाश घायल हो गया। अवस्थी ने बताया की बदमाश की पहचान बुलंदशहर जिले के अनूपशहर निवासी ललित (30) के रूप में हुई है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बदमाश के पास से एक देसी तमंचा, कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। उसके खिलाफ पूर्व में 17 मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह चोरी और लूटपाट की वारदातों को अंजाम देता था। वहीं, मुठभेड़ की एक अन्य घटना में सेक्टर 24 की पुलिस ने पेंट की दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी करने के आरोपी चार बदमाशों को सोमवार तड़के मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम रामबदन सिंह ने बताया कि सेक्टर 24 थाने की पुलिस रविवार रात को जब सेक्टर 54 के टी पॉइंट पर जांच कर रही थी, तभी उन्हें कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधि दिखी। पुलिस ने जब उनसे पूछताछ का प्रयास किया तो वे पुलिसकर्मियों पर गोलियां चलाते हुए भागने लगे। उन्होंने बताया कि जबाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से इनमें से एक बदमाश घायल हो गया। डीसीपी ने बताया कि मुठभेड़ के बाद चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि बदमाशों के पास से पुलिस ने देसी तमंचा, कारतूस, चाकू, 40 हजार रुपये नकद, चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार आदि बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में चोरी की कई वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वे नेपाल के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश जाहर सिंह ने पूछताछ में खुद को नेपाल के बाजुरा जिले का निवासी बताया।

# डीएम के निर्देशन में एसपी व सीडीओ ने फरियादियों की सुनी शिकायतें



- गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों के निस्तारण का दिया निर्देश

**बलरामपुर।** जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी निराकरण हेतु डीएम पवन अग्रवाल के निर्देशन में तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक एवं सीडीओ द्वारा शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया एवं कतिपय शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने को निर्देशित किया गया। भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान फरियादियों द्वारा 35 प्रार्थना पत्र दिए गए जिसमें से मौके पर 02 प्रार्थनापत्रों का निस्तारण किया गया।

इस दौरान एसडीएम बलरामपुर संजीव कुमार यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें। वहीं तुलसीपुर संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान फरियादियों द्वारा 26 प्रार्थना दिए गए जिसमें से मौके पर 04 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया, जबकि उतरौला संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम अवधेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान फरियादियों द्वारा 21 प्रार्थना पत्र दिए गए जिसमें से 02 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ की मांग को लेकर जागरूकता अभियान



**प्रयागराज।** श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित कराए जाने की मुहिम को लेकर महाकुम्भ क्षेत्र में जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। समिति के राष्ट्रीय संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं को धार्मिक ग्रन्थ प्रदान कर नियमित पूजन अर्चन पर जोर दिया। वहीं कुम्भ क्षेत्र में शिविरों में धमार्चार्यो से भी समिति के पदाधिकारियों ने पत्रक सौंपकर अभियान को मंगलाशीष देने की प्रार्थना की। समिति के राष्ट्रीय संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सेक्टर बीस के वेदान्त सत्संग आश्रम शिविर में महामण्डलेश्वर स्वामी अभयानन्द सरस्वती जी महराज व सेक्टर सात में भागवताचार्य पं. देवव्रतजी महराज तथा सेक्टर बारह में स्वामी जितेन्द्र तिवारी जी महराज से मिलकर समिति के अभियान की रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होने कहा कि श्रीरामचरितमानस एवं श्रीमदभागवतगीता तथा श्री बाल्मीकि रामायण के सनातन ग्रन्थों के अपमान पर नई भारतीय दण्ड संहिता में इसे राजद्रोह का अपराध घोषित किया जाय। वही केन्द्र सरकार श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित करने के लिए संसद में विधेयक के जरिए कानून पारित कराये। वहीं श्रीरामचरितमानस राष्ट्रीय ग्रन्थ संरक्षा अभियान समिति की सोमवार को हुई बैठक में महाकुंभ में आकस्मिक आगजनी के तहत जनहानि न होने पर मां गंगा मईया की अनुकम्पा को नमन किया गया। अभियान में समिति के महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश, प्रवक्ता विकास मिश्र, पीठाधीश्वर विपिन शुक्ल, दिनेश सिंह, पं. शिव नारायण शुक्ल आदि रहे।

# महंगाई तथा आम आदमी की सुरक्षा में भाजपा सरकार है विफल : सपा सांसद

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने सोमवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर जनसमस्याओं की सुनवाई की। उन्होनें लालगंज तथा रानीगंज कैथौला में पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात भी किया। जिले के सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने स्थानीय लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में जनसमस्याओं की सुनवाई की। उन्होनें यहां शिकायतकताओं की समस्या की सुनवाई करते हुए इनके शीघ्र निस्तारण कराए जाने की बात कही। निरीक्षण गृह में उन्होने पार्टी कार्यकताओं व पदाधिकारियों से भी मुलाकात की। सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने कार्यकताओं से कहा कि वह भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मुखर अभियान में तेजी लायें। उन्होनें कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार मंहगाई तथा आम आदमी की सुरक्षा के क्षेत्र में पूरी तरह विफल है। इसके बाद सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने रानीगंज कैथौला बाजार में भी व्यापारियों तथा कार्यकताओं से मुलाकात की। इस मौके पर जिपंस राम सुंदर पटेल, प्रतिनिधि बीएल वर्मा, टीपी यादव, रामधन यादव, वीरू सरोज, भइयाराम पटेल, जितेन्द्र पटेल, जितेन्द्र सिंह, प्रकाशचंद्र उपाध्याय, रोशन लाल सरोज, सोनू पासी, राजू यादव, राजेश यादव, अभिषेक यादव आदि मौजूद रहे।

## प्रेमिका से शादी के लिए अपनाया हिंदू धर्म

**बस्ती।** अपनी प्रेमिका से शादी करने के लिए एक मुस्लिम युवक (34) ने हिंदू धर्म अपना लिया और अपना नाम सद्दाम से बदलकर शिवशंकर सोनी रख लिया। पुलिस ने बताया कि युवक का युवती से पिछले 10 वर्षों से प्रेम संबंध था। कोतवाली थाने के प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि तीन दिन पहले महिला ने थाने में सद्दाम और उसके परिजनों के खिलाफ दुष्कर्म, जबरन गर्भपात कराने, शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया था। अब दोनों ने अपनी मर्जी से शादी कर ली है। पुलिस के मुताबिक, नगर बाजार निवासी सद्दाम हुसैन का गांव की ही 30 वर्षीय महिला से करीब 10 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। चूंकि दोनों अलग-अलग धर्म के थे, इसलिए शादी संभव नहीं थी। उन्होंने बताया कि लड़की ने कई बार उस पर शादी के लिए दबाव डाला, लेकिन सद्दाम का परिवार उसे स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं था। इससे परेशान होकर युवती ने तीन दिन पहले बस्ती के पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर सद्दाम पर दुष्कर्म करने, जबरन गर्भपात कराने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। सिंह ने बताया कि एसपी के आदेश पर पुलिस ने सद्दाम और उसके परिवार के खिलाफ नगर थाने में मामला दर्ज कर लिया है।

## महाकुंभ में स्तन कैंसर की जांच के लिए मौजूद है मां अमृतानंदमयी मठ की बस

**महाकुंभ नगर।** प्रयागराज में साधु-संतों और श्रद्धालुओं के धार्मिक रीति रिवाजों के बीच एक ऐसी बस मौजूद है जिसमें महिलाओं में स्तन कैंसर की जांच की जा रही है और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। सेक्टर छह में लगे मां अमृतानंदमयी मठ के विशाल शिविर के सामने खड़ी गुलाबी रंग की यह बस सभी का ध्यान आकर्षित करती है। केरल के इस मठ ने मेले में और एक बस भेजी है जिसमें ऑपरेशन और इलाज की सुविधाएं मौजूद हैं।

मां अमृतानंदमयी मठ से जुड़े संत ब्रह्म ऋषि एकनाथ ने बताया कि स्तन कैंसर की जांच मैमोग्राफी की सुविधा वाली यह बस चार करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गई है जिसमें जांच के लिए सभी उपकरण मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि 40 वर्ष की उम्र के बाद महिलाओं में स्तन कैंसर की आशंका अधिक रहती है लेकिन ज्यादातर महिलाएं संकोच के कारण जांच नहीं कराती हैं जिससे यह भयावह रूप ले लेता है। इसलिए अम्मा ने महिलाओं के लिए पहली बार महाकुंभ में यह बस भेजी है। वर्ष 2022 में फरीदाबाद में इस बस का उद्घाटन किया गया था। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, मां अमृतानंदमयी ने इस मेले के लिए एक चलते फिरते मिनी अस्पताल वाली बस भी भेजी है। इस बस में एक्सरे की सुविधा, पैथोलॉजी लैब, छोटे मोटे ऑपरेशन और इलाज की सुविधा उपलब्ध है। इस बस को सैटेलाइट के माध्यम से मुख्य अस्पताल से जोड़ा गया है ताकि फरीदाबाद के विशेषज्ञ डाक्टर वहीं से परामर्श दे सकें। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, फरीदाबाद और कोच्चि से 50 पैरामेडिकल स्टाफ आया है जो इस शिविर और मेले में बने अस्पताल में सेवा देगा। बड़ी संख्या में लोग यहां इलाज के लिए आ रहे हैं और सारी दवाइयां खत्म होने के बाद दोबारा दवाइयां मंगानी पड़ी हैं।

## भगवान का जन्म धर्म के शंखनाद का उत्सव



**प्रतापगढ़।** नगर के संगम चौराहे के समीप हो रही श्रीमदभागवत कथा में सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। वृंदावन धाम से पधारे कथाव्यास पं. जगदीप तिवारी जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म धर्म के शंखनाद का उत्सव है। उन्होने कहा कि भगवान ने जन्म के समय ही ऐसी लीला किया कि जगत में नीति और नैतिकता का प्रकाश फैल उठा। कथाव्यास पं. जगदीप तिवारी जी ने श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान ज्ञान तथा वैराग्य और मोक्ष के साक्षात पथ प्रदर्शक हैं। ज्ञान और वैराग्य तथा जीवन की सम्पूर्णता का एक मात्र साधन सच्चे मन से हरे कृष्ण हरे राधे का निर्मल जाप है। उन्होनें कहा कि जीव को लोक सुधारने के लिए तो चिन्तित रहना ही चाहिए उसे अपने आचरण से परलोक में भी सदगति की प्राप्ति की कामना करनी चाहिए। कथा के दौरान भगवान के स्तुति भजनों को सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथा के संयोजक समाजसेवी जगदीश द्विवेदी व विमला देवी तथा देवीदयाल द्विवेदी ने व्यासपीठ का वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजन अर्चन किया। सह संयोजक अधिवक्ता मुकेश द्विवेदी ने कथाव्यास का सारस्वत सम्मान किया। इस मौके पर रामलोचन त्रिपाठी, डॉ. रामसमुझ मिश्र अकेला, सुमित त्रिपाठी वत्सल, संतोष मिश्र, राजकुमार बरनवाल, नितेश द्विवेदी, हरिओम मिश्र, अर्चना त्रिपाठी, मीना, अभिषेक द्विवेदी, दिनेश सिंह, अनिल त्रिपाठी महेश आदि रहे।

## सतचण्डी महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

**प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर क्षेत्र के सिंधौर गांव के डण्डीपुरम मे सात दिवसीय सतचण्डी महायज्ञ में सोमवार को श्रद्धालुओं को भावविभोर देखा गया। देवी मां की आराधना के साथ हुई आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। आचार्य पवन मिश्र ने श्रद्धालुओं को बताया कि जहां पर यज्ञ हुआ करता है वहां की वायु शुद्ध हो जाया करती है। उन्होनें कहा कि यज्ञ के अनुष्ठान में बुद्धि और बल का पराक्रम बढ़ता है। संयोजक उदयराज वर्मा व छेदीलाल वर्मा ने वेदीपूजन किया। इस मौके पर कल्लू वर्मा, राजेश वर्मा, सुभाष वर्मा, कौशलेश विश्वकर्मा, महीप सिंह, शिवशंकर तिवारी, धर्मेन्द्र गिरि आदि रहे।

## न्यायिक आयोग आज करेगा संभल दंगे की सुनवाई

**संभल।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संभल दंगों की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग 21 जनवरी को यहां दौरा करेगा और मामले की सुनवाई करेगा। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। संभल में 24 नवंबर को हुए दंगों के मामले में जांच के लिए राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था, जिसने एक दिसंबर को जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के साथ संभल की शाही जामा मस्जिद समेत दंगा प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया था। बयान के अनुसार अब 21 जनवरी को न्यायिक आयोग के सदस्य संभल के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में लोगों से लिखित बयान लेंगे। संभल दंगों से संबंधित न्यायिक जांच आयोग लखनऊके सचिव सोहन लाल के हवाले से जिला सूचना विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि संभल दंगों पर 11 दिसंबर को त्रिस्तरीय न्यायिक आयोग का गठन किया गया था, जिस पर लोगों से बयान दर्ज कराने के लिए सूचना भी प्रकाशित हुई लेकिन अभी तक कोई बयान नहीं मिला है।

# महाकुंभ में आगजनी की घटना चिंताजनक

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने सीमा सुरक्षा के क्षेत्र में केन्द्र की भाजपा सरकार को बताया असफल



**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने महाकुंभ में हुई भीषण आगजनी में ढ़ाई सौ से अधिक कॉटेज के राख होने को गंभीर चिन्ता व परेशानी का विषय करार दिया है। उन्होने सेक्टर उन्नीस में गीता प्रेस के शिविर समेत विभिन्न कॉटेज में आगजनी की इस घटना को सरकार के महाकुंभ में हर दृष्टिकोण से अभेदय सुरक्षा के दावे की कमजोरी कहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सरकार से कहा है कि वह आगजनी से प्रभावित शिविरों का तत्काल पुर्नवास कराए। वहीं उन्होने प्रतापगढ़ समेत पांच श्रद्धालुओं के जख्मी होने पर इन सभी की बेहतर सरकारी चिकित्सा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया है। उन्होनें कहा कि यह घटना देश विदेश से महाकुंभ में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की आस्था तथा विश्वास और सनातन संस्कृति की सुरक्षा के लिए भी सरकारी प्रबन्धों की समीक्षा का एक बड़ा मुददा उजागर कर गया है। वहीं कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने असम में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर भी भाजपा पर तगड़ा हमला बोला है। उन्होनें कहा कि राहुल गांधी ने विपक्ष के धर्म का पालन करते हुए केन्द्र सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का सवाल उठाया है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी संविधान और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायतता की रक्षा की आवाज उठा रहे हैं। उन्होने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज हो रही एफआईआर से बेपरवाह कांग्रेस देश में संविधान और संवैधानिक संस्थाओं के मोदी सरकार के दुरूपयोग के विरूद्ध संघर्ष को मजबूती के साथ जारी रखेगी। बांग्लादेश के एक घुसपैठिये के सीमा में प्रवेश तथा एक निजी कारोबारी क्षेत्र में नौकरी को लेकर भी राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी को दोषी करार दिया। उन्होनें कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की रखवाली की पूरी जिम्मेदारी भाजपा की केन्द्र सरकार की है। उन्होने सवाल उठाया कि सीमा से बांग्लादेशी आखिर देश के अंदर कैसे दाखिल हुआ और कैसे वह व्यापारिक प्रतिष्ठान पर लम्बे समय तक नौकरी करता रहा? राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि इसका जबाव सीधे तौर पर मोदी सरकार को देना चाहिए। उन्होने कहा कि बांग्लादेशी का देश के अंदर रहना और फर्जी अभिलेखों के सहारे नकली नागरिकता के साथ महाराष्ट्र के नामी शहर पुणे में कपड़े की दुकान पर बेरोकटोंक नौकरी करना सीमा सुरक्षा के लिए चिंताजनक है। वहीं उन्होनें कहा कि केन्द्र की मौजूदा भाजपा सरकार और महाराष्ट्र की भाजपा सरकार को भी इसके लिए दोषी करार देते हुए इन्हें भी राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में लापरवाही के लिए सह अभियुक्त बनाया जाना चाहिए। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का बयान यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सोमवार को यहां निर्गत किया है।



संक्षेप

## आयोग सदस्य महिलाओं की समस्या सुनेंगी

**इटावा।** जनपद की समस्त महिलाओं के लिए एक विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह ने जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं की समस्याओं के समाधान हेतु यह जनसुनवाई आयोजित की जाएगी।यह जनसुनवाई 22 जनवरी सुबह 11 बजे तहसील भरथना के सभागार कक्ष में आयोजित होगी। पीड़ित महिलाएं ससमय उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को माननीय सदस्य के समक्ष प्रस्तुत कर सकती हैं।महिलाओं की समस्याओं के निराकरण के इस महत्वपूर्ण प्रयास में सभी महिलाएं भाग लें और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आगे आएं।

## दुर्घटना में तीन घायल

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानो पर हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोग हुए गंभीर रूप से घायल। सूचना पर पहुँची पुलिस ने सभी घायलो को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल भिजवाया। गंभीर हालत को देखते हुए स्थानीय चिकित्सक ने इलाज करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बकेवर कस्बा के औरैया रोड पर अम्बेडकर पार्क के समीप ई-रिक्शा चालक गैस गोदाम से गैस सिलेंडर लेकर एजेंसी आ रहा था तभी अम्बेडकर पार्क के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार ने सामने से ई-रिक्शा में सामने से टक्कर मार दी जिससें ई-रिक्शा चालज उमेश पुत्र विद्याराम निवासी नगला ख्याली गम्भीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस घायल ई-रिक्शा चालक को लोगों की मदद से एम्बुलेंस के माध्यम से रामाधीन पच्चास शैया चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल के लिऐ रेफर कर दिया। दूसरी सड़क दुर्घटना सोमवार की दोपहर इटावा से औरैया की ओर जा रहे वाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के सिक्स लेन भरथना ओवर बिज्र के समीप पहुँचे कि तभी वाइक चालक का संतुलन बिगड गया और वाइक असंतुलित होकर डिवाइडर में जा टकराई जिससे वाइक सवार सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल वाइक सवार तरूण पुत्र अजय निवासी ग्राम सेमराव जनपद फिरोजाबाद व नमन पुत्र सत्यवीर निवासी ग्राम बॉथ इटावा को 50 शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया जहाँ चिकित्सक ने इलाज करने के बाद गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## मनरेगा में अनियमितता का लगाया आरोप

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** विकास खंड सरदार नगर के ग्राम सभा अवधपुर में मनरेगा योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आया हैं। ग्रामवासी जय हिंद पासवान ने तहसील दिवस पर मनरेगा के तहत हो रहे धांधली से संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है। शिकायतकर्ता जयहिंद ने,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि (प्रधान पति) पर मनरेगा योजनाओं में फर्जीवाड़ा कर बिना काम कराए अपने सगे-संबंधियों के खातों में धनराशि भेजी जाने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि कई जगहों पर काम जेसीबी से कराया गया,। लेकिन मजदूरी के नाम पर भुगतान दशार्या गया है। चारागाह की जमीन पर कथित पोखरा दिखाकर सफाई कार्य के लिए पैसे निकाले गए, जबकि गांव में कोई पोखरा मौजूद नहीं है। इतना ही नहीं उन्होंने रेलवे बाउंड्री से सूर्यनाथ के खेत तक जेसीबी से काम, भुगतान मनरेगा के तहत, कराने,श्यामबिहारी के घर से ओम प्रकाश के खेत तक तथा अन्य चकरोड निर्माण में अनियमितता करने,इंटरलॉकिंग कार्य में अधिक राशि निकालने ,गांव में लाइट लगाने के नाम पर मोटी रकम हड़पने आदि से संबंधित आरोप लगाया है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र मो. निहाल के गलत कृत्यों से क्षुब्ध होकर उसको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **मो. नियाज पुत्र मो. रशीद नि.- 454/60/7 काशी विहार, हनुमान मन्दिर के पास दौलतगंज, जनपद लखनऊ।**

# सीएम ने हाथी रेस्क्यू सेंटर का किया लोकार्पण



**गोरखपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर के शहीद अशफॉक उल्ला खां प्राणी उद्यान में हाथी रेस्क्यू सेंटर व तितली उद्यान का लोकार्पण किया। तो वही बाघ एवं भेड़ियों को बाड़े में छोड़ने के बाद पीलीभीत टाईगर रिजर्व से लाये गये आदमखोर बाघ को केसरी एवं बहराइच से लाए गए भेड़ियो के जोड़ें का भैरव तथा भैरवी के रूप में नामकरण किया। तथा काफी टेबल बुक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर के अमर शहीद अशफांक उल्ला खां प्राणी उद्यान में अनेक कार्यक्रमों के साथ जुड़ने का अवसर पर प्राप्त हुआ है। जिसमे एक हाथी रेस्क्यू सेन्टर का भी शुभारम्भ किया गया है। हाथी जिसका नाम गंगा है उसके लिए एक बड़ा रेस्क्यू सेन्टर बना है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा यहां पर कुछ अन्य कार्यक्रम भी किये गये है। इस प्राणी उद्यान में दर्शको को देखने के लिए टाइगर भी है आज उसको भी यहां पर छोड़ा गया है कुछ महीने पूर्व बहराइच में मानव एवं बच्चो पर हमला करने वाले दो भेड़ियों को भी रेस्क्यू कर इस चिड़िया घर में लाया गया है उन्हे भी आज छोडा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 121 एकड़ क्षेत्रफल में यह पूरा प्राणी उद्यान बना है। इस प्राणी उद्यान में 350 से अधिक प्राणी जिसमें पशु पक्षी एवं अन्य प्रकार के जीव है। उन्होंने कहा कि यहा पर हर प्रकार के प्राणी यहां आ चुके है। उन्होने ने कहा कि यदि किसी भी जानवर के साथ अच्छा व्यवहार रखें वह बहुत आसानी के साथ आपके पास आना चाहता है। प्रकृति के साथ तालमेल बैठाकर ही हम लोग संतुलन बनाये रख सकते है। प्रकृति या पर्यावरण के साथ साथ वन्य जीवों, पशु पक्षियों के साथ हमारा व्यवहार अच्छा, संवेदनशील, पर्यावरण के अनुकूल है तो पर्यावरण हमें जीने के लिए उत्तम वातावरण देता है। डबल इंजन की सरकार ने इसके लिए अनेक कार्यक्रम प्रारम्भ किये है। केन्द्र और राज्य सरकार इसे आगे बढ़ा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 7 से 8 वर्षो के अन्दर सरकार ने जो प्रयास किया है उसमें 100 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण किया गया है जिसका परिणाम है कि उप्र में वन का आच्छादन बढ़ा है लगातार इसमें वृद्धि हो रही है। उकैम्पियरगंज में जटायु संरक्षण का केन्द्र भी बन रहा है। उन्होंने कहा कि यहां पर जल्द ही हार्टीकल्चर एण्ड फारेस्टिक का एक सेन्टर यूनिवर्सिटी के रूप में स्थापित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की आवश्यकता है कि नई पीढ़ी को पता लगे कि पर्यावरण का महत्व क्या है। पर्यावरण के लिए जो कारक खतरनाक, दुश्मन है उनसे परहेज करना होगा, जिससे वर्तमान पीढ़ी और आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रहे। सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरी तरह वैन करना, उसका उपयोग न करना, उससे मुक्ति प्राप्त करना ही पर्यावरण को बचायेगा।

## प्रेमिका व उसके परिजनों की प्रताड़ना से तंग आकर राजा ने की थी खुदकुशी



- वीडियो वायरल, मुकदमा दर्ज
- भाई ने पुलिस को तहरीर देकर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**गगहा, गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के भैसहां गांव निवासी राजा की संदिग्ध परिस्थितियों में चार दिन पहले हुई मौत के मामले में एक नया मोड़ आ गया है। राजा की मौत के दो दिन बाद उसके मोबाइल में मिले एक वीडियो में राजा अपनी प्रेमिका व उसके परिजनों की प्रताड़ना से तंग आकर जीवन की इहलीला समाप्त कर देने की बात कह रहा था। जिसके बाद मृतक के भाई सत्येंद्र यादव पुत्र जगतनारायण यादव गगहा पुलिस को तहरीर देकर आधा दर्जन से आधिक लोगों पर अपने भाई राजा यादव को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित सत्येंद्र ने लिखा है कि इसी थाना क्षेत्र के कुछ लोग बीते शुक्रवार को मेरे घर आये और मेरे भाई राजा यादव के बारे में पुछने लगे। भाई के आने पर वे लोग भाई को लेकर कहीं चले गये। कुछ देर बाद गांव के लोगों ने फोन से बताया कि राजा नदी के किनारे बेहोश पड़ा है। हम लोग भाई को लेकर ईलाज के लिए ले गए लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पीड़ित का कहना है मेरे भाई का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी लिए उसके परिवार के लोग भाई की हत्या करने की धमकी दे रहे थे।

पीड़ित ने आधा दर्जन से अधिक लोगों पर आरोप लगाते हुए कार्यवाई करने की मांग की है। बता दे कि चार दिन पहले भैसहां गाँव के राजा यादव की जहर खाने से मौत हो गयी थी। इस मामले में मृतक ने मौत से पहले वीडियो जारी कर एक युवती और कुछ लोगों द्वारा मानसिक प्रताड़ना करने का आरोप लगाया था। इस संदर्भ में गगहा थाना प्रभारी गौरव वर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले में भादसं की धारा 108 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

## अखिलेश के चाचा राजपाल की आत्मा की शांति के लिए हवन



**इटावा।** सैफई में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजपाल यादव की आत्मा शांति के लिए आयोजित हवन में यादव परिवार के सभी प्रमुख सदस्यों ने शिरकत की। इस अवसर पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव, अभयराम सिंह यादव, डा. अजंट सिंह यादव, सांसद धर्मेंद्र यादव, सांसद डिंपल यादव, अपर्णा यादव, विधायक तेजप्रताप यादव, सांसद आदित्य यादव अंकुर सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस बीच शांति पाठ के दौरान अखिलेश यादव, अर्पणा यादव को आगे बैठने के लिए कहते दिखे। चाचा शिवपाल सिंह ने भी उनके लिए जगह बनाई। सपा प्रमुख अखिलेश यादव 18 जनवरी को ही अपने पैतृक गांव सैफई पहुंच गए थे। उनके साथ बेटी अदिति यादव पत्नी डिंपल यादव भी मौजूद रहीं यह धार्मिक अनुष्ठान यादव परिवार की एकजुटता का प्रतीक बन गया। जिसमें परिवार के सभी प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति ने राजनीतिक और पारिवारिक संबंधों में मजबूती का संदेश दिया। सैफई गांव में मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई राजपाल यादव के निधन के बाद शांति हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और वहां पर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव, डिंपल यादव बेटी अदिति सहित समाजवादी पार्टी के परिवार के सदस्यों ने शांति हवन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ साथ शांति हवन में आहुतियां दी। कुछ दिन पहले स्व. नेताजी मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई राजपाल यादव का निधन 9 जनवरी हो गया था। राजपाल यादव के बड़े बेटे अंशुल यादव इटावा जिला पंचायत अध्यक्ष है। शांति हवन कार्यक्रम आयोजित हुआ क्षेत्र और आसपास के लोग और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में शांति हवन में सम्मिलित होने के लिए पहुंचे थे।

## डीएम-एसएसपी ने जनता की समस्याएं सुनकर निस्तारण किया

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में तहसील जसवंतनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील जसवंत नगर में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. गीताराम, उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत, क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चैबे, तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## काली मंदिर प्रांगण में शनिदेव की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**गीडा,गोरखपुर।** पिपरौली ब्लॉक के जैतपुर चौराहे पर स्थित मां काली मंदिर के प्रांगण में नवनिर्मित मंदिर में भगवान शनिदेव जी की मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आज संपन्न हुआ। मां काली जी के मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।शोभायात्रा में सजी झांकियां और डी जे पर भक्ति गीतों से सारा माहौल भक्तिमय हो गया।हाथी , घोड़े भी झांकियों में शामिल रहे। यात्रा में शामिल ग्रामीणों द्वारा हर हर महादेव एवं जय श्रीराम के जयकारा से वातावरण राममय हो गया। यात्रा के मुख्य यजमान रामनाथ जायसवाल भगवा वस्त्र धारण किए आगे आगे चल रहे थे।पीछे सैकड़ों की संख्या में पुरुष एवं महिलाएं चल रही थी।स्थापना उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें संपूर्ण ग्रामवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। उक्त शोभायात्रा में रामनाथ जायसवाल, रामकिशुन जायसवाल, सूर्यभान, अमित, अंकित, कृष्णा,अनुज,आवेश,राहुल,संदीप शर्मा,विकास शर्मा, प्रदीप, माधव सिंह,श्रीराम ,विजेंद्र वर्मा,प्रेम,आदर्श,सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सीएम के नेतृत्व में उत्तम प्रदेश बन रहा यूपी

**गोरखपुर।** शहीद अस्फाक उल्ला खान प्राणी उद्यान में हाथी रेस्क्यू सेंटर में लोकार्पण कार्यक्रम में पर्यावरण एवं वन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरुण कुमार सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है। यहां के युवाओं को रोजगार प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि विगत 7-8 वर्षों से उत्तर प्रदेश ग्रोथ का इंजन बनकर उभरा है। रामगढ़ताल, जो पहले आतंक का पर्याय बन चुका था, आज वह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनकर उभरा है। नौकायन पर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जापानी इंसेफेलाइटिस वायरस से पहले गोरखपुर व आसपास के जनपदों में बच्चों की मृत्यु होती थी, परंतु आज मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व के द्वारा उसका पूरी तरह से उन्मूलन किया जा चुका है। उन्होंने



कहा कि विगत दिनों में गोरखपुर में जटायु संरक्षण केंद्र की स्थापना की गई जो प्रदेश का पहला जटायु केंद्र है। उन्होंने कहा शहीद अशफाकउल्ला खां प्राणी उद्यान 121 एकड़ क्षेत्रफल में विकास किया गया है। इसमें 350 से अधिक प्राणी जिसमें पशु पक्षी एवं अन्य प्रकार के हैं और इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस अवसर वन एवं पर्यावरण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरूण कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री जी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री के0पी0 मलिक, सांसद रवि किशन शुक्ला, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष श्रीमती साधना सिंह, विधायकगण फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, महेन्द्रपाल सिंह, विपिन सिहं, राजेश त्रिपाठी, प्रदीप शुक्ला, डॉ. विमलेश पासवान, महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुनील चौधरी, कालीबाड़ी के महंत रबीन्द्र दास सहित वरिष्ठ अधिकरीगण उपस्थित रहे।

## भाजपा के लोग धर्म व जाति के नाम पर समाज को बांटने कार्य कर रहे : निर्मला पासवान



**चौरीचौरा, गोरखपुर।** सरदार नगर ब्लाहक के ग्राम सभा छपरा मंसूर में सोमवार को कांग्रेस पार्टी के सरदार नगर ब्लाक अध्यक्ष अभय नंदन द्विवेदी की अध्यक्षता में जय बापू जय भीम जय संविधान, बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें 26 जनवरी को आयोजित होने वाली संविधान पदयात्रा तथा संविधान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। चौपाल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची कांग्रेस पार्टी गोरखपुर की जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने बाबा साहब डाक्टर भीमराव के पदचिन्हों पर चलने की अपील किया। और संविधान के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दी। तथा 26 जनवरी को होने वाले पदयात्रा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग धर्म व जाति के नाम राजनिति कर रहे हैं। तथा लोगों को गुमराह कर समाज को बांटने का प्रयास कर रहे हैं।उक्त अवसर पर सर्वजीत, बिन्द्रावती देवी, फुला देवी ,श्रीपति देवी, रामरती देवी,शबीना खातून, रेहाना खातून,लालमती, ज्ञान्ती देवी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### जर्जर हो चुके सरस हॉट का कायाकल्प

**चरगांवा, गोरखपुर।** विकास खण्ड चरगांवा के ग्राम पंचायत जंगल अहमद अली शाह के जीर्ण क्षीण हो चुके सरस हॉट का जीर्णोद्धार खण्ड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह व ग्राम विकास अधिकारी/ ग्राम पंचायत सचिव वकील कुमार के पहल पर महिलाओं एवं किसानों को रोजगार और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए धनराशि 7 लाख 50 हजार रुपए व्यय कर जिला प्रशासन द्वारा कराया गया । सरस हॉट का जीर्णोद्धार होने के बाद सरस हॉट का कायाकल्प हो चुका है यह सरस हॉट अत्याधुनिक सरस हॉट का के रूप में दिख रहा है जिसमें 20 शटर युक्त दुकानें 2 ओपन स्टाल लगभग 50 दुकानें सरस हॉट परिसर में लगाने की व्यवस्था हैं वहीं तीन शुलभ शौचालय है ।

## ट्रॉली में बैठे मजदूर की ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से मौत

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के चकदेईया मोड़ पर ईंट लदे ट्रैक्टर ट्रॉली पर बैठे एक मजदूर की ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ब्रह्मपुर ब्लॉक के एक ईंट भट्टे से ट्रैक्टर ट्रॉली पर ईंट लादकर गोरखपुर गिराने के लिये जा रहा था। अभी वह चकदेइया मोड़ के पास पहुंचा ही था कि सड़क की ढलान पर अचानक ट्रैक्टर में ड्राइवर द्वारा ब्रेक लगाने से वह नीचे गिर गया।और टैक्टर ट्राली की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक 28 वर्षीय बाबे पुत्र महावीर झारखंड प्रदेश रांची के लोहरदगा जिले के ग्राम सभा कैरो का निवासी था। वह झगहा थाना क्षेत्र के एक ईंट भट्टे पर मजदूरी का कार्य करता था।उसकी शादी हो गई थी ।और उसके दो बच्चे हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।और घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

### 75 मामलों में मात्र दो का ही निस्तारण

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी चौरीचौरा प्रशांत वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों द्वारा कुल 75 मामले समाधान के लिए आये थे। जिसमें से मात्र दो मामलों का निस्तारण हो सका।शेष मामले संबंधित विभागों के आये कर्मचारियों अधिकारियों को जांच कर निस्तारण के लिए सौंप दिया गया। सबसे अधिक मामले राजस्व तथा चकबंदी विभाग से संबंधित आये थे। उक्त अवसर पर तहसीलदार चौरीचौरा निशा श्रीवास्तव,नायब तहसीलदार राजधानी,नायब तहसीलदार संजय सिंह,खंड विकास अधिकारी ब्रम्हपुर, गरिमा सिंह सहित अन्य विभागों के कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित रहे।

## खंड स्तरीय खेल कार्यक्रम संपन्न, विजेता खिलाड़ी किये गये पुरस्कृत




**चकरनगर, इटावा।** सोमवार को चकरनगर के जवाहर इंटर कॉलेज में नेहरू युवा केंद्र के तहत खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का ब्लॉक प्रमुख राधा यादव व प्रतिनिधि राकेश यादव व विशिष्ट अतिथि युवा केंद्र जिला मुख्य अधिकारी सोनिका चंद्र के द्वारा सीता काटकर शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में वॉलीबॉल कुश्ती, कबड्डी दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन संपन्न किया गया। प्रतियोगिता में स्थान बनाने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर उत्साहित किया गया। नेहरू युवा केंद्र खंड स्तरीय खेलकूद वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चांदई टीम विजेता व चकरनगर उपविजेता रही। कबड्डी महिला वर्ग की हनुमंतपुरा टीम ने चकरनगर को हराया, कुश्ती 55 किलो भार में बालक वर्ग में विपिन यादव सहसों विजेता रहे, कुस्ती 45 किलो भार में गजेन्द्र विजेता व आदेश उप विजेता रहे, बैडमिंटन महिला वर्ग में शिवानी विजेता काजल उपविजेता रही, 400 मीटर बालक वर्ग दौड़ में शिवम यादव प्रथम अनुज सिंह द्वितीय स्थान पर रहे, इसी क्रम में स्लो साइकलिंग में शिवानी प्रथम व काव्य द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का समापन पूर्व विधायक सिद्धार्थ शंकर के द्वारा विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर उत्साहित किया गया। इस मौके पर पूर्व युवा कल्याण अधिकारी हरिश्चंद्र तिवारी, जवाहर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार चतुर्वेदी, संदीप शुक्ला, प्रभात तिवारी सहित इंटर कॉलेज के शिक्षक एवं सभी कर्मचारीगण मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विनय तिवारी के द्वारा किया गया।

## चोरो ने ताला तोड़कर चोरो ने खंगाला घर

**सरहरी,गोरखपुर।** गुलरिहा थाना अन्तर्गत सरहरी चौकी क्षेत्र के एक गाँव में चोरो ने घर में घुस कमरे का ताला तोड़ हजारो का जेवर सहित सामान उठा ले गये शुबह दूसरे तल से नीचे आने पर परिजनो को घटना की जानकारी हुई सूचना पर पहुंची सरहरी चौकी पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण किया। मिली जानकारी के अनुसार सरहरी गांव के पड़हिया टोला निवासी संतोष यादव के घर में रविवार की रात चोर कमरे का ताला तोड़ कर बाक्स में रखा एक लाख रुपए से अधिक के जेवर एवं कीमती कपड़े चुरा ले गये। मई में उनके बेटी की शादी होनी है जिसके लिए जेवर एवं कपड़े खरीद कर रखे थे। रविवार की रात घर के सभी लोग भोजन के बाद दूसरी मंजिल पर सोने चले गये। सोमवार सुबह नीचे आए तो कमरे का ताला टूटा हुआ था।कमरे में गए तो बाक्स का भी ताला टूटा था तथा सामान बिखरा था। सूचना पर पहुंची सरहरी चौकी पुलिस ने जांच की।

# यूपी महिला आयोग की उपाध्यक्ष का इटावा दौरा

- वन स्टॉप सेंटर और जिला अस्पताल का निरीक्षण

**इटावा।** अपर्णा यादव उपाध्यक्ष उपमंत्री स्तर प्राप्त उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सिंचाई गेस्ट हाऊस में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। कन्या सुमंगला योजना, बाल विवाह रोकने हेतु, श्रम विभाग संबंधी, सामूहिक विवाह योजना एवं अन्य सभी योजनाओं की समीक्षा की जिसमें उन्होंने बताया कि बाल विवाह को रोका जाए एवं जो भी छोटे-छोटे बच्चे होटल, रेस्टोरेंट आदि में श्रम कर रहे हैं उनकी टीम बनाकर निरीक्षण कर उनको रोका जाए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जो बच्चे पढ़ाई में अच्छे है, ऐसे बच्चों पर विशेष कर ध्यान दिया जाए, उनकी पढ़ाई लिखाई का पूरा खर्चा उठाया जाए, ताकि वह भविष्य में और आगे अच्छा कर सके, उन्होंने बताया कि जो बच्चे स्कूल में जूते, मोजे पहन कर नहीं आते हैं ऐसे बच्चों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि समय निर्धारित करके स्कूल में सभी बच्चों के माता-पिता को बुलाया जाए उन्हें प्रोत्साहित करें कि जो रुपया सरकार द्वारा उन्हें दिया जाता है उनसे वह बच्चों के



जूते मोजे खरीदें और बच्चों को स्कूल में उचित पोशाक में भेजें। उन्होंने कहा अस्पताल में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सीएचसी पर स्टाफ की उपस्थिति को लेकर बहुत विशेष ध्यान दिया जाए, वहां हमेशा डॉक्टर उपलब्ध होना चाहिए, हमारी चिकित्सा सुविधा बहुत अच्छी होनी चाहिए। वन स्टॉप सेंटर पर काउंसलर रखे जायें।जो लड़कियाँ कम उम्र में शादी करके घर से भाग जाती हैं ऐसी लड़कियों पर विशेष ध्यान दिया जाए उनका माइंड वॉश किया जाए, जो बच्चे पढ़ना नहीं चाहते मेहनत नहीं करना चाहते घर से भाग जाते हैं ऐसे बच्चों का माइंड वॉश करके उन्हें सही रास्ते पर लाया जाए। उन्होंने कहा कि कन्या सुमंगला योजना को सभी अस्पताल व स्कूल में नोटिस बोर्ड पर लगाया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस योजना से जुड़कर इसका लाभ उठा पाएं। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति किसी बाल विवाह संबंधित या किसी अनुचित कार्य की सूचना देता है, तो उसे प्रोत्साहन देने के लिए लिखित में दीजिए, और उसकी पहचान छुपाई जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों पर विशेष ध्यान दिया जाए जो पहले से विवाहित होने के बाद भी सामूहिक विवाह में जाकर योजना का दुबारा लाभ ले रहे है। बैठक के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, श्रम आयुक्त श्वेता गर्ग, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार शशि सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दरगाह बाइस ख्वाजा का सालाना उर्स कल से

**इटावा।** गंगा जमुना तहजीब की प्रतीक दरगाह हजरत अरशद अली उर्फ माशूक अली बाईस ख्वाजगान रहमतुल्लाह अलैहे का तीन दिवसीय सालाना उर्स हर साल की तरह इस साल भी 22 जनवरी से 24 जनवरी तक फतेहपुर सीकरी के सज्जादा नशीन हजरत सूफी कमरुद्दीन मियां लियाकती की सरपरस्ती में शानो-शौकत के साथ मनाया जाएगा। उर्स की जानकारी देते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं उर्स संयोजक मसूद तैमूरी एवं रईस खान ने बताया है कि हर्ष हर वर्ष की वर्ष भी उर्स की शुरूआत 22 जनवरी को सुबह बाद नमाज फजर कुरान ख्वानी से होगी इसके बाद प्रातः 10 बजे चादरपोशी की जाएगी शाम 4 बजे हल्का जिक्र होगा और शाम को 7 बजे महफिले मीलाद शरीफ होगी उर्स के दूसरे दिन सुबह बाद नमाज फजर कुरान ख्वानी होगी 10 बजे से चादरपोशी होगी जिसमें इटावा सहित विभिन्न जनपदो से आय श्रद्धालुओं द्वारा दरगाह पर चादरें और गागरे पेश की जाएगी शाम 4 बजे नातिया मुशायरा का होगा रात 10 बजे महफिले शमा होगी जिसमें मशहूर कव्वाल अपना कलाम पेश करेंगे उन्होंने बताया कि उर्स के तीसरे एवं अन्तिम दिन बाद नमाज फजर कुरान ख्वानी होगी 10 बजे हजरत अरशद अली उर्फ माशूक अली 22 ख्वाजगान का गुसल शरीफ होगा बाद नमाज जुमा कुल शरीफ होगा उसके बाद रंगे महफिल होगी और तकसीम के साथ तीन दिवसीय उर्स का समापन हो जाएगा उन्होंने सभी वर्ग के लोगों से उर्स में भाग लेने की अपील की है।

संक्षेप

## कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर चालक की मौत

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के जौनपुर-रायबरेली हाईवे पर इटहरा गांव के पास बीती शाम आर्टिका और ई-रिक्शा की भिड़ंत में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पकड़ी गोदाम मोहल्ला निवासी 50 वर्षीय स्वामीनाथ गौतम अपनी ई-रिक्शा लेकर प्रतापगढ़ की ओर जा रहा था। जैसे ही ई-रिक्शा उक्त मार्ग पर इटहरा के पास पहुंचा इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार आर्टिका कार ने धक्का मार दिया।इससे ई-रिक्शा पलट गई।हादसे में ई-रिक्शा चालक स्वामीनाथ गौतम गंभीर रूप से घायल हो गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगराबादशाहपुर में भर्ती कराया था।इलाज के बाद गंभीर हालत देख चिकित्सक ने बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया।यहां इलाज के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई।मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि हादसे में घायल ई-रिक्शा चालक स्वामीनाथ गौतम की इलाज के दौरान बीती रात मौत हो गई है।

## टेल तक नहीं पहुंचता पानी ,पंपिंग सेट का सहारा

जौनपुर।मछलीशहर विकास खंड की सभी नहरों में टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है। नहरों,माईनरों में पानी न आने से क्षेत्रीय किसानों को सिंचाई के कृत्रिम साधनों नलकूप,पंपिंग सेट का सहारा लेना पड़ रहा है।सिंचाई विभाग के अधिकारियों से नहर में टेल तक पानी देने के लिए किसानों ने की मांग की है। शारदा सहायक सिंचाई खंड जौनपुर, शारदा सहायक खंड -39, कुंवरपुर रजवाहा, मछलीशहर रजवाहा, जहांसापुर माइनर, घिसुवाखुर्द माइनर आदि से खेतों की सिंचाई के लिए क्षेत्र के सैकड़ों गांवों में जलापूर्ति होती है।शारदा सहायक सिंचाई खंड जौनपुर से कुंवरपुर, खरूआंवा सहित दर्जनों गांवों में ,शारदा सहायक खंड 39 से किशुनदासपुर, चैकी खुर्द,गोधाना, चैकी कला,अगहुआ आदि गांवों में,मछली शहर रजवाहा से पहाड़पुर, मतरी,घाघरिया सहित कई गांवों में ,जहांसापुर एवं घिसुआखुर्द माइनर से सरायबिका,बटनहित,खजुरहट,कोढ़ा, जहांसापुर,घिसूआखुर्द आदि गांवों के किसान अपने खेतों की सिंचाई करते हैं।क्षेत्रीय किसान विनय कुमार पांडेय,विकास यादव, भरत लाल यादव,अजय कुमार सिंह,वीरेंद्र भास्कर यादव, नरेंद्र बहादुर सिंह,बबलू सिंह आदि का कहना है कि रबी की सिंचाई होना असंभव है। किसान सिंचाई किए समसेबुल,पंपिंग सेट आदि का सहारा ले रहे हैं।

## एक माह हुई 45 चोरियां पुलिस की भूमिका पर उठ रहे हैं सवाल

मीरजापुर। जनपद में लगातार हो रहीं चोरी की वारदातों से पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं।पिछले एक महीने में 45 से ज्यादा चोरियां हुई, जिसमें सबसे ज्यादा मंदिरों में चोरियां हुई हैं। 25 दिनों में चोर 18 से ज्यादा मंदिरों को निशाना बना, घंटा, मुकुट और मूर्तियां भी चोर ले गए।इनमें सिर्फ पड़री थाना क्षेत्र में अष्टधातु की मूर्तियां चोरी का ही खुलासा पुलिस कर पाई है। बाकी मामलों में पुलिस किसी आरोपी को नहीं पकड़ सकी।सबसे ज्यादा जिगना और विंध्याचल इलाके के मंदिरों में चोरी की घटनाएं हुई हैं। जिगना थाना क्षेत्र में लगातार दो दिनों में 13 मंदिरों को चोर निशाना बनाया। 24 दिसंबर को खैरा गांव में पांच मंदिर, बसेवरा कला मे एक मंदिर, मिश्रपुर में दो मंदिर, परमानपुर में दो मंदिरों में चोरी हुई थी।इसके बाद 25 दिसंबर को डंगहर में दो मंदिर, कोठरा मिश्रान में एक मंदिर में चोरी हुई।एक जनवरी की रात विंध्याचल थाना क्षेत्र के बरईबरी हनुमान मंदिर में चोरी हुई थी। चोर घंटा, मुकुट और पूजन ले गए थे। इसके बाद चोर चील्ह थाना के टेढ़वा पुलिस चौकी के पास स्थित प्राचीन मंदिर से चोर मुकुट निकाल ले गए थे। यहां चोरों ने पहले आसन लगाया और इसके बाद चोरी की। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था लेकिन चोरों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।वहीं, पिछले दो दिनों में पड़री थाना क्षेत्र में दो मंदिरों में चोरी हुई। इन घटनाओं में चोर घंटा-मुकुट नहीं बल्कि मूर्तियां ले गए।11 जनवरी को पड़री के डगमगपुर स्थित हनुमान मंदिर और दुर्गा मंदिर से मूर्ति चोरी हुई।13 जनवरी की रात को पड़री थाना क्षेत्र के कठिनई गांव स्थित श्री अनुपम हनुमान राम जानकी मंदिर अष्टधातु की तीन मूर्तियां चोरी हो गईं।

# 68 मामले आये, 4 का मौके पर निस्तारण



जिला संवाददाता(vol)

- तहसील निजामाबाद के सभागार में डीएम-एसपी ने सुनी सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियाद

आजमगढ़। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की अध्यक्षता में तहसील निजामाबाद के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर कुल 68 मामले आये, जिसमे से 04 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 64 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 49, पुलिस के 08 अन्य के 11 मामले शामिल हैं।जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नही जाना पड़ेगा। इसलिए अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का वास्तविक निस्तारण कर दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी निजामाबाद, तहसीलदार निजामाबाद एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करें: डीएम

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्यह्य का आयोजन जनवरी,2025 महीने के तीसरे शनिवार के स्थान पर आज किया गया। मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने तहसील दिवस में आये शिकायतकताओं की शिकायतों को सरल भाव से सुनते हुए उनके प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जनकल्याणकारी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड, विधवा, वृद्धा, सुमंगला योजना, दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी करने सम्बन्धी कैम्प लगाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा पूर्व से ही दिया जाता रहा है। जिससे दूर-दराज से आने वाले लोगों को भाग-दौड़ से बचने के साथ ही योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने विभागों द्वारा लगाये गये कैम्प का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि समाज कल्याण विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कैम्प आयोजित कर पेंशन के नये आवेदन करने के साथ ही लोगों के आयुष्मान कार्ड का के0वाई0सी0 का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान निरीक्षण में पाया गया कि दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाने का कैम्प नहीं लगाया गया था, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित मुख्य चिकित्साधिकारी के खिलाफ तत्काल स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। आयोजित कैम्प में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 5 लाभार्थियों का नया आवेदन करने के साथ ही पात्र 02 विधवा पेंशन का भी आवेदन किया गया। इसी प्रकार से दिव्यांगजन सशक्तिकरण कल्याण विभाग द्वारा 01 नया आवेदन तथा 1 लाभार्थी का एन0पी0सी0आई0 कराने की जानकारी दी गयी। समाज कल्याण विभाग एक नये पात्र लाभार्थी का आवेदन करने के साथ ही एक लाभार्थी का के0वाई0सी0 का कार्य किया गया। इसी प्रकार से कैम्प के माध्यम से ही 8 पात्र लाभार्थियों के बने हुए आयुष्मान कार्ड का के0वाई0सी0 की प्रक्रिया पूर्ण करायी गयी। जिलाधिकारी ने सम्बन्धि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं सम्बन्धी कैम्प अवश्य लगाया जाये, जिससे लोगों को सम्बन्धित विभाग में आने के बजाय सम्पूर्ण समाधान दिवस में उनके समस्या का समाधान किया जा सके।

## रेलवे स्टेशन पर चला सघन चेकिंग अभियान



मीरजापुर। प्रयागराज महाकुंभ- 2025 को सकुशल सम्पन्न कराने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर-विवेक जावला एवं क्षेत्राधिकारी एलआईयू-अंजय सिंह के नेतृत्व में बीडीएस व एस चेक टीम के साथ विन्ध्याचल क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बीडीएस व एस चेक टीम द्वारा मां विन्ध्यवासिनी देवी धाम, गंगा घाटों व धाम परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई साथ ही साथ रेलवे स्टेशन विन्ध्याचल तथा श्रद्धालुओं के विश्राम व ठहरने हेतु बने स्टेशन के पास रैन बसेरा में चेकिंग की गई। महाकुम्भ प्रयागराज-2025 तथा मां विन्ध्यवासिनी देवी दर्शन पूजन करने आने व जाने वाले सभी श्रद्धालुगण को सुरक्षित वातावरण, सुदृढ़ यातायात व्यवस्था एवं मां विन्ध्यवासिनी देवी के सुगम दर्शन-पूजन कराने सहित चुस्त दुरुस्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु मीरजापुर पुलिस कटिबद्ध है। उक्त सघन चेकिंग अभियान के दौरान थानाध्यक्ष विन्ध्याचल-अमित कुमार, विन्ध्यधाम प्रभारी-राजेश मिश्रा सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण तथा राजकीय रेलवे पुलिस विन्ध्याचल के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## खिचड़ी भोग कार्यक्रम में जुटा साहू समाज

आजमगढ़ साहू समाज समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम जानकी मंदिर लालडिग्गी पर खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया। जिसमे में उपस्थित लोगों ने लाई-गट्टा, तिलकुट, ढुन्ढा और खिचड़ी का खूब छक कर आनन्द लिया। इस अवसर पर समिति के महामंत्री विनय प्रकाश गुप्त ने खिचड़ी के महात्म्य का वर्णन करते हुए बताया कि यह त्योहार सह-अस्तित्व भाव से रहने-सहने जैसी स्थिति को जीवन्त करता है। जैसे कि खिचड़ी में किसी भी खाद्य वस्तु का अपना अस्तित्व नहीं रह जाता है, सब एकरूप हो एक सुस्वादु, सुपाच्य, पौष्टिक आहार में परिवर्तित हो जीवन को ऊजार्वान बनाते हैं। उसी प्रकार से हम सब एक-दूसरे में ऐसे आत्मसात हों, जैसे कि खिचड़ी। जाति-पाति, ऊंच-नीच, अमीर -गरीब अथवा क्षेत्र आदि कुरितियों को दूर करने वाला यह त्योहार हमारे जीवन में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करता है। अन्त में परम वीर योद्धा महाराणा प्रताप जी की पुण्य स्मृति में उन्हें नमन करते हुए, अध्यक्ष लालता प्रसाद गुप्ता ने आए लोगों का आभार जताया। इस अवसर पर एड. सत्यप्रकाश गुप्त, रामप्यारे साहू, केशव प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, एड. सतीश चंद गुप्त, डा. प्रमोद कुमार गुप्ता, शिवशंकर गुप्त, अजय कुमार गुप्ता, राजकुमार साहू, कृष्ण मोहन साहू, रविशंकर गुप्त, रमेश गुप्ता, आनन्द गुप्ता, अवनीश चतुर्वेदी, मृगांक शेखर सिन्हा, योगेन्द्र यादव, दीना, संदीप गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष घनश्याम गुप्त व पूर्व सभासद श्रीमती शीला गुप्ता जी सहित सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी भोग का आनंद उठाया।

## अनोज गुप्ता बने कप्तानगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष



जिला संवाददाता(vol)

- व्यापारियों का हित मेरी प्राथमिकता: अनोज
- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में सर्वसम्मति से बनाए गए कप्तानगंज के अध्यक्ष

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक कप्तानगंज कस्बे में स्थित मंजू बाल विद्या मंदिर के परिसर में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रेमचंद गुप्ता व संचालन अखिलेश गुप्ता ने किया। व्यापारी हितों को लेकर सर्वसम्मति से कप्तानगंज का अध्यक्ष अनोज कुमार गुप्ता को चुना गया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहाकि आज व्यापारियों की सुरक्षा और समाज को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को एकजुट होने की आवश्यकता है ताकि छोटे-बड़े सभी व्यापारियों की समस्याओं का निदान शासन से लेकर प्रशासन तक संगठन करा सकें। इसके बाद कप्तानगंज इकाई के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई लेकिन सर्वसम्मति से अनोज कुमार गुप्ता को कप्तानगंज इकाई का अध्यक्ष घोषित किया गया। इसके बाद व्यापारियों ने उन्हें माल्यार्पण कर बधाई दिया।नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए विशिष्ट अतिथि संत प्रसाद अग्रवाल ने कहाकि कप्तानगंज महत्वपूर्ण बाजार है, इसके अंतर्गत सैकड़ों व्यापारी व्यापार करते है। प्रत्येक व्यापारियों की समस्याओं का पहले स्थानीय स्तर पर निदान किया जाए और इसमे अगर किसी भी तरह की हमारी आवश्यकता हो तो संगठन पूरी मदद करेगा। महामंत्री दुर्गा प्रसाद गुप्त ने कहाकि संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान व्यापक पैमाने पर चलाया जाए ताकि हमारी एकता ही हमारी बुनियादी ताकत साबित हों।

सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। संगठन के माध्यम से क्षेत्र की सभी व्यापारियों की समस्याओं के निदान हेतु सदैव कटिबद्ध रहूंगा। इस मौके पर जिला महामंत्री दुर्गा प्रसाद गुप्त, नगर महामंत्री सुरेश शर्मा, आईटी सेल अमन अग्रवाल, अवधेश गुप्ता, राजेश सोनकर, अखिलेश गुप्ता, चित्रसेन प्रजापति, हिमांचल प्रसाद गुप्त, सोहन प्रसाद गुप्त, राजेंद प्रसाद गुप्ता, अब्दुल्ला आजमी, उमेश गुप्ता, रिजवान, दयाराम गुप्त, मनोज जायसवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद के विचारों को करें आत्मसात: अमित

आजमगढ़। स्वामी विवेकानंद सामाजिक संस्थान द्वारा स्वामी जी के जयंती पर उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का समापन रविवार को श्री अग्रसेन पीजी कालेज के सभागार में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, विचार गोष्ठी, स्मारिका विमोचन, पुरस्कार एवं सम्मान समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमे जनपद के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालय एवं संस्थाओं के बच्चों और कलाकारों ने प्रतिभाग किया।

संस्था द्वारा स्वामी जी के जयंती पर प्रत्येक वर्ष विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्वामी जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है। इसके बाद संस्था की स्मारिका का विमोचन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करत हुए प्रो. प्रवेश सिंह व डा ईश्वर चन्द्र त्रिपाठी ने कहाकि आत्मनिर्भरता का स्वप्न स्वामी जी ने सवा सौ साल पूर्व ही भारतवासियों को दिखा दिया था। यह संस्था स्वामी जी के विचारों के युवाओं के अंदर पहुंचा रही है जिसके लिए बधाई के पात्र है। अशोक वर्मा ने कहाकि संस्था का यह प्रयास एक न एक दिन इस भारत के युवाओं को बुलंदियों पर ले जायेगा पुनः हमारे देश से स्वामी जी जैसा व्यक्तित्व जन्म लेगा। प्रबंधक रमाकांत वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह संस्था का सार्थक प्रयास है जो स्वामी जी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन एडवाकेट अमित श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी जी ने जिस प्रकार अमेरिका के शिकागों के अंदर हिन्दु धर्म की उदारता को रखा उससे पूरा विश्व हिन्दू धर्म के प्रति सहृदय हो उठा। उनकी बातों की मौलिकता को पूरे विश्व ने पहचाना। आभार प्रकट करते हुए संस्था प्रबंधक विभाष सिन्हा ने कहा कि संस्था निरंतर स्वामी जी के विचारों को युवा पीढ़ी में पहुचाने के लिए प्रत्येक वर्ष निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है जिसके द्वारा विभिन्न स्कूलों के बच्चें भाग लेते है। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवा स्वामी जी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर अध्ययन करते है। कार्यक्रम का शुभारंभ डा भक्तवत्सल व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन अभय तिवारी ने किया। कार्यक्रम में राजन प्रसाद यादव, सुभाष चन्द्र तिवारी कुंदन, प्रो. गीता सिंह, डा पूनम तिवारी, विजय लक्ष्मी मिश्र, मनोज तिवारी, राजेश स्वर्णकार, सीपी यादव, गुलाब, राजीव कुमार, अशोक, जयप्रकाश, श्रवण, भोला सुरेश, श्रीचन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## नहीं होने देंगे व्यापारियों का शोषण

जौनपुर। नगर उद्योग व्यापार मंडल की कमेटी की परिचय सम्मेलन अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल की अध्यक्षता में सुत्तहटी चौराहा स्थित बैंकर प्लाजा के मीटिंग हॉल में आयोजित किया गया, अध्यक्ष राधेरमण ने कहा कि नगर उद्योग व्यापार मंडल की नए कमेटी व्यापारियों का शोषण किसी भी हालत में नहीं होने देंगे, कार्यक्रम में प्रदेश के सभी सदस्यों को प्रमाण पत्र के साथ व्यापारी परिचय पत्र भी वितरित किया गया, मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन ने कहा कि जहां जरूरत होगी जिला कमेटी वहां उपस्थित मिलेगा तथा प्रादेशिक सदस्य संगठन के लिए एक मार्गदर्शक का काम करते हैं जिससे प्रदेश नेतृत्व को व्यापारी हित की लड़ाई में सर्वसम्मति बनाने में सहायता मिलती है, । जिला संरक्षक राजदेव यादव, छब्बूलाल सोनकर,जगदीश चंद्र ,नन्हेंलाल वर्मा,श्याम चंद्र अग्रहरी,अनिल जायसवाल हरि ओम ने उपस्थित पदाधिकारी के साथ सभी व्यापारियों को एकजुट रहने का संबोधन किया और एक दूसरे का सहयोग करने के लिए तत्पर रहने के लिए कहा।

## लाभ नहीं, सेवा है सर्वोपरि: शशांक शेखर

जौनपुर। कलेक्ट्रेट अधिवक्ता समिति के चुनाव में आडिटर पद के प्रत्याशी शशांक शेखर तिवारी ने बताया कि वे अधिवक्ता संघ का चुनाव सिर्फ और सिर्फ अधिवक्ता गण एवं आम जनता के हित को ध्यान में रखकर लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं और वादकारियों को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है लेकिन सही नेतृत्व न मिल पाने के कारण उनके समक्ष अनेकों अनेक समस्याएं खड़ी हो जाती है। श्री तिवारी का कहना है कि वह सिर्फ अधिवक्ताओं ही नहीं वादकारियों की भी समस्याओं के निदान पर पूरा जोर देंगे। इसी के साथ श्री तिवारी का यह भी कहना है कि उपर वाले के आशीर्वाद से उनके पास सब कुछ है उन्हें इस पद से किसी प्रकार का कोई आर्थिक मोह नहीं है यह पद वे सिर्फ सेवा भाव के लिए पाना चाहते हैं।

## आमजन की समस्याओं के निस्तारण के चेयरमैन ने दिए निर्देश

सोनभद्र। सोमवार को रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा आम लोगों से कार्यालय में मुलाकात की गई जिसमें नगरीय क्षेत्र में जनसुविधाओं की उपलब्धता से सम्बन्धित लोगों द्वारा मॉग किया गया जिसके निस्तारण हेतु अध्यक्ष द्वारा सूचीबद्ध कर उन्हे सुविधाओं की उपलब्धता तथा समस्या के समाधान हेतु आश्वस्त किया गया। अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है जिसके अनुसार कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। इस दौरान नगर के वार्ड सदस्यगण मनोज चौबे, राकेश, अनवर अली तथा पालिका के अवर अभियन्ता मनीष कुमार, धर्मराज जैन, अजीत सिंह, विमलेश ,शन्त कुमार, सुजीत उपस्थित रहे।

## 72 प्रार्थना पत्र प्राप्त आये, 6 निपटे

मीरजापुर। जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मड़िहान में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आए हुए फरियादियों की जन समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। तहसील मड़िहान में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 72 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 06 का मौके पर निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित किया गया कि प्रार्थना पत्रों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता व गुणवत्ता ढंग से किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में यदि गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त हो रही शिकायतों का निस्तारण अधिकारी कार्यालय से ही न करके बल्कि मौके पर स्थलीय निरीक्षण करते हुए फोटोग्राफ के साथ आख्या पोर्टल पर अपलोड करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस की 04 संयुक्त टीम गठित कर प्रार्थना पत्रो का निस्तारण आज सांय तक करने का निर्देश दिया। जनपद के अन्य तहसीलों में प्राप्त प्रार्थना पत्र यथा-तहसील चुनार में 52 प्रार्थना पत्र प्राप्त 03 का निस्तारण, तहसील सदर में 112 प्रार्थना पत्र प्राप्त 17 का निस्तारण एवं तहसील लालगंज में 81 प्रार्थना पत्र प्राप्त 11 का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर मड़िहान में उप जिलाधिकारी मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार, तहसीलदार मड़िहान सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण, मांगा स्पष्टीकरण



जौनपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने सोमवार को विकास क्षेत्र मड़ियाहूँ एवं बरसठी के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय ददरा, वि0क्षे0 मड़ियाहूँ के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक एवं अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय में उपस्थिति पाये गये।

बीएसए द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक को नामांकन के सापेक्ष छात्र उपस्थिति बढ़ाये जानें हेतु निर्देशित किया गया। विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय चकनरायनपुर का निरीक्षण अपरान्ह 12 बजे एवं कम्पोजिट विद्यालय पल्टूपुर के निरीक्षण के दौरान दोनों विद्यालयों में कार्यरत समस्त शिक्षक एवं अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय में उपस्थिति पाये गये। दोनों विद्यालयों द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति एवं मध्यान्ह वितरण से सम्बंधित सूचना शासन द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट के माध्यम से प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज नहीं की जा रही पायी गयी। साथ ही साथ कम्पोजिट विद्यालय चकनरायनपुर के एक कक्षा-कक्ष में कबाड़ इकट्ठा किया गया प्राप्त हुआ। दोनों विद्यालयों में प्राप्त कमियों के कारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दोनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुये प्राप्त कमियों को पूर्ण कर साक्ष्य सहित सम्बंधित खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किये जानें एवं विद्यालय में उपस्थिति समस्त शैक्षणिक कर्मचारियों को शासन की मंशानुरूप छात्रों के अधिगम स्तर के संवर्धन हेतु अनवरत प्रयास किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डाक्टर गोरखनाथ पटेल द्वारा कम्पोजिट विद्यालय पल्टूपुर में छात्रों के बैठकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता की जाँच की गयी।

# दुद्धी क्षेत्र पंचायत निधि से हुए समस्त कार्यों की होगी जांच: सीडीओ



दुद्धी। दुद्धी ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए समस्त कार्यों की टेक्निकल टीम से जांच करवाएं जाने की सीडीओ जागृति अवस्थी बात कही है ,इसके अलावा दुद्धी ब्लॉक के ग्राम पंचायतों ने खरीदे गए ई रिक्शों की टेंडर प्रक्रिया सहित उसकी मानकों की जांच कराई जाएगी।

सीडीओ ने क्षेत्र पंचायत निधि से हुए समस्त कार्यों की टेक्निकल टीम से जांच करवाने के निर्देश दुद्धी बीडीओ राम विशाल चौरसिया को दिए और खामी पाए जाने पर कार्रवाई को निर्देशित किया। इसके साथ ही ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में खरीदे गए ई गार्बेज रिक्शों की टेंडर प्रक्रिया सहित खरीद मानकों का जांच करवाएगी। यह निर्देश दुद्धी ब्लॉक में हो रही अनियमितताओं की पत्रकारों द्वारा मौखिक शिकायत पर सीडीओ ने दिए है ,वे स्थानीय तहसील सभागार में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रही थी इसी दरमियान ये मुद्दा प्रमुखता से उठाये गए पत्रकारों ने उन्हें अवगत कराया कि ग्राम पंचायतों में खरीदे गए इस रिक्शे भी मानक के अनुरुप नही है ये रिक्शे खरीद के बाद पंचायत भवन व ग्राम प्रधानों के घर के बाहर शोभा बढ़ा रहे हैं,जिससे सरकार की स्वच्छ भारत मिशन की मंशा पूरी नही हो पा रही है। उन्होंने तत्काल एडीओ पंचायत को तलब कर ग्राम पंचायतों में कचरा उठाने वाले ई रिक्शा के संचालन के बारे में भी पूछताछ की तो एडीओ पंचायत आशुतोष श्रीवास्तव ने उन्हें अवगत कराया कि अभी तक दुद्धी ब्लॉक में 11 ई गार्बेज रिक्शे ( कूड़ा गाड़ी ) की खरीद की गई है जिसमें 7 का संचालन किया जा रहा है। सीडीओ मैडम के सख्त तेवर को देख ब्लॉक के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 29 शिकायतें सामने आई जिनमें दो का निस्तारण मौके पर किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी निखिल यादव ,तहसीलदार ज्ञानेंद्र यादव ,नायब तहसीलदार ज्ञानेंद्र कुमार ,ओपी सिंह ,पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल , दुद्धी बीडीओ रामविशाल चौरसिया ,बभनी बीडीओ अजित यादव सहित तहसील क्षेत्र के विभिन्न थानों के प्रतिनिधि व अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहें।

## दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की कैद

सोनभद्र। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/सीएडब्लू , सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने सोमवार को सात वर्ष पूर्व हुए दुष्कर्म के मामले सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी डब्लू को 10वर्ष की कठोर कैद व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं कोर्ट ने अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है।अभियोजन पक्ष के मुताबिक जुगैल थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी पीड़िता ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसके पति 15 दिन पूर्व से काम करने बाहर गए थे। उसे घर मे अकेला पाकर डब्लू पुत्र रामप्रसाद निवासी जुगैल टोला लोलहवा, थाना जुगैल, जिला सोनभद्र ने 3 फरवरी 2018 को 12 बजे उसके साथ जबरन बलात्कार किया। शोर करने पर मारा पीटा और लोगों के आने पर भाग गया। उसके ससुर आए तो उनसे सारी बात बताई। वह तीन बच्चों की मां है। आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें। इस तहरीर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था।

# चोरी का सामान जब्त, चार गिरफ्तार



मीरजापुर। थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा चोरी के आरोप में कबाड़ व्यवसायी सहित चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी गए सामान को बरामद किया गया।

थाना कोतवाली देहात जनपद मीरजापुर पर 18.01.2025 को वादी अफजाल शेख पुत्र इकबाल शेख निवासी पहाड़ी रैबना आरटीओ ऑफिस के पास थाना कोतवाली देहात जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात चोरों के विरूद्ध वादी के घर में घुसकर लोहे का एंगल, जिम का सामान, लोहे की सीढ़ी व खलबट्टा चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0-11/2025 धारा 331(4),305 बीएनएस अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में पतारसी सुरागरसी एवं अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत आरटीओ कार्यालय मार्ग आक्सीजन प्लांट पुलिया के पास से तीन अभियुक्तो, इन्द्रजीत सरोज उर्फ गोलू पुत्र टॉपू सरोज निवासी आरटीओ कार्यालय रैबना पहाड़ी थाना कोतवाली देहात जनपद मीरजापुर,उम्र करीब-18वर्ष, मोनू विश्वकर्मा पुत्र स्व0सुरेश विश्वकर्मा निवासी आरटीओ कार्यालय रैबना पहाड़ी थाना को0देहात जनपद मीरजापुर,उम्र करीब-26वर्ष व 3.सुरेश सोनकर पुत्र पप्पू सोनकर निवासी हनुमान पड़रा थाना को0देहात जनपद मीरजापुर,उम्र करीब-21वर्ष को हिरासत में लिया गया, जिनके द्वारा उक्त चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए बताया गया कि उनके द्वारा 14. 01. 2025 को चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। चोरी की सामानों को जंगी रोड काजीतलाब में कबाड़ व्यवसायी अनिल कुमार अग्रहरी पुत्र स्व0बाबूलाल अग्रहरि निवासी जंगी रोड थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर,उम्र करीब-50वर्ष को बेच दिया गया और बिक्री की प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लिया गया। थाना कोतवाली कटरा क्षेत्रान्तर्गत कबाड़ व्यवसायी की दुकान से चोरी की सामान एक अदद दरवाजे का फ्रेम, एक अदद सीढ़ी व एक अदद खलबट्टा बरामद करते हुए कबाड़ व्यवसायी व तीन अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

संक्षेप

## रोजगार मेले का आयोजन आज

**देवरिया** ।प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल करियर सेंटर, देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में 21 जनवरी 2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से इच्छुक छात्र-छात्राओं और अभ्यर्थियों का कैंपस चयन किया जाएगा।

शैक्षिक योग्यता पदों के अनुसार हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक और आईटीआई उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए।

# निर्धारित अवधि में गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ प्रार्थना पत्रों का करें निस्तारणः डीएम

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर**। जिले के हाटा तहसील सभागार में डीएम विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की

- 112 मामले में से 11 मामले का हुआ मौके पर निस्तारण

समस्याओं व शिकायतों को बारी-बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया। अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिये ।डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए।पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 112 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 70 में से 11 को तत्काल निस्तारित किया गया, पुलिस विभाग से संबंधित 15, विकास विभाग से संबंधित 06 तथा अन्य विभाग के 21 प्राप्त हुए।इस प्रकार कुल 112 में से 11 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 101 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, उप जिलाधिकारी हाटा योगेश्वर सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेश पटारिया, परियोजना निदेशक, बीएसए राम जियावन मौर्य, तहसीलदार, उप कृषि निदेशक आशीष कुमार सहित डीएसओ, जिला कृषि अधिकारी, अधि0 अभि0 पीडब्ल्यूडी, के साथ अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी एवं तहसील के अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## नकदी-जेवर लेकर फरार हुई पत्नी

**बरेली**। शहर के सीबीगंज थाना क्षेत्र में अनबन होने पर पत्नी ने पति को नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद उसके गुप्तांग की नसों को काटकर घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गई। युवक के पिता की तहरीर पर थाना सीबीगंज पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।गांव पचा गोटिया निवासी पप्पू के मुताबिक उनके बेटे राजेंद्र की शादी ढाई साल पहले भोजीपुरा के गांव मुड़िया चेतराम की रहने वाली बिहारी लाल की बेटी शन्नो के साथ हुई थी। दोनों पति-पत्नी अलग मकान में रहते थे।28 दिसम्बर को किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई थी ।इसके बाद राजेंद्र को उसकी पत्नी ने पहले नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया फिर उसके गुप्तांग की की नसों को काटकर अगले दिन घर में रखे सोने चांदी के आभूषण लेकर अपने मायके के लिए फरार हो गई। उनका बेटा गुपचुप तरीके से इधर उधर इलाज कराता रहा। जब उन्हें हुई तो उन्होंने सीबीगंज थाने में शिकायत की।

## गौरव सौदागर सिंह को मिला दिनकर सम्मान

**देवरिया** ।उ0प्र0 राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान सचिवालय लखनऊ द्वारा 19 जनवरी को आयोजित अलंकरण सम्मान समारोह 2025 लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में सम्पन्न हुआ, जिसमें देवरिया के प्रख्यात कवि एवं संगीतज्ञ श्री सौदागर सिंह जी को एक लाख रुपये पुरस्कार राशि के साथ ₹रामधारी सिंह दिनकर₹ सम्मान से बृजेश पाठक जी, उप-मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति-पत्र एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।सौदागर सिंह पिछले 25 वर्षों से नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया से जुड़े हैं और काव्य गोष्ठी में हिस्सा लेते रहे हैं. ।सौदागर सिंह को सभा द्वारा नागरी श्री सम्मान से विभूषित किया गया है. सभा आयोजन समिति को आभार प्रकट करती है। भव्य समारोह में जनपद देवरिया में तैनात उपजिलाधिकारी अवधेश निगम को पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी साहित्य सम्मान से उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सम्मानित किया जिसमे स्मृति चिन्ह , शाल व एक लाख की धनराशि दी गयी ।यह सम्मान उनको कहानी संग्रह ₹मैं भूल सकता हूँ क्या ₹ के लिए मिला । श्री निगम के साहित्य सम्मान पर देवरिया के अधिकारियों , साहित्यकारों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी ।

## जिला जज ने घोषित किया 2025 का स्थानीय और अतिरिक्त अवकाश

**देवरिया** ।जनपद न्यायाधीश देवेंद्र सिंह प्रथम ने बताया कि उच्च न्यायालय से निर्गत कैलेंडर वर्ष 2025 के अनुपालन में 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 3 फरवरी को वसंत पंचमी, 28 मार्च को रमजान का अंतिम शुक्रवार, 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा और 28 अक्टूबर को छठ पूजा के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इसके अलावा, राष्ट्रीय अवकाश अथवा अन्य अवकाश जो द्वितीय शनिवार या रविवार को पड़ते हैं, के एवज में तीन अतिरिक्त अवकाश घोषित किए गए हैं।26 जनवरी ( रविवार ) को गणतंत्र दिवस के स्थान पर 15 मार्च ( शनिवार ) को होली के दृष्टिगत अवकाश दिया गया है। इसी तरह, 6 अप्रैल ( रविवार ) को रामनवमी के स्थान पर 1 अक्टूबर ( बुधवार ) को महानवमी के अवसर पर अवकाश घोषित किया गया है।6 जुलाई ( रविवार ) को मोहर्रम के स्थान पर 23 अक्टूबर ( गुरुवार ) को भैया दूज/चित्रगुप्त पूजा के दृष्टिगत अतिरिक्त अवकाश प्रदान किया गया है।

## अध्यक्ष पुत्र करते नगर पंचायत के सभी कार्यो का संचालन

**कुशीनगर**।जनपद के कप्तानगंज नगर पंचायत का प्रशासनिक व वित्तीय कार्यो का संचालन अध्यक्ष पुत्र द्वारा किये जाने का मामला प्रकाश मे आया है, जो जांच का विषय है। चर्चा-ए-सरेआम है कि निर्वाचित अध्यक्ष सुशीला खेतान आज तक नगर पंचायत की बोर्ड की बैठक सहित अन्य जरूरी बैठकों में कभी हिस्सा नही लेती है। नगर पंचायत से संबंधित सभी कार्य बतौर अध्यक्ष उनके पुत्र अभिषेक खेतान करते है और खुद को अध्यक्ष प्रतिनिधि बताते है जबकि नगर पंचायत अध्यक्ष को अपना प्रतिनिधि

- नगर पंचायत अध्यक्ष नही आती है कभी कार्यालय, बैठक की अध्यक्षता करते है उनके पुत्र
- वित्तीय अधिकार का प्रयोग करने पुत्र पर लगा आरोप
- जिले के नगर पंचायत कप्तानगंज का मामला

रखने का कोई अधिकार नही है ऐसा विधि विशेषज्ञों का दावा है।काबिलेजिक्र है कि जिले के कप्तानगंज नगर पंचायत चर्चाओ मे है। चर्चा की वजह यह है कि नगर पंचायत अध्यक्ष सुशीला खेतान द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से अपने पुत्र अभिषेक उर्फ सोनू खेतान को अध्यक्ष प्रतिनिधि बनाकर खुलेआम लूट-खसोट किया जा रहा है। बताया जाता है अध्यक्ष सुशीला खेतान आज तक न तो कभी नगर पंचायत की बोर्ड की बैठक में उपस्थित होती है और ना ही नगर पंचायत की अन्य जरूरी किसी कार्यो में भाग लेती है स्थानीय लोगो का कहना है कि जनता द्वारा निर्वाचित की गयी अध्यक्ष सुशीला खेतान के पुत्र अभिषेक खेतान ही बतौर अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशासनिक व वित्तीय अधिकार का प्रयोग खुद कर नगर मे हो रहे निर्माण व विकास कार्यो में खुलेआम लूट-खसोट कर रहे है। इसको लेकर तमाम सभासदो और आम आदमी मे रोष व्याप्त है।

### अध्यक्ष पुत्र करते है बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता

कप्तानगंज नगर पंचायत के बाशिंदों का कहना है निर्वाचित अध्यक्ष सुशीला खेतान कभी कार्यालय नही आती है और न ही कभी किसी बैठक में शामिल होती है।

बोर्ड सहित अन्य जरूरी बैठको की अध्यक्षता सुशीला खेतान के पुत्र अभिषेक उर्फ सोनू खेतान करते है जो पूरी तरह नियम विरुद्ध है। स्थानीय लोगो ने दावा किया कि नगर पंचायत कार्यालय मे लगे सीसीटीवी कैमरा को खगांल लिया जाये तो अध्यक्ष सुशीला खेतान व उनके पुत्र अभिषेक खेतान की कारस्तानी उजागर हो जायेगी। सीसीटीवी कैमरा से इस बात का भी खुलासा हो जायेगा कि आज तक अध्यक्ष सुशीला खेतान कितनी बार नगर पंचायत कार्यालय आयी है और किस तरह से उनके पुत्र खुद को नगर पंचायत अध्यक्ष बनकर कर्मचारियों पर अपनि धौस जमाते है।कहने वाले तो यह भी कहते है अभिषेक ही अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठते है। इस बात में कितनी सच्चाई है यह सीसीटीवी कैमरा की जांच से ही स्पष्ट होगा।

### अध्यक्ष प्रतिनिधि रखने का कोई नियम नहीं

जानकार बताते है कि नगरपालिका अथवा नगर पंचायत अध्यक्ष को अपना प्रतिनिधि रखने का न तो कोई अधिकार है और ना ही कोई प्रावधान।ऐसे में सवाल यह उठता है कि निर्वाचित अध्यक्ष सुशीला खेतान ने अपने पुत्र अभिषेक खेतान को नगर पंचायत के किस अधिनियम के तहत अपना प्रतिनिधि बनाया है।

किसी नियम के तहत अध्यक्ष पुत्र अभिषेक खेतान बोर्ड सहित अन्य बैठकों की अध्यक्षता करते है? अक्सर अभिषेक खेतान यह कहते हुए सुने जाते है कि मैने यह कार्य कराया, यह निर्माण कराया जबकि नगर पालिका व नगर पंचायत स्थानीय निकाय संस्था है, जो केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा अवमुक्त धन से नगर मे विकास कार्य करती है।

ऐसे मे अध्यक्ष पुत्र द्वारा यह कार्य मैने कराया कहना भी बिल्कुल अनुचित है।

## 24 से 26 जनवरी तक प्रदर्शनी और मेले का होगा आयोजन

**देवरिया** ।जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने जानकारी दी है कि 24 से 26 जनवरी, तक उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिले में विशेष आयोजन किए जाएंगे। इस आयोजन की तैयारियों को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है ।इस अवधि में राजकीय इण्टर कॉलेज के प्रांगण में प्रातः 10:00 बजे से प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि वे इस प्रदर्शनी को सफल बनाने के लिए समुचित तैयारियां सुनिश्चित करें। प्रदर्शनी में उन्नत प्राकृतिक खेती, कृषि विषयों, मिलेट्स (मोटे अनाज) और नवीन कृषि तकनीकों से संबंधित जानकारी दी जाएगी। स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के साथ-साथ चित्रकला और रंगोली प्रदर्शन का आयोजन भी किया जाएगा। रोजगार मेले और वृहद लोन मेले का आयोजन किया जाएगा।

## पुलिस ने मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान चलाया



**देवरिया** । पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में शांति/सुरक्षा/कानून व्यवस्था को सुदृढ़ तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना बनाये रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ( दक्षिणी ) सुनील कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में सभी थानों के प्रभारी

- 274 वाहनों की चेकिंग 3 का हुआ चालान

निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा टीम बनाकर आज 06 से 08 बजे तक मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान के तहत चेकिंग की गयी ।

इस चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य चोरी की गाड़ी पकड़ना, तीन सवारी के खिलाफ कार्रवाई करना, मोडिफाइड साइलेंसर वाले दुपहिया वाहनों का चालान, नाबालिकों द्वारा दो पहिया तीन पहिया सवारी चलने के खिलाफ कार्यवाही ,महिलाओं बच्चियों पर फब्तियां करने वालो के खिलाफ कार्रवाई करना, तेज आवाज पर बजने वाले लाउडस्पीकर के खिलाफ कार्यवाही करना, अवैध असलहा अथवा अवैध मादक पदार्थ पकड़ना आदि रहा ।जिले में की गयी चेकिंग के अंतर्गत थाना कोतवाली द्वारा 02 स्थानों पर 38 व्यक्तियों एवं 23 वाहनों ,थाना रामपुर कारखाना द्वारा 02 स्थानों पर 17 व्यक्तियों एवं 09 वाहनों , थाना तरकुलवा द्वारा 01 स्थानों पर 10 व्यक्तियों एवं 06 वाहनों ,थाना बघौचघाट द्वारा 03 स्थान पर 34 व्यक्तियों एवं 24 वाहनों ,थाना महुआडीह द्वारा 02 स्थानों पर 15 व्यक्तियों एवं 10 वाहनों को चेक किया गया ।था रुद्रपुर द्वारा 02 स्थानों पर 16 व्यक्तियों एवं 06 वाहनों को चेक किया गया ।थाना गौरीबाजार द्वारा 01 स्थानों पर 12 व्यक्तियों एवं 05 वाहनों को चेक किया गया ।थाना मदनपुर द्वारा 02 स्थानों पर 22 व्यक्तियों एवं 13 वाहनों को चेक किया गया ।थाना एकौना द्वारा 01 स्थानों पर 10 व्यक्तियों एवं 06 वाहनों को चेक किया गया ।थाना सलेमपुर द्वारा 02 स्थानों पर 25 व्यक्तियों एवं 16 वाहनों को चेक किया गया ।थाना लार द्वारा 02 स्थानों पर 25 व्यक्तियों एवं 17 वाहनों को चेक किया गया ।थाना थाना खुखुन्दू द्वारा 02 स्थानों पर 28 व्यक्तियों एवं 14 ,थाना बरियारपुर द्वारा 01 स्थानों पर 18 व्यक्तियों एवं 10 वाहनों,थाना भाटपाररानी द्वारा 03 स्थानों पर 22 व्यक्तियों एवं 10 वाहनों को चेक किया गया। भटनी पुलिस द्वारा 02 स्थानों पर 18 व्यक्तियों एवं 10 वाहनों, थाना बनकटा द्वारा 01 स्थानों पर 16 व्यक्तियों एवं 07 वाहनों ,थाना खामपार द्वारा 01 स्थानों पर 19 व्यक्तियों एवं 09 वाहनों,थाना श्रीरामपुर द्वारा 01 स्थानों पर 20 व्यक्तियों एवं 37 वाहनों,थाना बरहज द्वारा 01 स्थानों पर 20 व्यक्तियों एवं 25 वाहनों को चेक किया गया ।इसी प्रकार थाना मईल द्वारा 02 स्थानों पर 24 व्यक्तियों एवं 16 वाहनों और थाना सुरौली द्वारा 01 स्थानों पर 12 व्यक्तियों एवं 03 वाहनों को चेक किया गया।

## शोषितों व पीड़ितों का सहयोग करते थे राघवेंद्र सिंहः अयोध्या लाल



**कुशीनगर**। कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े व शिक्षक रहे कामरेड स्व0 राघवेंद्र सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि नगर स्थित पार्टी के कैम्प कार्यालय में मनाई गई।इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व0 सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम को सबोधित करते हुए माकपा के जिलासचिव अयोध्या लाल श्रीवास्तव ने कहा कि माकपा जिला कमेटी सदस्य व किसान सभा के जिलाध्यक्ष रहे राघवेंद्र हमेशा शोषितों, पीड़ितों की मदद करते थे और हमेशा कर्तव्य पथ पर आगे रहते थे। उनकी कमी समाज में खलती है। क्योकि आज नफरत, जाति व धर्म के नाम पर लड़ाने का काम किया जा रहा है। सरकारी संस्थाओं का निजीकरण किया जा रहा है। स्थायी रोजगार के बजाय संविदा पर नौकरियां दी जा रही है। स्व0 सिंह के विचारों को आत्मसात कर सबको न्याय दिलाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसी क्रम में शाकिर अली, बीपी गुप्ता, इदरीश सिद्दकी, गेंद सिंह ने कहा कि स्व0 राघवेंद्र संवेदनशील व समाज के चिंतक थे। अध्यक्षता कामरेड एड0 विजय कुमार श्रीवास्तव ने की। इस दौरान जवाहर शर्मा, कैलाश गिरी, केदार नाथ सिंह, राजेन्द्र सिंह, राजेश, शंकर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा के लिए नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान की जनपद में शुरूआत

जिला संवाददाता(vol)



**देवरिया**। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया है कि सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और हेल्मेट के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ₹नो हेल्मेट, नो फ्यूलर₹ रणनीति को जनपद में लागू किया जा रहा है। इस संबंध में नोएडा मॉडल की रणनीति के आधार पर परिवहन आयुक्त, प्रदेश द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं।

₹नो हेल्मेट, नो फ्यूलर₹ अभियान को पहले शहरी क्षेत्रों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाएगा।

अभियान के प्रभाव और परिणामों का मूल्यांकन करने के बाद इसे ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तारित किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी संबंधित तेल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे और जनपद के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को इस अभियान के महत्व और क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। सभी पेट्रोल पंपों पर शत-प्रतिशत सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित की जाएगी, और ईंधन वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नियमित अनुश्रवण किया जाएगा।

परिवहन विभाग द्वारा ₹नो हेल्मेट, नो फ्यूलर₹ की जागरूकता के लिए होर्डिंग, बैनर, पंपलेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा। स्कूल, कॉलेज, सामुदायिक केंद्र और पेट्रोल पंपों पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

एनजीओ, स्थानीय स्वंसेवी संगठनों और मीडिया के सहयोग से इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया जाएगा। यातायात पुलिस और परिवहन विभाग हेल्मेट न पहनने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत जुमार्ना लगाएंगे।

सभी पेट्रोल पंप संचालकों को ₹नो हेल्मेट, नो फ्यूलर₹ नीति का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना होगा। नीति के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित पेट्रोल पंप के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## काशीपुर डेमू ट्रेन हादसे से बाल-बाल बची

बरेली। बरेली सिटी से काशीपुर जाने वाली डेमू ट्रेन सोमवार सुबह एक बड़े हादसे का शिकार होने से बच गई। ट्रेन के पिछले इंजन से अचानक धुआं उठने और डीजल रिसाव होने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना बिलवा और नगरिया कला स्टेशन के बीच की है। जहां लोको पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत ट्रेन को रोक दिया और रेलवे अधिकारियों को सूचित किया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे की टेक्निकल टीम मौके पर पहुंची और इंजन के डीजल टैंक की मरम्मत की। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से चिंगारी उठने की बात सामने आई है। गनीमत रही कि समय रहते आग को काबू कर लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इज्जतनगर रेल मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि बरेली-काशीपुर डेमू ट्रेन के इंजन में तकनीकी खराबी के कारण धुआं उठा था। डीजल रिसाव की मरम्मत के बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

## मेहा देवरिया की टीम पहुंची फाइनल में

**कुशीनगर**। फाजिलनगर के नोनिया पट्टी सोनबरसा में हो रहे स्वर्गीया शांति देवी जिला स्तरीय फुटबाल टूनामेंट में छठवें दिन का सेमीफाइनल मुकाबले में मेहा देवरिया की टीम ने गोरखपुर स्टेडियम को पराजित कर फाइनल मुकाबले में पहुंच गई। मैच का शुभारंभ नोएडा में विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी ई.अजय सिंह यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके कराया। खेल के दस मिनट बाद ही मेहा देवरिया के खिलाड़ी धान सिंह ने गोल मारकर टीम का मनोबल बढ़ाया। उसके बाद देवरिया की टीम गोरखपुर की टीम पर पूरी तरह हावी हो गई। पूरे खेल के दौरान लगातार चार गोल मारकर मेहा देवरिया की टीम ने फाइनल मुकाबले के लिए अपना जगह सुरक्षित कर लिया। आयोजक जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डा.शुभम यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। आंखों देखी प्रसारण पंकज कुमार, अल्ताहिर व मोनू सिद्दीकी ने किया। इस दौरान डा.श्रीराम यादव, सभासद महेंद्र यादव, रामबक्स सिंह, अरविंद यादव, सिकंदर यादव, दीपक सिंह, डम्पी यादव, संदीप कुशवाहा, मनोज यादव, सुग्रीव कुशवाहा, प्रमोद यादव, प्रताप, सिद्धू, शैलेश, विश्राम, सिकंदर यादव मोतीलाल यादव समेत खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## जिले में चला बैंक चेकिंग अभियान



**देवरिया** ।जिले के सभी थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंक के साथ-साथ एटीएम एवं ग्राहक सेवा केंद्र तथा पेट्रोल पंप की भी चेकिंग की गयी । पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में शांति एवं कानून बनाए रखने हेतु तथा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए श अपर पुलिस अधीक्षक ( दक्षिणी ) श्री सुनील कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ( उत्तरी ) दीपेन्द्रनाथ चौधरी के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा टीम बनाकर आज बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके तहत सभी थानों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंक की चेकिंग की गयी ।बैंक चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद में कानून/शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा बैंक की सुरक्षा करना, जनपद में किसी प्रकार की लूट/छिनैती की घटना न हो, किसी भी व्यक्ति के साथ ए.टी.एम में किसी प्रकार की धोखा धड़ी की घटना न हो, पेट्रोल पंप पर किसी प्रकार की घटना न हो, बैंक के आस पास दिख रहे संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी जिससे मोटर साइकिल/वाहन चोरी की घटनाएं न हो सके।

# बौद्धों की गंगा हिरण्डयवती के उद्धार को अब भी है भगीरथ का इंतजार

## बुद्धा घाट के तीन किमी क्षेत्र में योजनाओं क्रियान्वयन पर प्रशासन, बुद्धिजीवियों का जोर

बृजबिहारी त्रिपाठी



**कुशीनगर**। तथागत की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर से होकर बहने वाली बौद्धों की गंगा हिरण्ड्यवती नदी अपने जीर्णोद्धार को लेकर सदियों से भगीरथ का इंतजार कर रही है। इस नदी के उद्धार के नाम

- नदियों से जोड़ने, जल संचय, रेगुलेटर, सुंदरी करण की अबतक नहीं बनी कोई वृहद योजना

पर अब तक कोई वृहद योजना नहीं बन पाई और न ही कोई ठोस पहल ही हुई। बौद्ध जातक कथाओं और पाली साहित्य में हिरण्यवती नदी का उल्लेख मिलता है।जबकि सरकारी अभिलेखों में बकिया ड्रेन व स्थानीय स्तर पर लोग चँवर, सोनरा, पोखरा, नाला आदि नामों के रूप में जानते है ।काबिलेगौर हो कि बुद्ध काल में यह एक विशाल नदी थी और कुशीनगर में इसकी दो शाखाएं थी। जो मल्ल काल में जीवन रेखा मानी जाती थी। बुद्ध इसके किनारे घने शाल वनों के रास्ते होते हुए शिष्यों के साथ यहां पहुंचे थे और महापरिनिर्वाण को प्राप्त किये। हिरण्यवती नदी के जल का बौद्ध श्रद्धालुओं में गंगा जल की तरह महत्व है। आज 64 किमी लम्बी नदी सर्प सी रेखा समान विकृत हो गयी है और इसका पानी पीने के लायक नहीं है।

### बुद्धा घाट के तीन किमी क्षेत्र में प्रशासन और बुद्धिजीवियों का जोर

प्रशासन ने बुद्धा घाट सहित नदी के तीन किमी क्षेत्र का सुंदरीकरण कराया गया। लेकिन दूसरी ओर इस नदी के उत्तरी व दक्षिणी छोर के हिस्से शासन या प्रशासन के सुंदरीकरण योजना से अछूते आज भी है। इस नदी के उद्धार की मांग दशकों से उठती रहती है। प्रशासन भी समय-समय पर इस नदी के बुद्धा प्वाइंट पर फावड़ा चलाकर और सफाई कर बहाबही लुटता रहता है। जिसमें कुशीनगर के प्रबुद्ध वर्ग, व्यापारी, बौद्ध अनुयायी व छात्र अपना योगदान सुनिश्चित रखते हैं। लेकिन ये सारे प्रयास होने के बाद भी हिरण्ड्यवती नदी के लिए तीन दशक में भी कोई भागिरथ नहीं बन पाया। राष्ट्रीय राज मार्ग-28 से देवरिया मार्ग पर रामभार पुल तक के क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से स्थानीय प्रशासन का विकास सराहनीय है, लेकिन नदियों से जोड़ने, जल संचय, रेगुलेटर, सुंदरी करण की अबतक कोई वृहद योजना नहीं बन सकी और न इस नदी के बाकी हिस्सों के विकास की कोई ठोस पहल ही हो सकी।

होना यह चाहिये कि इसके उद्धार की कार्य योजना बनाकर जनप्रतिनिधियों, आम नागरीकों का सहयोग लिया जाय। तभी केंद्र व प्रदेश सरकार की नदी जोड़ने के साथ नदियों के साफ-सफाई का महत्वाकांक्षी सपना पूरा होगा।

### प्रख्यात समाजसेवी स्वर्गीय डॉ. सुब्बाराव का पहल भी नहीं बन पायी जन आंदोलन

बौद्ध आस्था से जुड़ी हिरण्यवती नदी की बदहाली किसी से छिपी नहीं है। इसके उद्धार का भागीरथ प्रयास प्रख्यात समाजसेवी स्वर्गीय डॉ. सुब्बाराव का पहल आंदोलन नहीं बन पाया।

वर्ष 2012 में बुद्धा पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर लगा था। उस वक्त आला अधिकारियों, देशी व विदेशी बौद्ध भिक्षुओं सहित सैंकड़ो स्थानीय लोगों ने 91 वर्षीय डॉ. सुब्बाराव के साथ करुणा सागर की चिन्हित नदी के किनारे फावड़ा उठाकर कींचड़, घास, गंदगी की सफाई की गई थी।

उस समय यह चर्चा जोरों पर थी कि आखिर हिरण्यवती के उद्धार को भागीरथ मिल ही गया। लेकिन डॉ. राव के जाने के बाद अधिकारी, भिक्षु व लोग उनके स्वच्छता अभियान की शुरूआत को भूल गए।

बीच-बीच मे आये राव के भारत जोड़ों अभियान से किसी जनप्रतिनिधि ने प्रेरणा नहीं ली। हां प्रशासन ने अपने स्तर से कुछ दूर घाटों का निर्माण व सुंदरीकरण का कार्य किया जा रहा है। कई बार मनरेगा के बजट से भी खुदाई हुई। वह भी देवरिया रोड से एनएच 28 बी के बीच बाकी 64 किमी नदी जो बकिया ड्रेन, चँवर, सोनरा, नाला, पोखरा के नाम से जानी जाती है। वह सर्प सी काली रेखा सरीखी सिमट रही है तो कई जगह खेत के रूप में आबाद है।

सवाल उठता है कि क्या बौद्धों की पवित्र गंगा सिर्फ तीन किमी के दायरे में ही सिमटी है।

वही केन्द्र व प्रदेश सरकार, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नदी संरक्षण को लेकर गंभीर है लेकिन देश के लिए बदलाव की अलख जगा रहे सुब्बाराव का हिरण्यवती के उद्धार का प्रयास प्रेरणा व परम्परा नहीं बनी। कहीं भी कुछ होता है तो उसका ढिंढोरा खूब पीटा जाता है। हिरण्यवती के उद्धार के लिए बनकर आये भगीरथ राव के कार्यक्रमों का ढिढोरा खूब पीटा गया लेकिन कुछ नही बदला। आज भी हिरण्यवती अपने बदहाल स्थिति को झेल रही है।

## भाजपा आरएसएस ने हमेशा किया बापू और डॉ. आंबेडकर का अपमान : आलोक प्रसाद



**देवरिया**। कांग्रेस द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे जय बापू, जय भीम,जय संविधान कार्यक्रम के तहत रामपुर कारखाना क्षेत्र के ग्राम सभा कमधेनवा में चौपाल का आयोजन किया गया।

चौपाल को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष जनपद के प्रभारी आलोक प्रसाद ने कहा कि अपने स्थापना के समय से ही आरएसएस व भाजपा ने हमेशा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ भीमराव आंबेडकर का अपमान किया है। आरएसएस ने सदैव नाथूराम गोडसे का महिमामंडन कर गांधी जी के विचारधारा को कमजोर करने में लगा है। कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि डॉ आंबेडकर का अपमान कर भाजपा संविधान को बदलने का हर प्रयास कर रही है।

संक्षेप

## युवक का फंदे पर लटका मिला शव

सीतापुर।कोतवाली महोली क्षेत्र के चौफरा गांव निवासी जसदीप उम्र 21 वर्ष पुत्र दिल्ली वर्तमान समय में शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हबीबपुर लोनियनपुरवा में रह रहा था। उसकी ससुराल पिसावा थाना क्षेत्र के ग्राम मुस्तफाबाद में है।सोमवार को जसदीप का शव पनहैया पुल के निकट एक पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका पाया गया। बताया जा रहा है कि जसदीप उत्तराखंड के हरिद्वार में मौजूद एक फैक्ट्री में काम करता था। हाल ही में वह हरिद्वार से अपनी ससुराल मुस्तफाबाद आया था। अब उसका शव फांसी के फंदे पर लटका पाया गया। घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं हैं। घटना के सम्बंध में पिसवा थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि परिजनों द्वारा कोई आरोप अभी नहीं लगाया गया है।मृत्यु का कारण स्पष्ट करने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही आगे बढ़ाई जाएगी।

## नोडल शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

लहरपुर/सीतापुर।सर्व शिक्षा अभियान की समेकित शिक्षा के अंतर्गत नोडल शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ ब्लॉक संसाधन केंद्र पर किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को विशिष्ट आवश्यकताओं वाले छात्रों को सीखने की प्रभावी जानकारी दी गई।संदर्भदाता राजीव कुमार ने नोडल शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि, दिव्यांग छात्रों को कक्षा शिक्षण में समेकित करने के लिए यह प्रशिक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण और उपयोगी है, मूक-बधिर बच्चों को सांकेतिक भाषा के माध्यम से सिखाया जाता है, सांकेतिक भाषा बहुत ही सरल है थोड़ा प्रयास करके सांकेतिक भाषा को सीखा जा सकता है। इस मौके पर शिक्षकों को सांकेतिक भाषा की जानकारी दी गई और अभ्यास भी कराया गया। विशेष शिक्षक इंदु देवी ने श्रवण दोष और दृष्टि बाधित बच्चों को चिन्हित कर उनकी आवश्यकता को केन्द्रित कर सीखने में सहायता करने के बारे में जानकारी दी। शिक्षक महफूज खां ने सहायक उपकरणों के रखरखाव तथा उनके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर शिक्षक मोहम्मद आमिर, हरीश कुमार, नरेंद्र कुमार वर्मा, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार वर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## नहर में मिला महिला का शव

पुरवा, उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब नहर में महिला का शव उतराता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। प्राप्त विवरण के अनुसार मौरावां थाना क्षेत्र के गांव उदोतपुर मजरे अकोहरी में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव की माया देवी पत्नी स्व० राधेलाल उम्र लगभग 40 वर्ष मौरावां नहर में उदोतपुर गांव के समीप एक व्यक्ति के घर के सामने शव उतराता मिला। खबर से मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी और ग्रामीण तरह-तरह के कयास लगाते रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माया देवी की मौत से उसकी दोनों बेटियों व पुत्र का रो-रो कर बुरा हाल है। बड़ी बेटी रेनू जो कि शादीशुदा, छोटी लड़की कंचन उम्र १६ वर्ष पुत्र अर्जुन उम्र २० वर्ष के सिर से माता-पिता का साया उठ गया है क्योंकि पिता की मौत भी पहले हो चुकी है।घटना के सम्बन्ध में थानाध्यक्ष मौरावां चंद्रकांत सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत

बिछिया, उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के अंतर्गत युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गयी। अचलगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बंथर निवासी शिवम रावत (24) पुत्र राजकुमार ट्रक चालक था। उसके बड़े भाई दही थानाक्षेत्र मद्दीखेड़ा गांव में घर बनाकर रहते हैं। सोमवार को उसकी बेटी सिमरन के जन्मदिन मनाने के लिए शिवम दो दिन पहले भाई के घर आ गया था। रविवार रात नौ बजे अपने पिता को लेने के लिए बाइक से बंथर गांव के लिए निकला था तभी वह बाइक से दरोगा खेड़ा गांव के पास सड़क पर लोडर में खराबी आने के खड़ा था जिसमे उसकी बाइक टकराने से मौत हो गई। बड़े भाई अजीत ने बताया कि शिवम की साल 2023 में अंजू से शादी हुई थी। मन-मुटाव के चलते पांच महीने से वह रायबरेली के कन्हईखेड़ा अपने मायके में रह रही है। अभी कोई बच्चा नहीं है। वह चार भाईयों में सबसे छोटा था। बेटे की मौत से मां राजदेवी, ट्रक चालक पिता और अन्य परिजन बेहाल हैं।

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित हल करें



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

तहसील मिश्रित में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रित पंकज सक्सेना, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील मिश्रित में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 30 शिकायतों में से 04 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लहरपुर में प्राप्त 32 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील सिधौली में प्राप्त 27 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 16 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील सदर में प्राप्त 12 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील बिसवां में प्राप्त 18 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील महोली में प्राप्त 17 प्रार्थना-पत्रों में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## योजनाओं से संबंधित प्रकरणों को तेजी से निपटायें: शशांक त्रिवेदी



महोली/सीतापुर।जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। महोली तहसील में विधायक शशांक त्रिवेदी व उपजिला अधिकारी शशीबिंद द्विवेदी ने फरियादियों की समस्याओं कोसुना।

इस समाधान दिवस पर कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें राजस्व 14, पुलिस 01, विकास 02 किसी भी समस्या का निस्तारण न हो सका। इस अवसर पर विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि लाभार्थी परक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों पर तेजी से निस्तारित किया जाए जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई है उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंच कर गुणवत्तापूर्ण करें। मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि एक छत के नीचे फरियादी की समस्या का समाधान हो सके। उप जिलाधिकारी शशीबिंद द्विवेदी ने कहा कि सरकार द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका लाभ पात्र व्यक्ति को अवश्य दिया जाए।किसी भी फरियादी को बार-बार दौड़ न लगानी पड़े। लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं होगी। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को बांटे गये कंबल



सीतापुर।छैल बिहारी ट्रस्ट तथा अन्नपूर्णा सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के लिये कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जेल सुपरिंटेंडेंट सुरेश कुमार सिंह तथा जेल प्रशासन की मौजूदगी में नवीन द्विवेदी अध्यक्ष अन्नपूर्णा सेवा संस्थान तथा राहुल त्रिवेदी एडवोकेट अध्यक्ष छैल बिहारी ट्रस्ट सीतापुर व संस्था के अन्य पदाधिकारियों के द्वारा सीतापुर जिला कारागार में 100 से अधिक मानसिक विक्षिप्त, बीमार तथा वृद्धि बंदियों को कंबल वितरित किए गए।इस अवसर पर जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने कहा कि वे सभी संस्थाएं बधाई की पात्र हैं जो समाज सेवा के साथ-साथ जेल में बंद समाज का एक ऐसा वर्ग जिससे अधिकतर लोगों ने मुंह मोड़ लिया हो उस वर्ग का भी खयाल रखते हुए उनकी जरूरतों को पूरा करने का कार्य करते हैं। राहुल त्रिवेदी एडवोकेट ने कहा किसी जरूरतमंद की सहायता करके मन को जो शांति मिलती है वह किसी अन्य कार्य में नहीं मिलती। हमें समाज के हर गिरे पड़े वर्ग का खयाल रखना चाहिए। नवीन द्विवेदी अध्यक्ष अन्नपूर्णा सेवा संस्थान ने कहा अन्नपूर्णा सेवा संस्थान की स्थापना ही इसी उद्देश्य से हुई थी कि हमारे समाज में कोई भी वर्ग भूखा, नंगा और शिक्षा से वंचित न रहे। हम लोग आज भी अपने उसी उद्देश्य पर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर आशीष सिंह गौड़ एडवोकेट, राजेश शर्मा, आशीष सक्सेना, आदर्श गुप्ता, प्रवीण कुमार मेहरोत्रा, अजय प्रकाश शर्मा, कौशल कुमार, यासीन इब्ने उमर, नितिन रस्तोगी तथा डिप्टी जेलर विजयलक्ष्मी गुप्ता, चीफ वार्डन लोकेंद्र शर्मा व अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे। कंबल पा कर बंदियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## चेयरमैन की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक



महमूदाबाद/सीतापुर। नगर पालिका बोर्ड बैठक पालिका सभागार में चेयरमैन मोहम्मद अहमद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सभासदों ने सफाई, प्रकाश व्यवस्था, विकास कार्यां से जुड़े प्रस्ताव रखे। शासन द्वारा वार्डां में कराए जा रहे मकान सर्वे में सभासदों की भी भूमिका रखे जाने की मांग हुई। संगत किला में तीन करोड़ 15 लाख की कीमत से बारात घर बनाए जाने के लिए शासन द्वारा धन स्वीकृत किया गया है। सुंदौली वार्ड में ओपन जिम बनाए जाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है जिसे जल्द ही स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।सोमवार को पालिका सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में उक्त जानकारी देते हुए ईओ शैलेंद्र दुबे ने गत माह की आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया।

ईओ ने बताया कि दिसंबर माह में पालिका को चार करोड़ अस्सी लाख 91 हजार दो सौ आठ रुपए की आय हुई। पालिका द्वारा दो करोड़ 64 लाख 17 हजार नौ सौ छियासी रुपए व्यय किये गए। चेयरमैन मोहम्मद अहमद ने अगली बोर्ड बैठक तक पालिका के सभागार को सुसज्जित तरीके से बनवाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही नगर सीमा पर सभी स्वागत द्वार एक माह के अंदर लगवाने की बात कही। सभासद उमेश वर्मा, बीना गुप्ता द्वारा सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने की मांग की गई। सभासद अय्यूब अहमद डंपी ने सभासदों का मानदेय बढ़ाने का मांगपत्र शासन को भेजने का प्रस्ताव रखा। गत बोर्ड बैठक में सांसद के सामने नाराजगी के बाद पहली बार जेई दीपमणि पांडेय पालिका बैठक में उपस्थित हुए। इस दौरान सभासद संघ अध्यक्ष चक्र सुदर्शन पांडेय, मो0 आसिफ सईद, बदर अहमद, सहित कई अन्य सभासद मौजूद रहे।

## समीक्षा बैठक में एसडीएम ने मातहतों को निर्देश दिए

पुरवा, उन्नाव। एसडीएम ने तहसील सभागार में मातहतों के साथ समीक्षा बैठक की और दिशा निर्देश दिए। सोमवार को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर ने राजस्व कर्मियों के साथ बैठक की। उपजिलाधिकारी ने बीस बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री सर्वर की समस्या के चलते जहां नहीं हो पा रही है, वहां के किसानों को शाम के समय गांव में ही चैपाल लगाकर जनसेवा केंद्र के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री कराएं। साथ ही अंश निर्धारण को जल्द से जल्द पूर्ण करें और त्रुटिवश दर्ज अंश को सही कराकर दर्ज कराएं। एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने उक्त कार्य को समय पर करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान राजस्व निरीक्षक ब्रजेश सिंह, लेखपाल मर्दन सिंह, आशू श्रीवास्तव, वैक्रांत, अरुण कुशवाहा, प्रशांत पांडेय आदि मौजूद रहे।

## सीएचसी का सीडीओ ने किया निरीक्षण



लहरपुर/सीतापुर। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर दिये निर्देश। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल के स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अचानक पहुँचने से मचा हड़कंप, निरीक्षण के दौरान मरीजों से संपर्क कर दवाओं व डॉक्टरों के बारे में जानकारी प्राप्त की, उन्होंने मरीजों के लिए बनने वाले भोजन व रसोई घर का निरीक्षण करने के साथ-साथ दवा वितरण कक्ष, लेबर रूम केएमसी वार्ड, लैब, एक्स-रे सहित अन्य वार्डो की गहनता से जाँच की और अस्पताल की साफ सफाई और व्यवस्था देखकर हर्ष व्यक्त करते हुए अधीक्षक डॉक्टर अरविंद बाजपेई को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) व कायाकल्प योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को आवेदन करने के लिए निर्देशित किया, इस मौके पर सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## दिव्यांग भर्ती में संशोधन करने के लिए प्रतिवेदन दिया



उन्नाव। दिव्यांग शिक्षकों ने अपने दिव्यांग भर्ती में संशोधन करने हेतु प्रतिवेदन दिया। इस अवसर पर जनपद उन्नाव के सुदूर क्षेत्रों में स्थित परिषदीय शिक्षकों ने अपनी शारीरिक परिस्थितियों की चिंता ना करते हुए बेसिक शिक्षा कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही उपस्थित कर्मचारी द्वारा दिव्यांग शिक्षकों के प्रति संवेदनहीनता पर नाराजगी भी जाहिर की ज्ञात हो कि शासन ने नवंबर 2019 से सभी कर्मचारी शिक्षकों को दिव्यांग भत्ता रु 1000 देने हेतु शासनादेश जारी किया था।

परंतु विभाग के अधिकारियों द्वारा टालमटोल किया जा रहा है ज्ञापन देने वालों का कहना था कि जनपद में ही कई शिक्षकों को इस शासनादेश से यात्रा भत्ता 1000 रुपए प्राप्त हो रहा है इस विषय पर शिक्षकों ने न्यायालय का सहारा भी लिया जिसमें एडवोकेट प्रणव पांडे द्वारा न्यायालय में इस विषय में वाद भी दाखिल किया गया था जिसका फैसला दिव्यांग शिक्षकों के पक्ष में आया था और उन्हें दिव्यांग भत्ता दिए जाने की बात कही गई थी शिक्षकों बताया कि दिव्यांग शिक्षकों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है अधिकतर परिषदीय विद्यालय में दिव्यांग शौचालय नहीं है सुलभ यातायात की व्यवस्था न होने वाले सुदूर क्षेत्र में दिव्यांग शिक्षक कार्यरत हैं विभिन्न ड्यूटी जैसे बोर्ड परीक्षा आदि में लगाकर उन्हें ऐसे विद्यालय भेज दिया जाता है जहां ड्यूटी कर पाना संभव नहीं है दिव्यांग शिक्षकों में कई ऐसे दिव्यांग शिक्षक भी थे जो बिना किसी सहारे के चलने में असमर्थ हैं। परंतु फिर भी उन्हें छोटे-छोटे कार्य के लिए ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ते हैं। आज की प्रतिवेदन कार्यक्रम में लगभग 30 से 35 दिव्यांग शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार रेखा सिंह मोहिनी गौर जमील अहमद संदीप द्विवेदी आदि से पूछने पर मीडिया कर्मियों के समक्ष इन्होंने अपनी पीड़ा व्यक्त की यह अवसर पर जूनियर शिक्षक संघ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिक्षक संगठनों की अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम-एसपी ने परिक्रमा पड़ाव स्थल और मार्ग का किया निरीक्षण



सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सोमवार को 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला मिश्रिख तीर्थ-2025 की तैयारियोंध्व्यवस्थाओं के संबंध में निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम दधीचि कुंड पहुंचकर होली परिक्रमा में आने वाले श्रद्धालुओं की जानकारी लेते हुये निर्देशित किया कि मंदिर परिसर के आस-पास की दुकानों को कहीं और स्थानान्तरित किया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि होली परिक्रमा मेला शुरू होने से पहले साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय आदि व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जायें ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न होने पाये। सुरक्षा के दृष्टिगत मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरा, बैरीकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था आदि करायी जाये ताकि भीड़ की स्थिति में अव्यवस्था उत्पन्न हो। कुंड की सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया तथा सभी पड़ावों को जाने वाली सड़कों को दुरूस्त किया जाये तथा पर्याप्त प्रकाश हेतु लाइटें भी लगवायी जायें। श्रद्धालुओं हेतु सभी पड़ावों पर वैकल्पिक शौचालय, शुद्ध पेयजल, ठहरने हेतु उचित व्यवस्था ससमय कर दी जाये। उन्होंने प्रथम पड़ाव के द्वारकाधीश मंदिर में पहुंचकर निर्माणाधीन कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि कार्य में गतिशीलता लाते हुये जल्द से जल्द कार्यों को पूर्ण किया जाये ताकि होली परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने द्वितीय कोरौना से हरैय्या मार्ग का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित को निर्देश दिये कि सड़कों को दुरूस्त किया जाये एवं साफ-सफाई भी करायी जाये।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने होली परिक्रमा मेला के दृष्टिगत संबंधित को निर्देश दिये कि सुरक्षा के दृष्टिगत बैरीकेटिंग, सीसीटीवी कैमरे, पुरूष एवं महिला हेतु अलग-अलग लाइनें एवं पर्याप्त पुलिस बल तैनाती रखी जाये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रित पंकज सक्सेना सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस: 59 शिकायतों में 5 का मौके पर निस्तारण



पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील मुख्यालय में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी (वि/रा) सुशील कुमार गौड़ की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कुल 59 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 5 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अपर जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की सुनवाई से पूर्व पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। सुनवाई के दौरान कस्बा पुरवा निवासी सगीर अली ने भूमि की पुनः पैमाइश कराने की मांग की, जबकि ग्राम जगतपुर की ग्राम प्रधान निशा देवी ने सरकारी स्कूल व ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। ग्राम मदरसा खेड़ा की किरन देवी ने घर के सामने सहन की भूमि पर जबरन कब्जे की समस्या रखी, वहीं ग्राम देवाखेड़ा निवासी अशोक कुमार ने तकिया मेले में मिक्की माउस झूला जलाए जाने की शिकायत की। शिकायतों के विभागवार आंकड़ों के अनुसार, सर्वाधिक 27 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं। पुलिस विभाग से 10, विकास विभाग से 8, समाज कल्याण से 1, और अन्य विभागों से 13 शिकायतें प्राप्त हुईं। अपर जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह, नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला, क्षेत्राधिकारी ऋषिकांत शुक्ला, खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी, खंड शिक्षाधिकारी शुचि गुप्ता समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## लोहिया इण्टर कॉलेज फाइनल मैच जीतकर बना चैंम्पियन



तम्बौर/सीतापुर।कस्बे के पूर्व चेयरमैन झब्बन बेग के आवास पर दो दिवसीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन नेशनल पब्लिक स्कूल तंबौर के मैनेजर अरकम बेग द्वारा आयोजित किया गया। बैडमिंटन चैंपियनशिप टूर्नामेंट का उद्घाटन थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह, भाजपा नेता जयकुमार वर्मा, पूर्व चेयरमैन झब्बन बेग सुयस श्रीवास्तव सभासद ने फीता काटकर किया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच नेशनल पब्लिक स्कूल तंबौर और लोहिया इण्टर कॉलेज तंबौर के बीच खेला गया जिसमें एक बार फिर लोहिया इण्टर कॉलेज फाइनल मैच जीतकर चैंम्पियन बनी। लोहिया इण्टर कॉलेज के बैडमिंटन प्लेयर उस्मान ठेकेदार, हाजी रईस ठेकेदार रहे। रनर टीम में दाऊद खान व आजम बाबा रहे। टूर्नामेंट में करीब 16 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का समापन पूर्व चेयरमैन झब्बन बेग, नवाव साहब पुरवा के सभासद सैय्यद रेहान ने विजेता टीम को मेडल व सील्ड देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अरकम बेग, साबिर अली, अक्लीम खान, तौकीर खान, फैजान खान, अकमल खान, जनीर बेग, रुस्तम गौरी, ऐनुल हक, वहीद ठेकेदार, खालिद बेग, तारीख बेग, महताब बेग, खालिद मंसूरी, सौरभ द्विवेदी, सलिल श्रीवास्तव, जियाउल हक सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नवनिर्मित पुलिस चौकी का एसपी ने किया उद्घाटन

तम्बौर/सीतापुर। थाना क्षेत्र में नदी के पार समोदीडीह में नवनिर्मित पुलिस चौकी का सोमवार को सुबह एसपी चक्रेश मिश्रा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने चौकी को जनता के समर्पित करते हुए कहा कि इस चौकी



के संचालन से क्षेत्र में अपराध पर लगाम लगेगी और अपराधियों पर भी अंकुश लगेगा। एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि तम्बौर थाना क्षेत्र से नदी के इस पार का हल्का क्षेत्र काफी बड़ा था, जिसके कारण यहां अपराधी अक्सर अपराधों को अंजाम दे देते थे। इस कारण इस क्षेत्र में पुलिस चैकी की आवश्यकता थी, ताकि अपराधियों पर सख्त नियंत्रण रखा जा सके। उन्होंने कहा कि अब समोदीडीह पुलिस चौकी के निर्माण से यहां त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध होगी और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। तैनाती और 24 घंटे पुलिस की निगरानी एसपी ने जानकारी दी कि इस चौकी पर दारोगा सहित सिपाहियों को तैनात किया गया है और अब यहां 24 घंटे पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी। इससे क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति बढ़ेगी, जिससे अपराधी डरेंगे और अपराध की घटनाओं में कमी आएगी। एसपी ने इस मौके पर स्थानीय लोगों से संवाद किया और उन्हें पुलिसिंग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा जनता के लिए काम करती है और चौकी के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। इस उद्घाटन समारोह में पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, सीओ सुशील कुमार यादव, थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक अवनेश कुमार, कस्बा इंचार्ज अमित दुबे, चौकी इंचार्ज समोदीडीह कृष्ण दिवाकर, चौकी इंचार्ज दलपदपुर सेलन्द्र सिंह, हेड मोर्रिर अरुण कुमार पाल, हेड कांस्टेबल बृजकिशोर पाल सहित समस्त पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों को बांटे कंबल



सीतापुर। पूरे प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड की वजह से गरीब तबका बेहद परेशान है। ऐसे ही लोगों की मदद के लिए सोमवार को समाजसेवी आकाश अग्रवाल बजरंगी के संयोजन में संजीवन ट्रस्ट, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच और रामकृपा सेवा संस्थान के कार्यकर्ता निकले। संगठन के कार्यकताओं ने ग्राम टेडवा चिलौला, पीतपुर, खजूरिया आवासी, रसूलपुर, बिजावर सहित कई गावों मे लगभग 500 से अधिक निर्धन ग्रामीणों को कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक विमल गौतम, विशिष्ट अतिथि राजेंद्र अग्रवाल, इंदू सिंह चैहान, आशीष कश्यप, आकाश मिश्रा, डॉ प्रवीण गुप्ता, अरुणेश अग्रवाल रहे। कार्यक्रम मे प्रधान संघ के अध्यक्ष अवधेश कटियार, संजय लोधी, राम प्रकाश शर्मा, विक्रम सिंह, कुलदीप शुक्ला, शिवांशु मिश्र, हिमांशू अग्रवाल, राजा श्रीवास्तव, मुन्ना लाल कठेरिया, शशांक श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## विशाल शिव शोभा यात्रा को लेकर बैठक

उन्नाव। विशाल शिव शोभा यात्रा समिति उन्नाव द्वारा 26 फरवरी को निकलने वाली विशाल शिव शोभा यात्रा की तैयारी की शुरूआत की बैठक श्री सिद्धनाथ मंदिर प्रांगण उन्नाव में भगवान शिव पर माल्यार्पण कर व शिव बारात के पूर्व संयोजक स्वर्गीय राजकुमार निगम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारम्भ किया गया और साथ ही समरसता भोज का भी आयोजन किया गया। बैठक में समिति के संयोजक चन्द्र प्रकाश गुप्ता ने उक्त उद्गार प्रकट किया और जिले के सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए आवाहन किया कि जनपद के सभी मठ मंदिरों से झांकियां निकाली जाती है वहां मंदिर की समितियां बैठक कर वृहद रूप से यात्रा की




तैयारियां शुरू करवा दी जाए जिससे समिति के संस्थापक स्वर्गीय श्री राजकुमार निगम के सपनों को साकार करते हुए जिले के सभी क्षेत्रों में भ्रमण कर बैठकें आहूत की जाएगी और प्रयास किया जाएगा। बैठक में विशाल शिव शोभा यात्रा के जिला प्रभारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने भी अपने संबोधन में कहा कि जिले के सभी कार्यकताओं को अपने-अपने क्षेत्र में सभी गांव, नगर में भगवा ध्वज लगाकर एवं बाइक रैली निकालकर सभी सनातनी भाइयों से यह निवेदन किया कि विशाल शिव शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शिव शोभा यात्रा में शामिल हो। समिति की मातृशक्ति संयोजिका रेखा शुक्ला ने सभी बहनों को संबोधित करते हुए शोभा यात्रा में भाइयों का पूर्ण सहयोग करने का आवाहन किया। बैठक की अध्यक्षता स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी ने की और सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन समिति के सह संयोजक विनोद शर्मा ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित श्रीकान्त शुक्ला, रामचन्द्र गुप्ता, कमलेश शुक्ला, ज्ञानेंद्र पाठक, पंडित सुरेश मिश्रा, भव्य शंकर अवस्थी, विनोद शर्मा, मनीष चंदेल, रामप्रकाश कुशवाहा, रेखा शुक्ला, वेद प्रकाश तिवारी, मदन मोहन शुक्ल, शैलेन्द्र द्विवेदी, रवीन्द्र सिंह, श्रवण राजपूत, रामपाल, छेदीलाल, राहुल, सुरेश कुरील आदि लोग उपस्थित थे।

## टॉप 10 अपराधी गिरफ्तार

सीतापुर। महोली कोतवाली पुलिस को टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार करने में सफलता मिली हैं। पुलिस के अनुसार दिनाई पुत्र लक्ष्मण निवासी फत्तेपुर थाना महोली को उसके घर से सुनील कुमार सिंह हेड कांस्टेबल धीरेंद्र सिंह अंकित द्वारा गिरफ्तार किया गया हैं। पकडे गए आरोपी के विरुद्ध थाना पिसावा में धारा 380 मे मुकदमा दर्ज था। वह फरार चल रहा था। सूचना पाकर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

संक्षेप

## ग्राम प्रधान को गोली मारने के दो आरोपी गिरफ्तार

**बांदा।** जिले के बिसंडा थाना क्षेत्र के तेंदुरा गांव के प्रधान व पत्रकार राम लाल जयन को गांव के ही दो युवकों ने कथित तौर पर तमंचे से गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले में हत्या के प्रयास और आयुध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तेंदुरा निवासी राघव सिंह और कुलदीप द्विवेदी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि राघव सिंह के खिलाफ बिसंडा थाने में हत्या के प्रयास समेत चार मामले पहले से दर्ज हैं।

बिसंडा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि घटना शनिवार की है। पुलिस ने मामले में अपनी तरफ से प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 315 बोर के दो तमंचे, दो कारतूस और तीन खोखे बरामद किये गये हैं। एसएचओ ने बताया कि अभी तक पीड़ित परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद उसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस की प्राथमिकी को उसमें जोड़ दिया जाएगा। परिजनों के अनुसार स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद घायल पत्रकार को लखनऊ के किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## बुंदकी चीनी मिल ने 16 करोड़ से अधिक का गन्ना मूल्य भुगतान समितियों को भेजा

**नगीना, बिजनौर।** द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी ने 13 जनवरी तक खरीदे गए गन्ने का मूल्य भुगतान संबंधित गन्ना समितियों को भेजा है। द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी ने सोमवार को चालू गन्ना पेराई सत्र के सात जनवरी से 13 जनवरी 2025 तक खरीदे गए गन्ने के मूल्य भुगतान की धनराशि 16 करोड़ 45 लाख, 69 हजार रुपये से अधिक चीनी मिल की संबंधित गन्ना समितियों नगीना, नजीबाबाद व बिजनौर को भेज दी है। यह जानकारी देते हुए द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी के मुख्य महाप्रबंधक ( गन्ना प्रशासन ) रमेश परशुरामपुरिया ने मिल क्षेत्र के गन्ना किसानों से इस अवधि में मिल को आपूर्ति किए गए अपने गन्ने का मूल्य भुगतान प्राप्त कर लेने व मिल को साफ, ताजा एवं पत्ती अगोला रहित गन्ना ही आपूर्ति करने की अपील की है।

# स्थल पर जाकर करायें समस्याओं का निस्तारण: जिलाधिकारी

**ललितपुर।** सोमवार को शासन के निदेर्शानुसार तहसील पाली में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जहां जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने फरियादियों को अपने समीप बुलाकर उनकी समस्याओं को सुना और कुछ समस्याओं को मौके पर निस्तारित कराया इसके अलावा शेष शिकायती पत्रों को सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्ठि ही निस्तारण का मानक माना जाए, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु धरातल स्तर

- डीएम, एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील पाली में सुनी जनशिकायतें

पर जायें और अपनी निगरानी में समस्या का निस्तारण करायें। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 28 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 12, पुलिस का 01, चकबंदी के 05, विद्युत के 03, कृषि विभाग के 02 तथा अन्य विभागों के 05 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 08, पुलिस के 03, विद्युत के 03, विकास का 01 तथा अन्य विभागों के 06 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 13, विकास के 06, पुलिस के 08, विद्युत के 03, पूर्ति के 12 तथा अन्य विभागों के 05 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 04 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 36 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 10, पुलिस विभाग के 08, विकास के 02, पूर्ति के 07, विद्युत के 02, चकबंदी का 01, नगर पंचायत का 01 तथा अन्य 05 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 04 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, विकास का 01, पुलिस के 06 तथा अन्य विभागों के 05 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय, डीएफओ गौतम सिंह, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, एसडीएम पाली सैयद सानिया सोनम एजाज सहित अन्य जनपदस्तरीय व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में नदारद अफसरों पर डीएम का सख्त रुख



**बांदा।** तहसील अतर्रा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संपूर्ण समाधान दिवस में प्रातः 10 बजे उपस्थिति दर्ज कराएं। उन्होने अनुपस्थित 24 अधिकारियों के लिए कड़ा रूख

- 24 से स्पष्टीकरण, कई का रोका वेतन

अख्तियार किया और तीन दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होने 10:30 बजे तक अनुपस्थित रहे अधिकारियों का एक दिन का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोके जाने के भी निर्देश दिए।

अनुपस्थित अधिकारियों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीडी डीआरडीए, डीसी मनरेगा, उपायुक्त एन आर एल एम, जिला प्रोवेशन अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण, पीओ डूडा, अधिशाषी अभियंता जल निगम, विद्युत, सिंचाई, जिला उद्यान अधिकारी व अन्य अधिकारी अनुपस्थित रहे। उन्होने जिला स्तरीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सवेरे 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण अवश्य करें। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, आपूर्ति, विद्युत व अन्य विभागों से संबंधित 61 शिकायतें मिलीं, जिनमें 4 का मौके पर निस्तारण हुआ। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवशेष 57 शिकायतों का निस्तारण समय पर गुणवत्ता के साथ किया जाए इसमें किसी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नही की जाएगी। डीएम ने भूमि विवाद संबंधी मामलों को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमों को तिथि निर्धारित कर निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम भदावल के कोटेदार के राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत पर आपूर्ति निरीक्षक को तत्काल जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। चैंसड़ गांव में भूमि विवाद संबंधी झगड़े में लेखपाल को मौके पर भेजने, महुआ गांव के फरियादी की भूमिहीन होने पर आवासीय पट्टा देने की मांग पर तत्काल जांच कर लेखपाल को पट्टा दिलाने की कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम डभनी में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, ग्राम तुर्रा के फरियादी ने खतौनी में नाम संशोधन करने और संपत्ति विवाद के प्रकरण में भतीजे के मारपीट व धमकी देने की शिकायत पर एचएसओ अतर्रा को मौके पर जाकर मामले के निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होने जिला पंचायत अधिकारी को ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राजेश कुमार द्वारा कार्य में शिथिलता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य, एसडीएम राहुल द्विवेदी, तहसीलदार सतीश कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

महोबा। तहसील महोबा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी जितेंद्र सिंह द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। तहसील महोबा से कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।इसी प्रकार तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में 20 में से 2 तथा तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में 5 में से 2 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।

## जनसामान्य की शिकायतों का गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में निस्तारण करें: डीएम

जिला संवाददाता(vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निदेर्शों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए।

जिलाधिकारी जसजीत कौर आज तहसील चांदपुर के डबाकरा हॉल में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवतापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और जिम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लम्बित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यो का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे।

उन्होने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप, से प्राप्त कर लें, शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सके। उन्होंने कहा कि आज उनके सम्मुख राजस्व विभाग से संबंधित सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा एवं खतौनी में नाम का इंदराज न होना आदि शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि उक्त शिकायतों के निराकरण के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए गए हैं तथा राजस्व संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए शीघ्र ही अभियान चलाया जाएगा, ताकि इनकी पुनवृत्ति न होने पाए।

संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर 85 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 03 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य चिकित्साधिकारी कौशलेन्द्र सिंह, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, उपजिलाधिकारी चांदपुर नितिन तेवतिया, जिलास्तरिय अधिकारी सहित अन्य अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## औद्योगिक प्रदूषकों के लिए आवरण है पराली : रुद्रांक



**महोबा।** एक कार्यक्रम में बोलते हुए रुद्र रावत रुद्रांक ने कहा कि हर साल सर्दियों में पराली जलाने को प्रदूषण के लिए सबसे बड़े कारणों में गिना जाता है। लेकिन विशेषज्ञ और शोध बताते हैं कि पराली जलाने का योगदान कुल वायु प्रदूषण में काफी सीमित है। असल में, यह बड़े औद्योगिक प्रदूषकों और शहरी गाड़ियों से निकलने वाले धुएं से ध्यान हटाने का एक साधन बन चुका है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में किसान, धान की कटाई के बाद बची पराली को जलाने के लिए मजबूर हैं। लेकिन यह समस्या सिर्फ 45-60 दिनों तक सीमित रहती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पराली जलाने से होने वाला प्रदूषण दिल्ली-एनसीआर के कुल वायु प्रदूषण में केवल 6-8 प्रतिशत का योगदान देता है। इसके विपरीत, औद्योगिक गतिविधियों का योगदान 38 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में बढ़ते वाहनों का योगदान 28 प्रतिशत है। देशभर में चलने वाले थर्मल पावर प्लांट्स, जिनकी संख्या 200 से अधिक है, वायु प्रदूषण का 14 प्रतिशत हिस्सा पैदा करते हैं। इन आंकड़ों के बावजूद, किसानों पर जुमानें और कड़ी कार्रवाई का बोझ डालना न केवल अनुचित है, बल्कि पर्यावरणीय समस्याओं से ध्यान भटकाने का प्रयास है।

## रिक्शा चालकों को गर्म जैकेट की वितरित



**बिजनौर।** बैटरी रिक्शा चालक एसोसिएशन की ओर से सैकड़ो रिक्शा चालकों को ठंड से बचाने के लिये गर्म जैकेट वितरित की। बिजनौर के जजी रोड स्थित सीतापुर नेत्रालय के प्रांगण में बीते दिन आयोजित जैकेट वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बैटरी रिक्शा चालक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दीपक गर्ग मोनू ने कहा कि बैटरी रिक्शा चालक एसोसिएशन अपने साथियों के साथ हमेशा खड़ी है। एसोसिएशन उन्हें कोई भी परेशानी आने नही देगी। इस मौके पर एसोसिएशन की ओर से सैकड़ो रिक्शा चालकों को जैकेट वितरित की। कार्यक्रम में एसोसिएशन के महासचिव नानक चांदखेड़ा, संरक्षक एडवोकेट संजय शर्मा, संरक्षक पूर्व बार अध्यक्ष एसके बबली, प्रमोद प्रधान, गौरव खेड़ा कोषाध्यक्ष, कमल कुमार, दिलशाद अंसारी, सुरेश शर्मा, बाबू भाई, शाहनवाज, सलमान, इसरार, एहसान कुलदीप सैनी, संगठन के अन्य पदाधिकारियो ने सामूहिक रूप से 501 रिक्शा चालकों को जैकेट वितरित की।

## शिक्षक एक रहेंगे, हासिल होंगी उपलब्धियां : प्रदेश अध्यक्ष



**बांदा।** ऐतिहासिक प्रथम मंडलीय सम्मेलन, शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन आदर्श बजरंग इंटर कालेज में हुआ। प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सरकार ने शिक्षकों को जो कुछ भी दिया है। वह लंबे संघर्षों व बलिदानों के परिणाम स्वरूप मिला है। यदि शिक्षक एक रहेंगे तो उन्हे उपलब्धियां हासिल होती रहेंगी। अन्यथा सरकार का उपलब्धियों को समाप्त करने का कुचक्र जारी रहेगा। उन्होने आगरा में हुए प्रांतीय सम्मेलन कर जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षकों की भारी तादाद को देखते हुए यह आशा की जा रही है कि आने वाले समय में शिक्षकों की सभी मांगों को मानने के लिए सरकार विवश होगी। महामंत्री नरेन्द्र वर्मा, पूर्व विधायक प्रमोद मिश्रा, पूर्व महामंत्री इंद्रासन सिंह व पूर्व विधायक युवराज सिंह ने कहा कि एक समय था जब प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय ओम प्रकाश शर्मा अपनी योग्यता के दम पर विधान परिषद की चचाओं का रूख बदल दिया करते थे। मंडलीय मंत्री, संयोजक मिथिलेश कुमार पांडेय ने अतिथियों एवं शिक्षकों का आभार जताया। संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ सुरेश कुमार त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षक विधायक प्रमोद मिश्रा, संगठन महामंत्री नरेन्द्र वर्मा, पूर्व महामंत्री इंद्रासन सिंह, पूर्व विधायक युवराज सिंह के अलावा मंडल व जिला स्तरीय पदाधिकारी, लगभग 500 शिक्षक, शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

## करंट से ट्रक में लगी आग, चालक की मौत

**बांदा।** बालू भरा ट्रक 11 हजार वोल्ट बिजली लाइन की चपेट में आ गया जिससे उसमें करंट आने से ट्रक चालक की जलकर मौत हो गयी। जबकि हेल्पर ने कूदकर जान बचा ली। बीती देर शाम मटौंध थाना क्षेत्र के मरौली घाट से मटौंध की ओर बालू भरा ट्रक लौट रहा था। जब जिला पंचायत बैरियर के पास पहुंचा तभी भूलवश अचानक चालक ने लीवर खींच दिया जिससे ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन से ट्रक टकरा गया और उसमें आग लग गयी। इस हादसे में ट्रक चालक विवेक सिंह पुत्र शिवमंगल सिंह निवासी ग्राम गड़ड़िया थाना जसपुरा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला और मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## खोए हुए 20 मोबाइल फोन बरामद कर सौंपे



**बांदा।** मुस्कान अभियान के तहत लोगों के 20 एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद कर साइबर क्राइम पुलिस ने उनके स्वामियों को सौंपे हैं। इन मोबाइल फोन की कीमत लगभग 4 लाख रुपये है। खोए हुए मोबाइल के बारे में पुलिस अधीक्षक कार्यालय व साइबर क्राइम पुलिस थाना में लोगों ने मोबाइल खोने की सूचना दी थी। इस मामले पर एसपी अंकुर अग्रवाल ने साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम को खोए हुए मोबाइल फोन बरामद करने के निर्देश दिए थे। इसी के चलते थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने त्वरित एवं कड़ी मेहनत कर अनेक कंपनियों के 20 एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की। खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों ने पुलिस के प्रति आभार जताया। बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम पुलिस थाना ओमप्रकाश यादव, हेड कां0 सत्येन्द्र यादव, कां0 सौरभ सिंह, हिमांशु वर्मा, अंकित व महिला कां0 पूजा चैहान रहीं।

## ससुराल गये युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**बांदा।** कालिंजर थाना क्षेत्र के सिजहरी सढ़ा गांव निवासी संजय 23 की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। रविवार की दोहपर में वह बाइक से ससुराल छतफारा सढ़ा गांव गया था, वहां शाम लगभग 7 बजे उसका शव खेत में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने खेत में शव पड़ा देखा तो तत्काल उसकी ससुराल में जानकारी दी। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये। डॉक्टर ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के दौरान मृतक की पत्नी पुष्पा मायके में थी। मृतक के चाचा परशुराम ने बताया कि संजय की शादी बीते 2 वर्ष पहले हुई थी और वह राजमिस्त्री का काम करता था। कालिंजर थाना के प्रभारी दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलेने के बाद ही मौत के कारणों का खुलाशा हो सकेगा। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

## स्मार्ट सिटी में 60 करोड़ रुपये से होंगे विकास कार्य, नगर निगम ने तैयार किया प्रस्ताव

**बरेली।** स्मार्ट सिटी योजना के तहत नगर निगम ने 15वें वित्त आयोग से मिले अनुदान से शहर में 60 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराने का खाका तैयार किया है। इस राशि से सड़क और नाली निर्माण के कार्य किए जाएंगे। सोमवार को नगर निगम की बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा। जिसके बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। नगर निगम ने शहर के विभिन्न वार्डों में जरूरी निर्माण कार्यों के लिए पार्षदों से सुझाव मांगे थे। इसके बाद कई छोटे-बड़े विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं।मेयर डॉ. उमेश गौतम ने बताया कि 15वें वित्त आयोग के बजट से शहर के कई वार्डों में सड़क और नाली निर्माण का कार्य होगा।

# अंदेखी! नो हेलमेट नो फ्यूल आदेश का पेट्रोल पम्पों पर नही दिख रहा कोई असर



**बिजनौर।** नो हेलमेट नो फ्यूलका आदेश जनपद में पूरी तरह बेअसर दिखाई दे रहा है। सभी पेट्रोल पम्प पर बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों को बिना किसी डर फ्यूल दिया जा रहा है। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने तथा हेलमेट न पहनने के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से परिवहन आयुक्त ने ह्लनो हेलमेट नो फ्यूलह्व की रणनीति लागू करने के निर्देश दिये थे।

जिलाधिकारी बिजनौर ने इस आदेश को सख्ती से लागू कराने के लिये जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी अभय प्रताप सिंह ने जनपद बिजनौर के सभी पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देश जारी करते हुए कहा था कि 18 जनवरी से किसी भी ऐसे दुपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल-डीजल न दें जिन्होंने हेलमेट न पहना हो। यही नहीं आदेश में ये भी कहा गया है कि दुपहिया वाहन के सहयात्री ने भी यदि हेलमेट न पहना हो तो उन्हें पेट्रोल-डीजल न दिया जाये। जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा था कि आदेश 27 जनवरी 2025 से संपूर्ण जनपद में लागू किया जायेगा। आदेश में पेट्रोल पम्प मालिकों से कहा गया है कि वे अपने पेट्रोल पम्पों पर ह्लनो हेलमेट नो फ्यूलह्व के बड़े-बड़े होर्डिंग्स भी लगायें। 18 जनवरी से लागू इस आदेश का अभी तक पालन नहीं हुआ। आदेश के बावजूद सभी पेट्रोल पम्पों पर आज भी सभी वाहन चालकों को बेरोकटोक पेट्रोल-डीजल दिया गया।

# कोई भी पात्र लाभार्थी सरकारी योजनाओं के लाभ से न रहे वंचित: जिलाधिकारी



**ललितपुर।** शासन के निदेर्शानुसार जनपद के सहरिया वाहुल्य गावों, मजरों में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने आज सोमवार को विकासखंड बिरधा की ग्राम पंचायत बालाबेहट के सहारिया बाहुल्य मजरा क्वाटरन में जन चैपाल लगायी। जन चैपाल में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार अन्त्योदय की अवधारणा को साकार करने के लिए लगातार जनपद के पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में जीरो पॉवरटी सर्वे कराकर छूटे हुए पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत चिन्हित लाभार्थियों को

- सहरिया बस्ती में भ्रमण कर लोगों से सुनी जनसमस्याएं, त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारी को दिये निर्देश
- ग्राम बालाबेहट के सहरिया वाहुल्य मजरा क्वाटरन में डीएम ने लगाई चौपाल

प्राथमिकता के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है, जिससे वे विकास की मुख्य धारा से जुड़ सकें। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे, इसके लिए लगातार भ्रमणशील रहकर ग्रामीणों से सम्पर्क करें और गावों में कैम्प लगाकर गरीब, निर्धन व्यक्तियों को इन योजनाओं का लाभ दिलायें।

चैपाल में कुछ ग्रामीणों द्वारा मूलभूत सुविधाओं की कमी बताई गई और गांव में विकास कार्यों की मांग उठायी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने आवास, खाद्यान, शौचालय, विद्युत, जॉबकार्ड, श्रमिक पंजीयन व गैस कनेक्शन आदि से सम्बंधित अधिकारियों को गांव में कैम्प लगाकर प्राथमिकता के आधार पर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने चैपाल में ही ग्रामीणों से जीरो पॉवरटी सर्वे रिपोर्ट का मौखिक सत्यापन कराते हुए लाभार्थियों के नाम पढ़कर सुनाए, जिस पर ग्रामीणों ने सहमति जतायी। उन्होंने बताया कि जनपद में ऐसे गावों जो सहरिया वाहुल्य हैं या जिनमें विकास कार्यों की कमी है, को चिन्हित करते हुए उनमें जनचैपाल लगाकर केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिलाया जा रहा है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने गांव की सहरिया बस्ती में भ्रमण कर लोगों से वार्ता की, उनकी समस्याएं सुनी और उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, डीएफओ गौतम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, जिलाधिकारी पाली सैयद सानिया सोनम एजाज, जल निगम अवनीश सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नवीन मिश्रा सहित आवास, महिला बाल विकास, पूर्ति आदि विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन ने विकास पुरुष शाहनवाज खलील को मानद सदस्य प्रमाण पत्र सौंपा

जिला संवाददाता(vol)



**बिजनौर।** बार एसोसिएशन नगीना की निवर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल के दौरान मुन्सफी परिसर में अधिवक्ताओं व वादकारियो के हित के लिए कराए गये कार्यो की सराहना करते हुए बार एसोसिएशन नगीना के निवर्तमान अध्यक्ष दीपक कुमार बिश्नोई व निवर्तमान महासचिव फरीद अहमद खान ने बार की वर्तमान कार्यकारिणी की उपस्थिति मे चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष व नगर पालिका परिषद नगीना की चेयरपर्सन पुत्र शाहनवाज खलील को बार एसोसिएशन नगीना का मानद सदस्य बनाने का प्रमाण पत्र दिया है। बार एसोसिएशन नगीना की निवर्तमान कार्यकारिणी 2024 के कार्यकाल के दौरान चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शाहनवाज खलील ने निवर्तमान कार्यकारिणी की मांग पर मुन्सफी परिसर मे वकीलों के चेम्बर के बीच में सीमेंटेड रास्ते बनवाये व शौचालयों का निर्माण कराया जिसकी सराहना करते हुए निवर्तमान कार्यकारिणी ने शाहनवाज खलील को बार एसोसिएशन का मानद सदस्य बनाने का प्रस्ताव पारित किया था। सोमवार को निवर्तमान अध्यक्ष दीपक कुमार बिश्नोई व महासचिव फरीद अहमद खान के हस्ताक्षर युक्त मानद सदस्य का प्रमाणपत्र बार एसोसिएशन नगीना के वर्तमान अध्यक्ष अशोक कुमार त्यागी व महासचिव नईम अहमद की उपस्थित में निवर्तमान अध्यक्ष दीपक बिश्नोई व निवर्तमान महासचिव फरीद अहमद खान ने शाहनवाज खलील को उनके आवास पर पहुंचकर प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नगीना बार के वरिष्ठ अधिवक्ता मौ0 आरिफ खान, जहीर अहमद खान, इनामुलहक अंसारी, शहजाद आलम, शशि भूषण गुप्ता, अभिषेक मिश्र आदि अधिवक्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर शाहनवाज खलील ने बार एसोसिएशन नगीना का आभार व्यक्त करते हुए कि वह सदेव अधिवक्ताओं के हित के लिए कार्य करते रहेंगे।

## सफाई कर्मचारी के हितों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा: डॉ. गौडियाल

**बरेली।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य डॉ. सुषमा गौडियाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सभी सरकारी योजनाओं को शत-शत प्रतिशत लागू करवाना मेरी पहली प्राथमिकता है। नगर निगम, स्थानीय निकाय में कार्यरत सफाई कर्मचारी का शोषण बर्दाश्त नहीं होगा। डॉ. गौडियाल राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य नियुक्त होने के बाद पहली बार बरेली आगमन पर सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि महिला सफाई कर्मचारियों को सम्मान दिलवाना उनकी प्राथमिकता है। सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप वेतन, वर्दी, सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध कराई गई। डॉ. गौडियाल ने कहा कि आयोग की सदस्य बनाने के बाद उन्होंने सफाई कर्मचारियों से मुलाकात की और मलिन बस्तियों का दौरा किया। इस दौरान सफाई कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्यों से उनकी समस्याओं को सुनी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह जल्द ही विभागीय अधिकारियों से मिलकर समस्याओं का समाधान करवाएंगी। सफाई कर्मचारियों के हितों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। इससे पहले डॉ गौडियाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय में स्थित मां भारती के मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद डॉ भीमराव अम्बेडकर और भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इस अवसर पर मनोज थपरियाल, आकाश पुष्कर समेत तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ट्रंप राज का आगाज

संयुक्त राज्य अमेरिका में शपथ ग्रहण के साथ डोनॉल्ड ट्रंप राज का आगाज हो गया है। जो बाइडेन अब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति हो चुके हैं लेकिन उनके कार्यकाल में जिस तरह से अफगानिस्तान, पश्चिम एशिया और रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान अमेरिका की भूमिका रही, उस पर तमाम सवाल उठाये गये। अमेरिका युद्ध रोकने में किसी भी तरह की सक्रिय भूमिका से दूर रहा और कई बार तो ऐसा लगा कि कहीं न कहीं बाइडेन व्हाइट हाउस में बैठकर दुनिया भर में युद्ध और अस्थिरता को हवा दे रहे हैं। बाइडेन के राज में जिस तरह अमेरिकी डीप स्टेट पूरी दुनिया में स्थापित सरकारों के खिलाफ काम करता रहा, उन्हें अस्थिर करता रहा, उसके कारण अमेरिकी न सिर्फ छवि खराब हुई बल्कि बाइडेन प्रशासन इस बात के लिए बदनाम भी हुआ कि अमेरिका पूरी दुनिया में स्थापित सरकारों को अस्थिर करने में लगा हुआ है। शायद यही कारण है कि जब चुनाव में डेमोक्रेट प्रत्याशी कमला हैरिस की हार हुई तो भारत में भी लोगों ने राहत की सांस ली, क्योंकि लोगों को आशंका थी कि अगर कमला हैरिस चुनाव जीतेंगी तो अमेरिकी डीप स्टेट और ताकतवर होगा और इसकी गतिविधियां बढ़ जायेंगी जो कि भारत सहित तीसरी दुनिया के तमाम देशों के हित में नहीं होगा।



**ट्रंप राज के आगाज से पहले ही हिंडनबर्ग की दुकान बंद हो गयी है। ट्रूडो की विदाई से भी भारत को बड़ी राहत मिली है।**

बाइडेन प्रशासन में अमरीकी डीप स्टेट ने भारत को भी परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जॉर्ज सोरोस, हिंडनबर्ग, जस्टिन ट्रूडो, निज्जर और गुरुपतवंत सिंह पन्नू आदि के मामलों में जिस तरह अमेरिका ने भारत की घेरेबंदी की, भारत को दबाव में लेने की कोशिश की और चुनावों के दौरान अमरीकी डीप स्टेट की भूमिका महसूस की गयी, उसके कारण भारत में भी ज्यादातर लोग यही चाहते थे कि बाइडेन प्रशासन की विदाई हो और अमेरिका में नये युग का आगाज हो। दरअसल बाइडेन के दौर में अमेरिका का वैश्विक स्तर पर रुतबा घटा और ईरान जैसे देश भी अमेरिका को धमकी देने लगे। बस इसी बात को डोनॉल्ड और ट्रंप और उनकी टीम ने पकड़ा और 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' अर्थात मागा कैंपेन का आगाज किया जो इस हद तक सफल हुआ कि ट्रंप को दुबारा व्हाइट हाउस पहुंचा दिया। ट्रंप को लेकर भी पूरी दुनिया आशंकित है , लेकिन एक बार ट्रंप की कार्यशैली को लोग देख चुके हैं। यही कारण है कि ट्रंप प्रशासन को लेकर अगर आशंकाएं हैं तो उम्मीदें भी कम नहीं हैं। ट्रंप पेशेवर राजनेता कम और व्यवसायी अधिक हैं। इसलिए हर कोई यही अनुमान लगा रहा है कि ट्रंप अमरीका फर्स्ट की नीति अपनायेंगे। इससे कई देशों को परेशानी हो सकती है, भारत को भी व्यापारिक मोर्चों पर असहज स्थिति का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अगर ट्रंप की नीतियों से अमेरिका के आर्थिक तंत्र में तेजी आयेगी तो इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा। अमेरिकी अर्थव्यवस्था की चाल को देखकर तमाम अन्य देशों की आर्थिक नीतियां तय होती हैं। इसलिए अगर अमेरिका को ट्रंप आर्थिक मोर्चे पर आगे बढ़ाने में सफल रहे, तो उसका फायदा पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को मिलेगा। ट्रंप ने युद्ध खत्म कराने का वायदा किया है और इससे बढ़कर उन्होंने अमरीकी डीप स्टेट पर लगाम लगाने की बात भी कही है। अब देखना यह है कि इस मोर्चे पर वे कितना सफल होते हैं। फिलहाल ट्रंप के कामकाज संभालने से पहले ही कनाडा से ट्रूडो की विदाई हो गयी है और उस हिंडनबर्ग की दुकान भी बंद हो गयी जो बार बार अडानी के बहाने भारतीय अर्थव्यवस्था पर अटैक कर रहा था। तो इस तरह ट्रंप का आगाज कम से कम भारत के लिए ठीक ही रहा है। रही बात व्यापार के मोर्चे पर तो इसमें भारत के सामने भी कुछ चुनौतियां आ सकती हैं। ट्रंप टैरिफ बढ़ाकर अमरीका के व्यापारिक हितों को साधने का प्रयास करेंगे लेकिन इस तरह के हथकंडों से निपटने का भारत को पहले ही ठीक-ठाक अनुभव है।

## विचार

जिस तरह पानी को कोई जल, कोई आब, कोई वाटर कहते हैं, उसी तरह एक ही सच्चिदानन्द परमेश्वर को कोई अल्लाह, कोई हरि, कोई गुरु, कोई गॉड कहकर पुकारते हैं।

–रामकृष्ण परमहंस.

जो भलाई से प्रेम करता है, वह देवताओं की पूजा करता है, अनादरणीय प्राणियों का सम्मान करता है और ईश्वर के निकट रहता है।

–इमर्सन.

जिंदगी में जिसे धीरज है और जो कभी मेहनत से नहीं घबराता, कामयाबी उसकी दासी है।

–दयानन्द सरस्वती.

भाषा मनुष्य की बुद्धि के सहारे चलती है, इसलिए जब किसी विषय तक बुद्धि नहीं पहुंचती तो भाषा अधूरी होती है।

–महात्मा गांधी.

# जम्मू-कश्मीर के बाद पीओके बनेगा एजेंडा



प्रदीप मिश्र

यह अनायास नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर को नए रेल मंडल और सोनमर्ग सुरंग की सौगात दी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को मुकुट संग जम्मू-कश्मीर के लिए बेहद जरूरी बता दिया। पाकिस्तान को पीओके का इस्तेमाल आतंकियों के शिविर और प्रशिक्षण के लिए प्रयोग न करने की चेतावनी दी। सबूतों का दावा करते हुए इस बार उन्होंने आर-पार का दावा दोहराने के बजाय साफ बोला-पाकिस्तान इसे खत्म करे वरना...। माना जाए कि पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद पीओके की वापसी का एजेंडा बनाया जा रहा है? जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के लिए पीओके के भारत का भूभाग बनने का इंतजार है? 20 जनवरी को दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बन रहे डोनाल्ड ट्रंप के आतंकवाद-अलगाववाद समर्थक कनाडा को अपने देश का 51वां प्रांत बनाने के मंतव्य और चेतावनी से भारत का भी मनोबल बढ़ा है? पीओके की वापसी के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ से पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय समर्थन की तैयारी कर ली गई है? नियंत्रण रेखा से चंद किलोमीटर दूर जम्मू में जम्मू-कश्मीर और पीओके के मुसलमानों के पाकिस्तान परस्त न होने के लिए प्रशंसा का मतलब पड़ोस के लिए किस तरह समझा जाए? क्या भारत सरकार अब अखंड भारत के एजेंडे पर आगे बढ़ रही है और इस कड़ी में जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को खत्म करने के बाद अब उसकी नजर पीओके को पाकिस्तान के अवैध कब्जे से मुक्त कराने पर केन्द्रित हो रही है।

**पीओके को पुनः भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के कार्यकाल में संसद के दोनों सदनों में 22 फरवरी 1994 को सर्वसम्मत संकल्प लिया गया था। संकल्प का 31वां वर्ष है। भाजपा संकल्प पूरे करने के लिए ही नहीं, शिलान्यास और शुभारंभ के लिए भी जानी जाती है।**

पीओके को पुनः भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के कार्यकाल में संसद के दोनों सदनों में 22 फरवरी 1994 को सर्वसम्मत संकल्प लिया गया था। संकल्प का 31वां वर्ष है। भाजपा संकल्प पूरे करने के लिए ही नहीं, शिलान्यास और शुभारंभ के लिए भी जानी जाती है। संभवतः इस दिशा में बढ़ने के लिए करीब एक साल पहले पीओके बनने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जल्दबाजी को जिम्मेदार बताया था। पाकिस्तान से जीतने की स्थिति के बावजूद संघर्ष विराम और मामले को संयुक्त राष्ट्र संघ ले जाने के लिए नेहरू की आलोचना की थी। केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर की विधानसभा सीटों के पुनर्गठन के दौरान पीओके के लिए विधान सभा की 24 सीटें आरक्षित हैं। पाकिस्तान के अवैध कब्जे के कारण भले ही इसमें चुनाव नहीं हो सका है लेकिन ये जम्मू-कश्मीर विधानसभा के तहत आती हैं और पीओके ठीक उसी तरह भारत का अभिन्न हिस्सा है, जैसे देश का कोई अन्य भाग। पीओके में पाकिस्तान सरकार अप्रत्यक्ष रूप से अवैध शासन कर रही है। 2009 में पाकिस्तान ने मनमाने तरीके से पीओके को आजाद कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान के रूप में विभाजित कर दिया, जिसका क्षेत्रफल 86,267 वर्ग किलोमीटर है। 2017 के आंकड़ों के अनुसार सुन्नी बहुल आजाद कश्मीर की आबादी 45 लाख के करीब है। यहां की विधानसभा में 45 सदस्य चुने जाते हैं। शिया बहुल गिलगित-बाल्टिस्तान की जनसंख्या करीब दस लाख है। जबकि विधानसभा में 33 सदस्य हैं। कंगाली-तंगहाली, जोर-जबरदस्ती, सरकार की उपेक्षा-सेना के उत्पीड़न और अपने ही संसाधनों के उपयोग से वंचित पीओके के आधे-अधूरे नागरिक दिक्कतों से निजात पाने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। बीच-बीच में वह पाकिस्तान सरकार और सेना की मनमानी के खिलाफ सड़क पर उतरते हैं। भारत की ओर निहारते हुए वहां से जो गुहार लगाई जाती है, संज्ञान लिया जाता है। पीओके पर हमारी गंभीरता इससे जाहिर है कि 10 जनवरी 2024 को पाकिस्तान में ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेन मेरियट के मीरपुर दौरे को भारत ने संप्रभुता का उल्लंघन बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई थी। इससे पहले अक्तूबर 2022 में पाकिस्तान में अमेरिका के राजदूत द्वारा इसी क्षेत्र में जाने पर भी विरोध किया गया था। यही नहीं, 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के एक महीने बाद भारत ने पीओके के मीरपुर, मुजफ्फराबाद और गिलगित-बाल्टिस्तान के लिए दूरदर्शन तथा आकाशवाणी से मौसम का हाल बताना शुरू किया। इससे एक साल पहले भारत ने 'राजनीतिक नक्शा' जारी कर पीओके को अपना बताया था।




**पीओके की वापसी के लिए क्या देश ने कर ली है पर्याप्त अंतर्राष्ट्रीय समर्थन पाने की तैयारी?**

याद रहे कि पाकिस्तान सरकार 1990 के बाद से पांच फरवरी को कश्मीर डे यानी कश्मीरी एकजुटता दिवस मनाती है लेकिन पांच अगस्त 2019 के बाद माहौल बदल गया है। 2024 में गिलगित-बाल्टिस्तान में इसके विरोध में बंद और हड़ताल के अलावा कई देशों में प्रदर्शन कर अपनी राय जाहिर कर दी थी। इस्लामाबाद में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। आजाद कश्मीर के अवाम ने दो साल पहले से ही ऐसे कार्यक्रमों से दूरी बना ली है। एक साल पहले इन्होंने ऐसे सभी आयोजन को धोखाधड़ी दिवस बताए थे। जम्मू-कश्मीर में बदलाव ने पीओके के बाशिंदों का जुनून बढ़ा दिया है। वे जानते हैं कि इसके लिए जंग जरूरी है और जीतने के लिए और जुल्म-ज्यादती सहना ही पड़ता है पर मजबूरी के लिए आगे की नस्लें उन्हें कायर और गुनाहगार तो नहीं मानेगी। आजाद कश्मीर में आईएसआई के आतंकी प्रशिक्षण केंद्र हैं। यहां से पानी-बिजली की आपूर्ति पूरे पाकिस्तान में की जाती है लेकिन उनके लिए कुछ नहीं है। शियाओं पर भी दमन चक्र चल रहा है। इस बार पांच फरवरी को देखना होगा कि पीओके के बाशिंदों, सरकार और सेना क्या रवैया अख्तियार करती है? पिछले साल जब विरोध प्रदर्शन हो रहे थे, पाकिस्तान में संसदीय चुनाव की सरगर्मी थी।

भारत में तीन दशक से ज्यादा समय से हर खास मौके पर खलल डालने के लिए पाकिस्तान पथराव, हड़ताल और बंद के हथकंडों से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर राग अलापता था, अब उसके लिए उलटे पड़ने लगे हैं। वहां के लोग मानवाधिकारों की जंग लड़ रहे हैं। चाहते हैं कि सिर्फ पाकिस्तान और भारत ही नहीं, दुनिया के लोकतांत्रिक देश उनकी आवाज सुनें और उनका साथ दें। आंदोलनकारियों के कुछ नेता इतने सक्षम और बिंदास हैं कि वे भारत में घुसपैठ की कोशिश, लांचिंग पैड और जम्मू-कश्मीर के रूट के साथ उन स्थानों के बारे में सार्वजनिक घोषणा करते हैं, जिन्हें निशाना बनाया जाना है। दूसरी ओर पाकिस्तान परेशानियों से घिरा हुआ है। गिलगित-बाल्टिस्तान, सिंध, आजाद कश्मीर और बलूचिस्तान पाकिस्तान से अलग होना चाहते हैं। पाकिस्तानी तालिबानी भी स्वतंत्र देश के लिए आए दिन सुरक्षा बलों पर हमले और मार-काट करते रहते हैं।

## सोशल मीडिया

आम आदमी पार्टी पर बनी फिल्म, अनब्रेकेबल का ये ट्रेलर है। आप फिल्म के ट्रेलर को देख लीजिए आपको समझ आ जायेगा कि बीजेपी इसे क्यों रोकना चाहती है। अरविन्द केजरीवाल.



भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद के छात्रों के साथ 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण और उसे प्राप्त करने में नेतृत्व की भूमिका पर उनके साथ बातचीत की। जेपी नड्डा.



आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में आज केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए 8वें केंद्रीय वेतन आयोग को मंजूरी अभिनंदनीय है। सीएम, योगी.



# उपासना के फल

## अंतर्दृष्टि

साधना उपासना की महान महत्ता का यह प्रतिपादल भरतीय दर्शन और योग शास्त्रों में पग-पग पर मिलता है। इतने पर भी यह देखा गया है कि कई बार विधि विधान का पालन करते हुए भी लोग साधना उपासना के वह लाभ प्राप्त नहीं कर पाते जिनका इस तरह उल्लेख मिलता है। उसका कारण होता है वातावरण का प्रभाव। यह सच है कि अनेक प्राणवान व्यक्ति अपनी तप साधना और संकल्प शक्ति से वातावरण को भी बदल डालते हैं। किन्तु सच यह भी है कि मनुष्य के विकास में वातावरण का प्रभाव बहुत अधिक मात्रा में होता है। साधना उपासना चूंकि व्यक्ति के संस्कारों से संबंध रखती है और प्रत्येक वातावरण अच्छे बुरे संस्कार समाहित रखता है अतएव उच्चस्तरीय साधनाओं में तो स्थान औरवातावरण का महत्व निश्चित ही बहुत अधिक होना चाहिए। वातावरण के प्रभाव की सशक्तता का परिचय देने वाले कितने ही विधेयात्मक एवं निषोधात्मक कथा प्रसंग इतिहास में मिलते हैं। इतिहास की प्रसिद्ध घटना है कि जब कौरव पाण्डवों के युद्ध के लिए स्थान चयन की बात आई तो श्रीकृष्ण ने एक विशेष दूत नियुक्त किया, उसने सर्वत्र युद्ध स्थल की छानबीन की। कुरुक्षेत्र में उसने परस्पर दो सगे भाइयों को युद्ध करते देखा। यह घटना उसने श्री कृष्ण को बताई। फलतः यह क्षेत्र युद्ध के लिए चुना गया। क्योंकि उन्हें संदेह था कि भावनाशील होने के कारण कहीं अर्जुन युद्ध का परित्याग न कर बैठें। श्रवण कुमार के बारे में भी ऐसी ही कथा प्रख्यात है। वह जब अपने माता-पिता को कांवर में लिए तीर्थाटन करा रहे थे, तो एक स्थान ऐसा जहां उसने न केवल कांवर पटक दी अपितु अपने माता-पिता को कटु शब्द भी कहे। उस देश से आगे निकल जाने के बाद उसे अपने कथन पर भारी पश्चाताप हुआ। इस पर उसके पिता ने सांत्वना देते हुए समझाया कि इसमें श्रवण का कोई दोष नहीं। यह स्थान मयदानव का था जिसने कभी अपने माता-पिता को यहीं बन्दी बनाकर मृत्यु के घाट उतार दिया था। कुंती के बारे में भी ऐसी ही घटना का उल्लेख पुराणों में मिलता है। भूमि के संस्कार एक तथ्य हैं, इसे कोई भी पवित्र जलाशयों, देवमंदिरों तथा शमशान घाट में जाकर स्वयं अनुभव कर सकता है। कुल्लू की मिट्टी सेवों के लिए प्रसिद्ध है। अच्छी से अच्छी खाद, जल और मौसम पाकर भी वैसे सेब आज तक अन्यत्र कहीं नहीं उगाये जा सके। नागपुर के संतरे और भुसावल के केले अन्यत्र नहीं मिलते। मुजफ्फरपुर लीचियों के लिए प्रसिद्ध है तो लखनऊ का मलीहाबाद जैसे स्वादिष्ट आम दूसरी जगह कम मिलते हैं। यह सब मिट्टी और वतावरण केगुणों के कारण ही होता है।

# लड़ने की लिस्ट में भैयाजी का नाम...

## व्यंग्यलोक

लड़ने की पहली लिस्ट निकली। उसमें उनका नाम नहीं था। कुछ कसमसाने के बाद तब उन्होंने सोचा, गलती से उनका नाम छूट गया होगा। पार्टी उन्हें उनके पुराने अखाड़े से नहीं तो किसी और अखाड़े से लड़ा लेगी। लड़ते लड़ते ही तो यहां तक पहुंचे हैं। वैसे भी अब वे चुनाव लड़ते-लड़ते, लड़ने में सिद्धहस्त हो चुके हैं। दूसरी लड़ने की लिस्ट निकली तो उस लिस्ट में भी उनका नाम नहीं था। अब उन्हें लगने लगा कि शायद सत्तर पार करने के बाद पार्टी को अब उनकी भुजाओं में ताकत की कमी दिखने लगी होगी। तब उन्हें पहली बार लगने लगा था कि वे बकाऊ, पटाऊ, खाऊ और भी न जाने क्या क्या तो सब हैं, पर अब लड़ाऊ नहीं रहे। पर पार्टी को यह इल्म नहीं कि वे चारपाई पर पड़े पड़े भी धड़ल्ले से लड़ सकते हैं। खैर, आज की राजनीति में पार्टी के उच्च उच्च पदों पर बैठों को छोड़ टिकाऊ तो कोई नहीं। न चाहकर भी अपनी पार्टी के उच्च पदों पर बैठे होने के कारण उन्हें कई बार मजबूरी में वहीं टिके रहना ही पड़ता है। वैसे फैशन के दौर में टिकाऊपने की गारंटी तो चप्पल वाले भी नहीं देते भाई साहब! और राजनीति का बाजार तो जूतों चप्पलों के बाजार से हमेशा कोसों आगे रहा है। अव्वल दर्जे का नेता अपने पास और कुछ रखे या न, पर विकल्प जरूर रखता है। सो उन्हें भी पता है कि आज की राजनीति में कुछ अपने पास रखो या न, पर ऑप्शन जरूर रखो ताकि अपनी पार्टी से टिकट मिल गया तो समाज कुचलने का माद्दा जिंदा रहे और न मिले तो अपनी ही पार्टी कुचलने का। इसलिए उन्होंने भी अपने पास जन सेवा हेतु विकल्प रखे थे। कोई बात नहीं, यहां टिकट कट गया तो कहीं और से टिकट ले लेंगे। टिकट अब विकट नहीं रहे। अब तो अपने टिकट पर जन सेवा करवाने वालों की उनके आगे लाइन लगी रहती है। वैसे बिना विकल्पों के आज कोई भी सेवा संभव नहीं। भक्त के लिए ज्यों भक्ति मोक्ष का द्वार होती है, राजनीति में राजनेता के लिए त्यों टिकट जीवित रहते स्वर्ग के आगे सुपर स्वर्ग का द्वार होता है। जब दूसरी लिस्ट में भी उनका नाम नहीं आया तो उन्होंने जन सेवा जारी रखने हेतु विकल्पों के तालाब में हाथ पांव मारने शुरू कर दिए। वे दूसरे दलों के संपर्क में और दूसरे दल वाले उनसे संपर्क में तो थे ही। उन्होंने अपने पूर्व दल को सौ गालियां मारीं अपने को नए दल को समर्पित किया और उन्हें टिकट ऑफर हो गया। लड़ने का अनुभव रखने वालों को टिकटों की कोई कमी नहीं होती भाई साहब! बस! अखाड़ा बदलने की देर मात्र होती है। टिकट के सिर पर सवार हो जन सेवा करने का नशा आज के लेटेस्ट नशों में सबसे खतरनाक नशा है मित्रों! इस नशे में नशेड़ी इसके वशीभूत हो अपना दीन बदल लेते हैं, ईमान बदल लेते हैं। अपनी टोपी बदल लेते हैं, अपनी जुबान बदल लेते हैं।



अशोक गौतम

# किस्मत के हाथों कठपुतली बनीं कामिनी कौशल के किस्से



बॉलीवुड

उनके जीवन की पटकथा शायद उनकी फिल्मों से भी अधिक नाटकीय रही। उन्होंने मात्र 10 वर्ष की आयु में अपना कठपुतली थिएटर बना लिया था, लेकिन कामिनी कौशल स्वयं किस्मत के हाथों कठपुतली बन गईं। वह अपने जीवन के 20वें बसंत में थीं और स्टारडम हासिल करने के कगार पर थीं कि उनकी बहन का निधन हो गया। उनसे कहा गया कि वह अपनी भांजियों की खातिर अपने जीजा से विवाह कर लें। युवा कामिनी कौशल ने यह जिम्मेदारी स्वीकार कर ली और इस तरह अपने परिवार की भलाई के लिए उन्होंने अपने सपनों पर विराम लगा दिया। अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह उन्होंने अपने जीवन के धुंधले चरणों में भी किया। क्योंकि वह अपने दिल की आवाज सुनने के लिए अपने पति व परिवार को नहीं छोड़ सकती थीं।

कामिनी ने एक बार कहा था, 'मैंने अपनी भांजियों की जिम्मेदारी ली थी। मैं अपनी बहन को अपना मुंह नहीं दिखा पाती। मेरे पति अच्छे इंसान हैं, जो कुछ हुआ था, वह उसे समझ गये। हर किसी को प्यार हो सकता है। मुझे भी दिलीप कुमार से प्यार हो गया था, शादीशुदा होते हुए भी।' लेकिन दिल टूटने के बावजूद कामिनी ने अपने जीवन को सीमित नहीं किया। वह मां बनीं, फिल्में कीं, बच्चों के लिए कहानियां लिखीं, टीवी शोज का संचालन किया और निर्माता भी बनीं। उन्होंने कहा था, 'अगर बदलाव न आये तो जीवन ही नहीं है।' 'इसलिए उन्होंने जीने की इच्छा कभी नहीं छोड़ी। वह 97 साल की हैं, फिल्मी दुनिया में 79 साल पूरे कर चुकी हैं। चार वर्ष पहले भी वह 'कबीर सिंह' में दादी की भूमिका में नजर आयी थीं। विख्यात वनस्पति वैज्ञानिक प्रोफेसर एसआर कश्यप की बेटी कामिनी कौशल का जन्म उमा कश्यप के रूप में 24 फरवरी 1927 को हुआ था। वह दो भाई व तीन बहनों में सबसे छोटी थीं। लाहौर के किन्नैर्ड कॉलेज की प्रतिभाशाली छात्रा उमा आकाशवाणी पर रेडियो नाटक किया करती थीं। फिल्मकार चेतन आनंद ने रेडियो पर उनकी शहद जैसी मीठी आवाज सुनी और उन्हें 'नीचा नगर' (1948) में लीड भूमिका दी। चेतन आनंद ने ही उमा को कामिनी नाम दिया क्योंकि उनकी पत्नी का नाम भी उमा (आनंद) था और वह भी 'नीचा नगर' में काम कर रही थीं। नीचा नगर पहली भारतीय फिल्म थी जिसे कांस फेस्टिवल में भेजा गया था। फिल्म ने ग्रांड प्री अवार्ड भी जीता, जबकि कामिनी ने अपने डेब्यू परफॉरमेंस के लिए मोंट्रियल फिल्म फेस्टिवल में अवार्ड जीता। लेकिन 1948 में ही कामिनी को अपने जीजा बीएस सूद से अपने परिवार के दबाव में विवाह करना पड़ा क्योंकि उनकी बहन ऊषा का एक कार दुर्घटना में निधन हो गया था और वह अपने पीछे अपनी दो बेटियों कुमकुम व कविता को छोड़ गईं थीं। उस समय तक कामिनी ने राज कपूर की 'आग' और गजानन जागीरदार की 'जेल यात्रा' साइन कर ली थीं। यह 1947 की बात है। कामिनी ने अशोक कुमार के साथ भी फिल्में कीं, जैसे 'नाईट क्लब' व 'पूनम', जिसकी वह निर्माता भी थीं। देवानंद के साथ उन्होंने 'जिद्दी' व 'शायर' में काम किया और इन फिल्मों की शूटिंग के दौरान वह सुरैय्या के प्रेम पत्र देवानंद तक पहुंचाया करती थीं। दिलीप कुमार के साथ कामिनी ने 'शहीद', 'पगड़ी', 'नदिया के पार' 'शबनम' व 'आरजू' जैसी हिट फिल्में दीं। कामिनी ने जब फिल्मिस्तान की 'दो भाई' में 'मेरा सुंदर सपना' पर अदाकारी की तो उनकी शुहरत आसमान पर पहुंच गई। बिमल रॉय की 'बिराज बहू' ने उन्हें एक कुशल अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया। इस फिल्म के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस फिल्म ने कांस में गोल्डन पाम भी जीता था। इस फिल्म में अपनी भूमिका के बारे में उन्होंने बताया था, 'मेरी भूमिका एक समर्पित पत्नी की थी, जिसे अदा करते हुए मैं कई बार रोयी।

कामिनी को शायद यह अंदाजा नहीं था कि फिल्मों में वह जिस प्रकार के किरदार निभा रही थीं, वैसा ही कुछ उनके असल जीवन में भी घटित हो रहा था। वह शादीशुदा थीं, लेकिन दिलीप कुमार से प्रेम कर बैठीं। फिर भी उन्होंने अपने परिवार की खातिर दिलीप कुमार से ब्रेक-अप किया। दिलीप कुमार का भी दिल टूटा, जिसका जिक्र उन्होंने अपनी आत्मकथा में भी किया है। वर्षों बाद दोनों की मुलाकात एक पार्टी में हुई। उस समय तक आयु अपना रंग दिखा चुकी थी। कामिनी ने इस बारे में बताया था, दिलीप ने मुझे पहचाना नहीं। उन्होंने मुझे देखा और मैंने उन्हें देखा। वह मुझे बीमारी की वजह से पहचान नहीं पा रहे थे। मैं बहुत उदास हुई। हम किस किस दौर से गुजर चुके थे। अब कामिनी मालाबार हिल के अपने पेंटहाउस में खामोश समय गुजारती हैं।

**– कैलाश सिंह.**

## आपकी बात

### नक्सलवाद पर लगाम

देश में समय-समय पर होनी वाली नक्सली हिंसा इस बात का प्रमाण है कि आज भी नक्सली जंगलों में छिपकर देश के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। हालांकि हाल के वर्षों में नक्सलियों ने बड़ी संख्या में आत्म समर्पण किया है और नक्सली हिंसा की घटनाएं भी कम हुई हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि नक्सलवाद समाप्त हो गया है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सली हमले में सुरक्षा बलों के आठ बहादुर जवानों की शहादत से भी यह स्पष्ट हो गया है कि लगभग खत्म होने के कगार पर भी नक्सली बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए नक्सल सफाई अभियान में और अधिक सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि मार्च, 2026 तक नक्सलवाद का अस्तित्व खत्म कर दिया जाएगा और इस लड़ाई में हमारे जांबाज जवानों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। वैसे अब नक्सलवाद घुटने टेक रहा है, नक्सली आत्म समर्पण कर रहे हैं। इससे यह भरोसा बढ़ा है कि एक दिन ऐसा होगा कि नक्सलवाद का नामलेवा भी नहीं बचेगा। देश चाहता है कि गृहमंत्री का दावा एक दिन साकार हो, चरितार्थ हो, क्योंकि नक्सलवाद भी एक खास किस्म का आतंकवाद है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अंबेली गांव में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट करके जिस तरह 8 जवानों और एक वाहन चालक को 'शहीद' किया है, वह घटना अत्यंत दुखद है। यह अप्रैल, 2023 के बाद का सबसे बड़ा, घातक हमला है और 2025 का पहला जानलेवा हमला है। छत्तीसगढ़ के ही दंतेवाड़ा क्षेत्र में 26 अप्रैल, 2023 को आईईडी विस्फोट में 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गये थे। इस बार सुरक्षा बल अबूझमाड़ के जंगल में एक सफल ऑपरेशन में 5 नक्सलियों को मार कर लौट रहे थे। रोड ओपनिंग पार्टी रास्ते को साफ करती चल रही थी। फिर भी नक्सलियों ने इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया।

**जयप्रकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### स्टार्टअप को प्रोत्साहन

देश में गरीबी और बेरोजगारी को दूर करने के लिए जरूरी है हमारे देश के युवा नौकरी की तरफ भागने के बजाय उद्यमिता को अपनायें ताकि वे रोजगार प्रदाता बन सकें। युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रेरित करना चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, व्यापार आदि तमाम क्षेत्रों में र्स्टाटअप का बहुत महत्व है। स्टॉर्टअप के करण करोड़ों नौकरियां पैदा हुई हैं। देश की अर्थव्यवस्था में स्टॉर्टअप ने पंख लगाये हैं और मानव जीवन को आसान करने में स्टॉर्टटप का बहुत बड़ा योगदान है। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, बिलियन डॉलर जितनी बड़ी कंपनी बन जाते हैं तब भी अगर वे नियमों-कानूनों को मानने में कोताही करते हैं, तो यह ठीक नहीं है। इसलिए यह समय की जरूरत है कि सरकार भी स्टॉर्टअप फ्रेंडली नीति बनाये और उनको सहयोग करे।

**बिपिन कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## आसिफ बाग में बन रहा नगर निगम का नया जोनल आफिस

**अयोध्या।** लोगों को नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से रामनगरी में नगर निगम का जोनल ऑफिस बनाया जा रहा है। आसिफ बाग में इसका निर्माण भी तेजी से चल रहा है। 10.1948 करोड़ में बनने वाले इस जोनल कार्यालय का संचालन मार्च के बाद ही संभव होगा। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद अयोध्या में नगर विकास से जुड़े कार्यों में तेजी आ गई है। अयोध्या को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं मॉनिटर भी कर रहे हैं। इसके लिए वह अपने अयोध्या के हर दौरे पर अधिकारियों को निर्देशित भी करते हैं। इसी वजह से अयोध्या में नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। आसिफ बाग में बनने वाले जोनल आफिस के निर्माण की कार्यदायी संस्था नगर विकास है। कार्य निर्माण के लिए डेडलाइन 31 मार्च तय की गई है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि कार्य प्रगति पर है। हमारी योजना है कि नगर वासियों को मुख्यालय न आना पड़े। जोनल आफिस में ही सारे कार्य हो जाएं। मुख्य भवन के जी प्लस वन के स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो चुका है।

# मिल्कीपुर उपचुनावः किसी ने नहीं वापस लिया नामांकन, 10 प्रत्याशी मैदान में



- रावण के प्रत्याशी को मिली केतली, निर्दलं को आरी से घन्टी तक चिन्ह
- 3,70, 829 मतदाताओं को दस उम्मीदवारों में एक का करना होगा चुनाव
- सामान्य प्रेक्षक नवीन एसएल ने जांची मतगणना व्यवस्था

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की तस्वीर भी जिला निर्वाचन कार्यालय से साफ कर दी गई है। 17 जनवरी तक हुए नामांकन के बाद, 18 जनवरी को तकनीकी खामियों में 04 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हो गया था। बचे 10 प्रत्याशियों में से 20 जनवरी को किसी ने भी अपना नाम वापस नहीं लिया है। शेष 10 प्रत्याशियों के चुनावी मैदान में डटने से अब क्षेत्र के 3,70, 829 मतदाताओं को 10 उम्मीदवारों में एक का चुनाव करना है। जिनमें भाजपा और सपा के प्रत्याशियों का प्रचार व जनसम्पर्क अभियान तेज है। बहुजन समाज पार्टी उपचुनाव में हिस्सा नहीं ले रही है जबकि राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी को अपना समर्थन दे रही है। चन्द्रशेखर आजाद रावण की पार्टी से सपा के बागी सन्तोष चैधरी ने चुनावी मैदान में अपनी उपस्थिति जरूर दर्ज कराई है जिन्हें केतली प्रतीक चिन्ह आवंटित किया गया है। पूरा चुनावी मैदान 10 प्रत्याशियों के बीच का है।रिटर्निंग आफिसर/उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर ने सोमवार को बताया कि उप निर्वाचन 2025 के अन्तर्गत 273-मिल्कीपुर (अजा) विधानसभा क्षेत्र के जारी कार्यक्रम के तहत 20 जनवरी को नाम वापसी में किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापसी नही की गई। जिसके क्रम में सभी 10 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। जिसमें अजीत प्रसाद (समाजवादी पार्टी) को साइकिल, चन्द्रभानु पासवान (भारतीय जनता पार्टी) को कमल का फूल, राम नरेश चैधरी (मौलिक अधिकार पार्टी) आटो रिक्शा, सुनीता (राष्ट्रीय जनवादी पार्टी (सोसलिष्ट) आरी, संतोष कुमार (आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)) केतली व निर्दलीय अरविन्द कुमार को हाथ गाड़ी मिली है। इसी तरह निर्दलीय उम्मीदवार कंचनलता को द्वार घंटी, भोलानाथ अंगूठी, वेद प्रकाश फुटबाल खिलाड़ी और संजय पासी को कैमरा चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।

वहीं 273-मिल्कीपुर (अजा) विधान सभा क्षेत्र के उपचुनाव 2025 को निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए सामान्य प्रेक्षक नवीन एसएल भी मैदान में उतर गए हैं। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला अधिकारी चन्द्र विजय सिंह के साथ राजकीय इंटर कालेज में तैयार हो रहे मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने प्रेक्षक को स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल आदि की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रेक्षक ने मतगणना के दौरान प्रत्याशियों के एजेंट, ड्यूटी पर लगे कार्मिकों की सुविधाओं व अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही अन्य चुनावी तैयारी के संबंध में संबंधित अधिकारियों से पूछताछ की। जिससे उपचुनाव की मतगणना निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से करायी जा सके। इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर मिल्कीपुर के अलावा राजीव रतन सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोसाईंगंज सीएचसी में शुरू होगी ईसीजी की सुविधाएं

**गोसाईंगंज-अयोध्या।** गोसाईंगंज सीएचसी में अब जल्द ही ईसीजी की सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएगी सीएचसी प्रभारी डा. इंद्रजीत वर्मा ने बताया कि सीएचसी पर ईसीजी की सुविधा मिलने जा रही है जिससे मरीजो को अब प्राइवेट पैथालॉजी के चक्कर में धन व समय बरबाद नही करना पड़ेगा।बताया कि सीएमओ पुष्पेंद्र जैन के निर्देश पर दो पैरा मेडिकल स्टाफ को ट्रेनिंग के लिए जिलाचिकित्सालय भेजने का निर्देश मिला है सीएमओ के निर्देश पर अन्नपूर्णा जायसवाल व किरन बेदी को ट्रेनिंग के लिए भेजा गया है।

उनके ट्रेनिंग से वापस लौटते ही ईसीजी जांच की सुविधा शुरू हो जाएगी बताते चलें कि वार्ड संख्या छह की सभासद आरती जायसवाल ने सीएमओ को पत्र लिखकर जल्द से जल्द सीएचसी पर ईसीजी की सुविधा प्रदान करने की मांग किया था मांग पत्र में सभासद का कहना था कि दसियों किमी की परिधि से आने वाले मरीज इलाज के लिए आते है परन्तु सुविधा ना होने के कारण निराश होकर प्राइवेट पैथालॉजी के चक्कर लगाना पड़ता था।जिससे उनका समय व धन बरबाद होता था।

## विकसित यूपी में ग्राम्य विकास का योगदान महत्वपूर्णः डॉ. दिलीप अग्निहोत्री



**बाराबंकी।** राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने ग्राम्य विकास के जन सूचना अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।बैठक में उन्होंने कहा कि विकसित भारत में उत्तर प्रदेश का योगदान सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार विकसित उत्तर प्रदेश में ग्राम्य विकास का योगदान है। इसके दृष्टिगत जन सूचना के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का निवारण करना चाहिए।जिससे पारदर्शिता के साथ समग्र गांवों का विकास होगा। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि निर्धारित समय पर आवेदकों को सूचना देना अपरिहार्य है। इसके साथ ही जन सूचना अधिकारियों को प्रदेश की विकास यात्रा में भी अपने स्तर से योगदान करना चाहिए। सूचना का अधिकार लोक कल्याणकारी शासन व्यवस्था की भावना के अनुरूप है। प्रत्येक अधिनियम इसी भावना से प्रेरित होते है। सूचना प्रदान करने के साथ ही लोगों की समस्याओं के समाधान पर भी ध्यान देना चाहिए। समीक्षा बैठक के बाद राज्य सूचना आयुक्त डा0 दिलीप अग्निहोत्री फतेहपुर तहसील के पर्वतपुर निवासी प्रवीण वर्मा के विवाह समारोह मे पहुंच वर-कन्या को आशीर्वाद दिया।

## सीडीओ ने की गर्भवती महिलाओं की गोदभराई

**बहराइच।** तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों के निरीक्षण करते हुए सीडीओ मुकेश चन्द्र ने आईसीडीएस के स्टाल पर 06 गर्भवती महिलाओं गुमाना देवी, संजू देवी, सीमा देवी, अंजना, संजू व किरन की गोद भराई की तथा 03 बच्चों फूलचन्द्र, दुआ व पलक को अन्नप्राशन कराया।

## जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरिः शशांक त्रिपाठी



**बाराबंकी।** कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है। इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। उक्त बात तहसील नवाबगंज स्थित जन सभागार मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने अधिकारियो को सम्बोधित करते हुये कही। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष राजस्व विभाग से 42, पुलिस विभाग से 5, विद्युत विभाग से 3, अन्य विभागों से 14, कुल 64 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुये। मौके पर 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा जिन शिकायतों का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है। संबंधित विभाग के अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आर0जगत साईं, सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी, डीडीओ भूषण कुमार, परियोजना निदेशक मनीष कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश त्रिपाठी, तहसीलदार शरद कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी 61 शिकायतें, 16 निस्तारित



**सोहावल-अयोध्या।** उप जिलाधिकारी ने 61फरियादियों की शिकायत सुनी। मौके पर 16 मामले का निस्तारण करा दिया गया।शेष मामले को निस्तारण के लिये सम्बंधित विभाग को सौंपा गया।

जिलाधिकारी के द्वारा चेतावनी देने के बावजूद संपूर्ण समाधान दिवस से गैर हाजिर रहकर लापरवाही बरतने वाले विभागीय जिम्मेदारों का सिलसिला थम नहीं रहा है। सोमवार को सोहावल में आयोजित हुये तहसील समाधान दिवस पर फिर 9 विभागीय अधिकारी दिवस से गैर हाजिर रहे। उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने इनकी उपस्थिति चेक करते हुए पंजिका में अनुपस्थित दिखाया।बीते माह जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस पर गैर हाजिर रहे 11 विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की यादें ताजा हो गई। जिनका एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया गया था। दिवस पर गैर हाजिर पाये जाने वालों में सहायक वन अधिकारी, कृषि उत्पादन मंडी समिति, विपणन विभाग उप मंडी जुबेरगंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल, डिप्टी सीएम ओ,सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, सहायक अभियंता सिंचाई, एवं चकबंदी अधिकारी शामिल रहे। उप जिलाधिकारी ने बताया कि गैर हाजिर रहे विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए संस्तुति रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जा रही है। जैसा आदेश मिलेगा उसी तरह कार्रवाई की जायेगी।

### महसी में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

**बहराइच ।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील महसी में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर सीडीओ श्री चन्द्र ने अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सीडीओ ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। सीडीओ ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद भी की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाय।

## गांव के विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहींः सुरेश राही



**बाराबंकी।** कारागार राज्यमंत्री/जनपद प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने जनपद भ्रमण के प्रथम दिन विकासखंड हरख के ग्राम बलछत में बने पशु आश्रय स्थल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टेरा, ग्राम पंचायत कोला गहबड़ी के अमृतसरोवर, कंपोजिट विद्यालय बरायन, जल जीवन मिशन (ग्रामीण) बरायन पेयजल योजना जनपद की पुलिस लाइन में 100 व्यक्तियों हेतु हॉस्टल/बैरक के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके उपरान्त ग्राम चांदपुर, ग्राम पंचायत बरायन में स्थापित अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ग्राम चैपाल में जनता की समस्याओं को सुना। तथा सम्बधितो अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। राज्यमंत्री श्री राही ने ग्राम पंचायत कोलागहबड़ी के कनक भारती अमृतसरोवर में विधि विधान से पूजा अर्चना की। सरोवर का निरीक्षण किया। तथा तालाब पर ओपेन जिम लगवाने, पौधरोपड़ कर सरोवर को स्वच्छ और साफ रखने के लिये सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान तालाब पर प्रकाश हेतु ग्रामीणों ने राज्यमंत्री से सोलर लाइट लगवाने की मांग की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, जिला पूर्ति अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, परियोजना निदेशक सहित समस्त सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।प्रभारी मंत्री कंपोजिट विद्यालय बरायन मे शिक्षा की गुणवत्ता देखकर हुए प्रसन्नराज्यमंत्री मंत्री सुरेश राही ने विकास खंड हरख स्थित कंपोजिट विद्यालय बरायन का निरीक्षण करते हुये बच्चों की कक्षाओं में जाकर सवाल-जबाब किये। जिसका बच्चों ने अच्छे से उत्तर दिया। शिक्षा की गुणवत्ता को देखकर प्रभारी मंत्री ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए शिक्षिकाओं और शिक्षकों की तारीफ की। और बच्चों को स्टेशनरी देकर पुरस्कृत किया।

# सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना नैतिक जिम्मेदारीः शशांक

- प्रतियोगिताओ मे विजयी छात्र-छात्राओं को मेड़ल, प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित
- सड़क सुरक्षा विषय पर छात्र-छात्राओ ने प्रस्तुत किये सास्कृतिक कार्यक्रम
- डीएम ने किया सड़क सुरक्षा कार्यशाला का शुभारंभ



**बाराबंकी।** परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा नियमो के प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज पायनियर इंटर कालेज प्रागण मे सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला का शुभारम्भ नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला मे सड़क सुरक्षा पर छात्र-छात्राओ द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम मे जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी के साथ उनका अनुपालन भी करना आवश्यक है। सड़क सुरक्षा के कार्यक्रमों का अनुपालन मृत्यु दर को कम तो करते ही हैं। साथ ही हमें जीवन के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश भी देते है। वाहन लेकर सड़क पर हमें तभी निकलना चाहिए जब लाइसेंस के साथ ट्रैफिक नियमों की पूरी जानकारी भी हो।

कार्यक्रम मे एआरटीओ श्रीमती शुक्ला ने कहा कि आप सभी युवा है। आगे जीवन में बहुत कुछ करना है। जीवन बहुमूल्य है। लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से दुर्घटना होने की संभावना होती है। सुरक्षित वाहन चलावें, स्टण्ड करने से बचें। हेलमेट, सीटबेल्ट एवं रोड़ सेफ्टी नियमों का पालन करे। कार्यशाला मे जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा को लेकर नियमो का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यशाला मे जिलाधिकारी ने राजकीय हाई स्कूल भनौली के छात्र दिपांशु प्रथम स्थान, जमीलुर्रहमान किदवई गर्ल्स इंटर कॉलेज की जेबा एवं राजकीय हाई स्कूल न्यामतपुर के छात्र अहीद सिद्दीकी को क्रमशः चित्रकला, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता के लिए मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यशाला का संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर नोडल सड़क सुरक्षा माध्यमिक डॉ0 पूनम सिंह, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

## प्राकृतिक रेशा से समृद्ध होगा महिलाओं का जीवनः डॉ.एस.बी

जिला संवाददाता(vol)

मिल्कीपुर-**अयोध्या**।अमानीगंज विकास खंड अंतर्गत पूरे दला में स्थापित केला रेशा प्रदर्शन इकाई पर राष्ट्रीय प्राकृतिक रेशा अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संस्थान , कलकत्ता एवं ओंकार सेवा संस्थान के संयोजन में महिलाओं के दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर एस.बी. रॉय द्वारा किया गया ।

अपने उद्घाटन संबोधन में डॉ रॉय ने कहा कि यह परियोजना संस्थान के एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन योजना के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित की गई है ।इस योजना के अंतर्गत संस्थान के द्वारा देश के विभिन्न भागों में महिलाओं और किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है ।कार्यक्रम को संस्थान के तकनीकी अधिकारी रमा कांत मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि इस परियोजना में कुल चालीस महिलाओं को विभिन्न प्रकार के हैंडीक्राफ्ट उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिससे महिलाएं अपना रोजगार स्थापित करके अपनी रोजी रोटी चला सकें। कार्यक्रम को भारतीय कालीन प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डॉक्टर राजीव वार्ष्णेय ने भी संबोधित किया । डीडीएम नाबार्ड कमलेश यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नाबार्ड महिलाओं और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सदैव कार्य कर रहा है ,शीघ्र ही नाबार्ड के द्वारा जनपद के मवई विकास खण्ड में भी महिलाओं को कालीन का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ।उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इतने बड़े संस्थान के द्वारा प्रशिक्षण आयोजित करना बहुत शुभ संकेत है।

## अग्नि वीरवायु की भर्ती के लिए 27 तक आवेदन कर सकते हैं युवक युवतियां

**बहराइच।** भारतीय वायु सेना अन्तर्गत वायु सैनिक चयन केन्द्र, कानपुर के विग कमांडर ने बताया कि भारतीय वायु सेना अग्रिपथ योजना के तहत अग्रिवीरवायु इनटेक 01/2026 की भर्ती हेतु ऐसे अविवाहित महिला एवं पुरूष अभ्यर्थी जिनकी जन्म तिथि 01 जनवरी 2005 और 01 जुलाई 2008 के बीच है अग्निपथवायु सीडीएसी डाट इन पर 27 जनवरी 2025 तक भर्ती प्रक्रिया के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया की प्रथम चरण की आनलाइन परीक्षा का आयोजन 22 मार्च 2025 से नियत है। विग कमांडर ने बताया कि भारतीय वायु सेना का 3-वायु सैनिक चयन केन्द्र, कानपुर, उत्तर प्रदेश में वायुसेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु (महिला एवं पुरुष) की भर्ती करने के लिए अधिकृत एकमात्र चयन केन्द्र है। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य प्रति वर्ष बड़ी से बड़ी संख्या में प्रदेश के युवाओं को वायु सेना में भर्ती हेतु प्रोत्साहित करना एवं भर्ती करना है। इस योजना के तहत भर्ती प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न की जाती है।

विंग कमांडर ने बताया कि प्रथम चरण अन्तर्गत अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाईन लिखित परीक्षा का आयोजन प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर किया जाता है। द्वितीय चरण में अभ्यर्थियों की शारीरिक एवं अनुकूलता परीक्षण कानपुर स्थित चयन केन्द्र में संपन्न किया जाता है तथा तृतीय चरण में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को चिकित्सा परीक्षण हेतु निर्धारित चयन केंद्र में उपस्थित होना होता है। चिकित्सा परीक्षण भारतीय वायु सेना चिकित्सा टीम द्वारा वायु सेना के चिकित्सा मानकों और प्रचलित नीति के अनुसार किया जाता है। तृतीय चरण में सफल अभ्यर्थियों को अग्निवीरवायु के रूप में भारतीय वायु सेना में नामांकित किया जाता है, जिसके पश्चात उन्हें प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण केन्द्र में भेज दिया जाता है।

## राम मंदिर के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ मना रहा रामायण सांस्कृतिक केंद्र



**अयोध्या।** 22 जनवरी 2024 को भारत अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ एक महत्वपूर्ण अवसर का साक्षी बना, जो लाखों भक्तों की दशकों लंबी यात्रा का समापन था। इस ऐतिहासिक क्षण ने न केवल एक लंबे समय से प्रतीक्षित सपने को पूरा किया, बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के पुनरुद्धार की भी शुरूआत की। जैसा कि दुनिया 2025 में राम मंदिर की पहली वर्षगांठ का जश्न मना रही है, चंद्रशेखर बावनकुले की पहल से स्थापित नागपुर के कोराडी मंदिर परिसर में स्थित रामायण सांस्कृतिक केंद्र, सांस्कृतिक संरक्षण और शिक्षा के एक प्रकाश स्तंभ के रूप में उभर कर भगवान राम के मूल्यों और आदर्शों को सम्मान देने के लिए तैयार है।इस अवसर पर कोराडी मंदिर में एक विशेष भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्थानीय भजन मंडलियों ने प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान करते हुए भक्तिमय वातावरण बनाया। भजन संध्या में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से मंदिर के विश्वस्त मंडळ की उपस्थिति रही, जिन्होंने भक्तों को राम मंदिर के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। दर्शनार्थियों के लिए कोराडी मंदिर परिसर में स्थित रामायण सांस्कृतिक केंद्र इमर्सिव प्रदर्शनियों, इंटरैक्टिव प्रतिष्ठानों और शैक्षिक कार्यशालाओं के माध्यम से रामायण की कालातीत शिक्षाओं को जीवंत करता है। यह केंद्र क्षेत्रीय विकास और भारत के नए पर्यटन स्थल का एक अभिन्न अंग भी बन गया है, जो दुनिया भर से पर्यटकों और विद्वानों को आकर्षित कर रहा है। देश भर से पर्यटक रामायण सांस्कृतिक केंद्र का अनुभव करने और आधुनिक प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं के माध्यम से रामायण की शिक्षाओं को जानने के लिए जा रहे हैं। चंद्रशेखर बावनकुले की पहल से बना यह केंद्र रामायण को नई पीढ़ी के लिए जीवंत बनाते हुए सभी क्षेत्रों से आने वाले आगंतुकों, विशेष रूप से युवा पीढ़ी को रामायण में निहित शिक्षाओं और मूल्यों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

अत्याधुनिक तकनीक को पारंपरिक कहानी सुनाने को साथ जोड़कर, केंद्र आगंतुकों, विशेष रूप से युवाओं को आधुनिक और सार्थक तरीके से प्राचीन पाठ से जुड़ने के लिए एक अनूठा स्थान प्रदान करता है। रामायण सांस्कृतिक केंद्र सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व का एक असाधारण स्थान है, जिसका ध्यान कला और कहानी सुनाने के माध्यम से रामायण को प्रदर्शित करने पर है। केंद्र में ॑रामायण दर्शनम हॉल॑ है, जिसमें रामायण के दृश्यों को दर्शाने वाली 120 से अधिक विस्तृत आयल पेंटिंग हैं, जो आगंतुकों के लिए महाकाव्य को जीवंत बनाती हैं।

# अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई स्कॉर्पियो, एक की मौत, पांच घायल



- प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के बाद दर्शन पूजन के लिए अयोध्या धाम आ रहे थे महाराष्ट्र के श्रद्धालु

**अयोध्या।** प्रयागराज हाईवे पर सोमवार की भोर एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ में जा टकराई। हादसे में महाराष्ट्र निवासी एक श्रद्धालु की मौत हुई है जबकि पांच घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के पिपरी टोल प्लाजा के पास हुई है। बताया गया कि धार्मिक पर्यटन पर एक स्कॉर्पियो से निकले महाराष्ट्र निवासी श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में स्नान दान के बाद रविवार की रात दर्शन पूजन के लिए अयोध्या धाम आ रहे थे। सोमवार की भार लगभग 5:00 बजे स्कॉर्पियो के चालक को नींद आने के चलते वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ में जा टकराया। हादसे की जानकारी के बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से राष्ट्रीय राजमार्ग की एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल भेजवाया। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने परीक्षण के बाद सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक श्रद्धालु कृष्णा गौतम (33 ) पुत्र मोहनलाल गौतम निवासी ग्राम तिरोड थाना तिरोड जनपद गोंडिया महाराष्ट्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों ओमप्रकाश श्रीधर (45) वर्षीय पुत्र अज्ञात निवासी इकोड़ी थाना गंजाझरी जिला गोंडिया महाराष्ट्र, नरेंद्र शिवचरन ( 35) पुत्र शिवचरन तुरकर निवासी ग्राम अरजुनी थाना रावलबाड़ी जिला गोंडिया, महेंद्र थाकरे (45) पुत्र टुकडू दास निवासी बेरदीपार थाना गंजाझरी जिला गोंडिया, अनिल नामाजी फंटिंग (35) पुत्र नामा जी निवासी गरादो थाना तिरोड़ा जिला गोडिंया और कमल नारायन ( 34 ) पुत्र नारायन रावत निवासी तिलक वार्ड थाना तिरोड़ा जिला गोंडिया को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। इनको लाने वाले स्कॉर्पियो वाहन के चालक ओमकार मगोजी ( 40) पुत्र महगू निवासी गोंडिया का प्राथमिक उपचार किया गया है। चैकी प्रभारी भादरसा कमलेश साहनी का कहना है कि हादसे की सूचना परिवार वालों को भेजी गई है। घायलों का इलाज और मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## सूफी अख्तर हुसैन हबीबी के निधन पर कुरान ख्वानी का आयोजन

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मुस्लिम जगत की जानी-मानी हस्ती हजरत अल्लामा सूफी अख्तर हुसैन हबीबी के निधन पर क्षेत्र में कुरान खानी का आयोजन किया गया। बाराबंकी के सिद्धौर कस्बा स्थित राजकीय मदरसा इस्लामिया अरबिया बहरुल उलूम के प्रधानाचार्य रहे हजरत अल्लामा सूफी अख्तर हुसैन हबीबी का असामयिक निधन बीते शुक्रवार की रात में दिल का दौरा पड़ने के कारण हो गया था।शनिवार को उन्हें स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। उनके अंतिम संस्कार में प्रमुख रूप से सपा विधायक गौरव रावत, रुदौली नगर पालिका अध्यक्ष जब्बार अली, मदरसा प्रबंधक हसीन अहमद अंसारी, मौलाना वसीम अख्तर, अरशद उमर, मोहम्मद शाहबाज रजा, मोहम्मद दिलशाद, मोहम्मद नौशाद समेत हजारों लोग मौजूद थे।

सोमवार को उनकी आत्मा की शांति और मगफिरत के लिए मदरसा दारुल उलूम रजाए मुस्तफा खिहारन में मौलाना हिदायतुल्लाह कादरी की अगुवाई में तथा मिल्कीपुर के गौसिया जामा मस्जिद मिचकुरही में मुस्ताक अहमद के सहयोग से कुरान खानी का आयोजन किया गया।यहां आलिमों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए कुरान पाक की तिलावत किया तथा उनके जीवन से जुड़े नेक कार्यों के बारे में लोगों को बताते हुए उन्हें याद किया।

उलेमाओं ने अपनी तकरीर में उनकी मौत को मुस्लिम समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति बताया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से पेश इमाम मौलाना मो अहमद, हाफिज असलम रजा, यकीन उल्लाह, जाहिद अली, मास्टर जमील, मोहम्मद अतीक, नन्हू खान, मोहम्मद सुफियान, मोहम्मद शमीम, जाबिर अली, मोहम्मद इश्तियाक, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद सगीर, बदलू शेख, मोहम्मद रियाज, नईम शाह समेत कई अन्य मौजूद रहे।

संक्षेप

## चार नामजद व अज्ञात पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर ।** कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार नामजद एवं कुछ अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है। अखंड नगर थाने के मिसिरपुर जलालपुर गांव के महिमा प्रसाद मिश्र का आरोप है कि वे 18 जनवरी को सुबह 10:00 बजे किसी कार्य से कादीपुर आए थे। कादीपुर से घर वापस जाते समय चीनी मिल चैराहे पर पहले से ही खड़े विपक्षियों ने उन्हें रोक कर लाठी डंडों के साथ घेर लिया। गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी और कहा कि फिर कादीपुर आए तो तुम्हारी लाश नहीं मिलेगी। बीते रविवार को पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर भूपेश कुमार शुक्ल, श्याम बहादुर खां, प्रसिद्ध नारायण तिवारी, नौशाद खां पता अज्ञात तथा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध केस दर्जकर लिया है।

## विवाद में मां-बेटा घायल

**गोसाईगंज, सुलतानपुर ।** गोसाईंगंज थाना अंतर्गत दजीर्पुर में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर एक पक्ष ने मां-बेटे पर लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। जिसमें दोनों घायल हो गए। बेटे का गंभीर अवस्था मे मेडिकल कॉलेज, सुलतानपुर में इलाज चल रहा है। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा में एफआईआर दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के दजीर्पुर निवासी तकदीरु निशा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसका बेटे अभुसाद और सबदर के बेटे रिजवान में खेलते समय झगड़ा हो गया। आरोप है कि जब तकदीरु निशा शिकायत लेकर बेटे के साथ उनके घर गई तो विलुक, वीरू और गनी ने उन पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में मां-बेटे घायल हो गए। अभुसाद की आंख में गंभीर चोट होने की वजह से उसे सुलतानपुर मेडिकल कालेज में भर्ती किया गया है। थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## एम्स में बनाये जायेंगे दिव्यांग प्रमाण पत्र

**रायबरेली।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी माहेन त्रिपाठी ने बताया है कि जनपद रायबरेली में ऐसे दिव्यांग बच्चे जो मूक बधिर/मानसिक दिव्यांगता से ग्रस्ति है उनकी चिकित्सीय परीक्षण हेतु लखनऊ जाना पड़ता था उन्हे अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ता था। मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की पहल से तथा सीएमओ रायबरेली एवं चिकित्सा अक्षीक्षक एम्स रायबरेली के सहयोग से जनपद स्थित एम्स में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के समन्वय से प्रत्येक सोमवार को ऐसे 536 दिव्यांग बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण एम्स रायबरेली में प्रत्येक सोमवार को किया जायेगा।

## मधुमक्खियों के हमले से किसान घायल

**बछरावां, रायबरेली।** खेतों में खाद डालने जा रहे एक अधेड़ किसान के ऊपर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अधेड़ किसान बुधई पुत्र स्वर्गीय छेदी उम्र 47 वर्ष निवासी रामपाल खेड़ा मजरे बन्नावा उस समय मधुमक्खियों के हमले का शिकार हो गया जब वह खेतों में खाद डालने के लिए जा रहा था। आनन फानन में सूचना पाकर पहुंचे पारिवारिक जनों के द्वारा घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया।

# समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करायें अधिकारी : डीएम




**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील ऊंचाहार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये।

डीएम ने बताया तहसील ऊंचाहार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 61 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 11 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक डॉ० यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर सीएमओ डॉ नवीन चंद्रा, एसडीएम ऊंचाहार सिद्धार्थ चैधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### 32 में से चार का मौके पर ही निस्तारण

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस एसडीएम सचिन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस दौरान कुल 32 शिकायती पत्र आए जिसमें सर्वाधिक शिकायतें 15 राजस्व विभाग से रहीं पुलिस नौ, विकास से तीन, अन्य पांच शिकायतें आईं जिसमें चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के पलिया गांव निवासी राम स्वरूप ने तहसीलदार मंजुला मिश्रा को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि कोर्ट के आदेश पर उसकी भूमिधरी जमीन की सीमांकन के बाद पत्थरगढ़ी हुई इसके बाद भी पड़ोसियों ने जमीन पर कब्जा कर लिया है, तहसीलदार ने पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम गठित कर जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस मौके पर सीओ यादवेंद्र बहादुर पाल ईओ रामाशीष वर्मा बीडीओ वर्षा सिंह बीडीओ शिवगढ़ एसबी सिंह एसआई अंकुर द्विवेदी सहित अन्य मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर, ट्रामा सेंटर रेफर

जिला संवाददाता (vol)

**बछरावां, रायबरेली।** कस्बे के बाँदा बहराइच मार्ग पर बने ओवरब्रिज पर रविवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। गंभीर घायल युवक को बछरावां सीएचसी से पीजी आई ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

घटना रविवार रात 12 बजे के आसपास की है। कस्बे के कूटी मोहल्ला निवासी रामसजीवन वकील का मंझला पुत्र हर्षित चैधरी बाइक द्वारा किसी काम से लालगंज रोड की तरफ गया था। रात घर वापस आते समय ओवरब्रिज के ऊपर किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिसके चलते वह बुरी तरह से घायल हो गया। रात होने की वजह से वह बहुत देर तक रोड पर ही घायल अवस्था मे पड़ा रहा।

स्कार्पियो सवार राहगीरों ने जब युवक को घायल अवस्था में देखा तो इसकी सूचना एम्बुलेंस सेवा को दी। एम्बुलेंस की मदद से घायल को बछरावां सीएचसी पहुँचाया गया जहाँ उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी गंभीर दशा को देखते हुए उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर पीजीआई रेफर कर दिया गया है।

## ई-रिक्शा की नीलगाय की टक्कर से किशोरी गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां से शिवगढ़ जा रहे ई रिक्शा के सामने अचानक नीलगाय आ जाने से दोनों में टक्कर हो गयी, जिसमे बैठी सवारियों में एक किशोरी बुरी तरह से घायल हो गयी जिसे बछरावां सीएचसी में इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना सोमवार शाम 5 बजे के आसपास की है, ग्राम तरौंजा थाना शिवगढ़ निवासी अशोक कुमार अपनी पत्नी व तीन बच्चों के साथ बछरावां से अपने गांव ई रिक्शा द्वारा जा रहे थे, शारदा नहर के आगे बढ़ने पर रोड पर अचानक एक नीलगाय आ गयी जिससे दोनों में आमने सामने की टक्कर हो गयी, रिक्शे में बैठी सभी सवारियों को तो ज्यादा चोंटे नही आयी पर अशोक कुमार की 15 वर्षीय पुत्री नेहाली पाठक गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे एम्बुलेन्स की मदद से बछरावां सीएचसी पहुँचाया गया। जहाँ उसका प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# यातायात नियमों के लिए निकली जागरूकता रैली




**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** सड़क हादसों को रोकने के लिए कटका क्लब द्वारा यातायात जागरूकता रैली का आयोजन लगातार जारी है। सोमवार को इसका आयोजन गौरा इंटर कालेज में किया गया बच्चों ने हाथ में बैनर पोस्टर लेकर इंटरमीडिएट कॉलेज गौरा स्कूल से लेकर खरसोमा बाजार तक पदयात्रा करते हुए राहगीरों को और यात्रियों को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया गया कार्यक्रम की अगुवाई संस्था के आईटी सेल प्रभारी मोनू यादव ने किया। इस मौके पर उपस्थित उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष व गौरा इंटर के प्रधानाचार्य डॉ. रविंद्र सिंह ने कहा की दुर्घटना होने के चार मुख्य कारण है पहला वाहन चालक की कमी, दूसरा वाहन में कमी, तीसरा इंजीनियरिंग अर्थात सडकों का डिजाइन, चैथा वातावरण, ओवरलोडिंग भी कभी-कभी दुर्घटना का कारण बन जाती है। 18 वर्ष से कम व बिना ड्राईविंग लाईसेंस के वाहन चलाना गैरकानूनी है। संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने यातायात नियमों का नियमित पालन करने व वाहन चलाते समय सतर्कता बरतने की अपील वाहन चालकों से की साथ ही बिना हेलमेट व शीट बेल्ट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाने का अनुरोध किया। दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, नो पार्किंग में वाहन खड़े न करे। शराब पीकर वाहन न चलाएं, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं, सड़क पर लहराते हुए वाहन न चलाएं, ऑटो चालक को अपने बगल में सवारी न बैठाए, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करे, नाबालिगों को वाहन चलाने के लिए नहीं देने आदि यातायात नियमों का पालन करने की भी अपील की गई। इस मौके पर सतीश कुमार गौतम, कृपा शंकर मौर्य, ओमकार नाथ सिंह, विनोद कुमार सिंह, आलोक कुमार तिवारी, स्वाति मिश्रा, स्वाति मिश्रा, खुशबू वर्मा, ओम सिंह आदि मौजूद रहे।

## अनियंत्रित वाहन ने ई रिक्शा को मारी टक्कर, दो घायल

**जगदीशपुर अमेठी।** तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन ने ई रिक्शा मे जोरदार टक्कर मार दिया जिसमे दो लोग घायल हो गए घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ईलाज हेतु अस्पताल मे भर्ती कराकर जांच पड़ताल मे जुटी। कमरौली थानाक्षेत्र के अंतर्गत स्थित रोड नंबर चार पर घटना उस समय घटी जब सवारी लेकर जा रहे ई रिक्शे मे तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन जोरदार टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया स्थानीय लोगो द्वारा घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घायल ई रिक्शा चालक व उसकी चपेट मे आए एक व्यक्ति को ईलाज हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर मे भर्ती कराया इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि मामला संज्ञान मे है मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घायलो को अस्पताल मे भर्ती करा दिया है अभी किसी पक्ष से कोई तहरीर नही मिली है तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

## एसपी ने कादीपुर कोतवाली का किया निरीक्षण

कादीपुर, सुलतानपुर ( वीओएल )। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने स्थानीय कोतवाली का निरीक्षण किया। सोमवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में आए पुलिस अधीक्षक ने समाधान दिवस के बाद कोतवाली कादीपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने अपराध रजिस्टर, रजिस्टर नंबर 8, हत्या बलवा रजिस्टर, काज लिस्ट, भूमि विवाद रजिस्टर सहित अनेक अभिलेखों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क का गुणवत्तापूर्ण रखरखाव एवं पीड़ित व्यक्तियों से मोबाइल पर कप्तान से बात कराए जाने पर पीड़ित के बयान से संतुष्ट नजर आए एसपी ने महिला आरक्षी अन्नू चैहान को पुरस्कृत किया। उन्होंने सक्रिय अपराधियों को जेल भेजने एवं नये हिस्ट्रीशीटर की सूची बनाने तथा गैंग रजिस्टर बनाने का प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह को निर्देश दिया। पेंडिंग विवेचनाओं को पूरा करने तथा अपराधियों को प्रत्येक दशा में गिरफ्तार कर जेल भेजने का निर्देश दिया। मौके पर सीओ विनय गौतम मौजूद रहे।

## 36 साल में भी फ्री होल्ड नहीं हुई आवास विकास कॉलोनी

**अमेठी।** नगर पंचायत के जनसूचना अधिकारी ने सूचना के अधिकार अधिनियम को मजाक बना दिया है। नगर की आवास विकास कालोनी में संगठित विकास योजना के तहत आवंटित आवासीय प्लाटों के नवीनीकरण हेतु नवीनीकरण शुल्क के बारे में जनसूचना एक साल बाद भी नहीं दी गई है। ईओ की ओर वसूली की नोटिस से कॉलोनी में रहने वाले लोगों के बीच हड़कंप का माहौल है। कथित अवैध वसूली के विरुद्ध कॉलोनीवासियों ने दुर्गा मंदिर के पास एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया। सुल्तानपुर रोड पर स्थित इस कॉलोनी की स्थापना 1988 में हुई थी। कॉलोनी में कुल 330 प्लॉट हैं, जिनमें से अधिकतर पर मकान बन चुके हैं। नगर पंचायत पहले से ही प्लॉट के आकार के अनुसार गृहकर वसूल रही थी, लेकिन अब अचानक कर में भारी वृद्धि करते हुए नवीनीकरण का नया नोटिस जारी कर दिया है। कॉलोनी के निवासी दिलीप सिंह ने 27नवम्बर 2024को जनसूचना से संगठित विकास योजना और आवासीय भूखण्डों के नवीनीकरण के बारे में जानकारी मांगी थी। जनसूचना अधिकारी की ओर से अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई। हाल ही में ईओ की ओर से सभी कॉलोनीवासियों को नोटिस जारी कर नवीनीकरण शुल्क देने की नोटिस जारी की है। कॉलोनी वासियों का कहना है कि यह अवैध वसूली का प्रयास है क्योंकि नवीनीकरण शुल्क का कोई औचित्य नहीं है। निवासियों ने इस मामले को हाईकोर्ट में ले जाने का निर्णय लिया है और कॉलोनी को फ्री होल्ड करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि जिन लोगों ने समय पर मकान नहीं बनाए, उनके प्लॉट पहले ही नगर पंचायत ने अपने अधिकार में ले लिए हैं। कॉलोनी के अधिवक्ता डॉ संजय सिंह ने कहा कालोनी के करीब तीन सौ लोगो को अनाधिकृत रूप से पुनर्नवीनीकरण के लिए नोटिस जारी किया गया है। इसको पहले ही फ्री होल्ड किया जाना चाहिए था लेकिन नगर पंचायत द्वारा इसे नही किया गया। अब हम लोग हाईकोर्ट जाएंगे।

● **गृहकर और नवीनीकरण शुल्क की वसूली के विरोध में लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन**

# समाधान दिवस में देर से पहुंचे 13 विभागों के अधिकारी, नोटिस जारी



**कादीपुर, सुलतानपुर ।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता में सोमवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 195 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इस दौरान जिलाधिकारी ने 10 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया और बाकी मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर भेजकर उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अलहदादपुर की खुशी सोनी ने राशन कार्ड की समस्या पर शिकायत की, जिसमें कोटेदार द्वारा राशन देने से मना किया गया था। जिलाधिकारी ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। दूसरी ओर, तौकलपुर नगरा के अखिलेश, बनके गांव के कृष्णराम और लक्ष्मणपुर के हरिराम यादव जैसे फरियादियों ने भी अपनी शिकायतें दर्ज कराई, जिनमें अवैध कब्जे और भूमि विवाद से संबंधित समस्याएं थीं। जिलाधिकारी ने इन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए और शाम तक निस्तारण की रिपोर्ट तलब की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, सीडीओ अंकुर कौशिक, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी चैधरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि शासन की मंशा के अनुसार निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा और इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 132 शिकायतें राजस्व विभाग, 26 विकास विभाग, 17 पुलिस विभाग और 20 अन्य विभागों से प्राप्त हुई थीं।

## शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए चारों तहसीलों में समाधान दिवस आयोजित




**अमेठी।** शासन के निदेर्शानुसार जन सामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सोमवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील मुसाफिरखाना में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, तहसील अमेठी में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, तहसील गौरीगंज व तहसील तिलोई में संबंधित उपजिलाधिकारी ने जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील गौरीगंज में 09 शिकायतें में प्राप्त हुई जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 21 शिकायत में प्राप्त हुई जिनमें जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में 37 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 18 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमें क्षेत्र में भेजी गई।

# सीएमओ ने परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने के लिए सारथी को दिखायी हरी झंडी



**रायबरेली।** सीएमओ डॉ नवीन चंद्रा ने बताया है कि मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार जनपद रायबरेली में परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 18 से 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मिशन परिवार विकास अभियान के तहत नव विवाहित जोड़ों को शगुन किट भी बांटी जाएगी, इस दौरान सास बेटा बहू सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे जिनमें परिवार नियोजन के महत्व पर चर्चा होगी।

सीएमओ डॉ नवीन चंद्रा ने बताया कि सुदूर ग्रामीण के पिछड़े क्षेत्रों में इस पखवाड़े में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी देंगी। स्वास्थ्य कर्मी लोगों को परिवार नियोजन की जानकारी देने के साथ ही गर्भ निरोधक साधन भी उपलब्ध कराएंगे।

सीएमओ द्वारा सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर प्रचार प्रसार हेतु रवाना किया गया। सारथी वाहन की मदद से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण कुमार, डॉ अरविंद कुमार, डॉ राकेश कुमार, राकेश प्रताप, डी एस अस्थाना, अंजलि, रत्नाकर पांडे, हिमांशु श्रीवास्तव, सर्वेश कुमार, संतोष सिंह, पूनम और विकास वर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

## विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**बछरावां, रायबरेली।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में आयोजित विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन विकास खंड बछरावां के डिग्री कॉलेज ग्राउंड में किया गया। यह विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता उपनिदेशक गोपेश पांडे के निर्देशन व जिला परियोजना अधिकारी संजय कुमार के निर्देशन से हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयानंद पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान मलपुर धनीराम व डिग्री कॉलेज के अध्यापक गण उपस्थित रहे। इस विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में हरि ओम प्रथम, अंकित गौतम द्वितीय व शिव तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग में साइकिल दौड़ में सची यादव प्रथम, कविता यादव द्वितीय व संध्या तृतीय स्थान पर रही बालिका वर्ग बैडमिंटन में रोली यादव प्रथम, नेहा यादव द्वितीय व आदिशक्ति तृतीय स्थान पर रही।

बालक वर्ग में कुश्ती पुरुषोत्तम यादव प्रथम, जीतू यादव द्वितीय व राजन तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। वॉलीबॉल का फाइनल मैच गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज व पहनासा स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया जिसमें पहनासा की टीम विजेता रही। बालिका वर्ग में कबड्डी का फाइनल मैच बछरावां व शीतल खेड़ा के मध्य खेला गया जिसमें शीतल खेड़ा की टीम विजेता रही। इस कार्यक्रम का आयोजन पूर्व एन वाई वी ओंकार यादव द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विकास सैनी द्वारा किया गया। इस विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्वप्निल वर्मा, अनंत कार, जीतू यादव, मुकेश यादव, अमित, शिवम आदि युवा मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने 1800 ली. सॉस व 45 ली. विनेगर को कराया नष्ट

**अमेठी।** सहायक आयुक्त खाद्य राजेश द्विवेदी ने बताया कि जनपद में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान सस्ता एवं घटिया संदिग्ध सॉस और चटनी की आपूर्ति होने की खबर मिल रही थी, जिसके कारण काफी समय से जनपद में इसे सप्लाई करने वाले मुख्य कारोबारी को पकड़ने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम लगी हुई थी किन्तु ठोस जानकारी न मिल पाने से अभी तक कारोबारी पकड़ में नहीं आ सका था। आज लगभग 11 बजे जब टीम को एक संदिग्ध वाहन द्वारा सॉस एवं विनेगर सप्लाई होने की जानकारी हुई, तो राजेश द्विवेदी सहायक आयुक्त (खाद्य), जनपद अमेठी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमा शंकर पटेल एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर की टीम ने लोदी बाबा मन्दिर के पास वाहनों की जॉच करना शुरू किया। इसी दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोका तो उसमें कई गत्ते वेजिटेबल सॉस और विनेगर सप्लाई हेतु ले जाते हुए पाया गया, जो मौके पर पाए गए बिल के अनुसार जनपद प्रतापगढ़ जा रहा था। वाहन पर उपस्थित सेल्समैन के पास सप्लाई किए जाने से सम्बन्धित कोई अनुज्ञप्ति या पंजीकरण भी नहीं पाया गया। वाहन पर लदे हुए सॉस के गत्तों पर और कई पीपे पर कुछ भी लिखा हुआ नहीं था कि सॉस किस प्रकार निर्मित किया गया है। बिल पर विनेगर के गत्ते पर उन्नाव के निमार्ता का विवरण दिया हुआ था, जिसकी जॉच करने पर पता चला कि उन्नाव की इस निमार्ता फर्म का लाईसेंस निलंबित है एवं इस दौरान वह किसी भी प्रकार के खाद्य उत्पाद को निर्मित अथवा आपूर्ति नहीं कर सकता है। टीम ने मौके पर ही वेजिटेबल सॉस एवं विनेगर का नमूना लेकर जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेज दिया तथा लगभग 100 गत्ते में साढ़े चार लीटर के 4 पीपों में रखा लगभग 1800 लीटर संदिग्ध सॉस को एवं 10 गत्तों में 9 बोतल कुल 45 लीटर विनेगर को नष्ट कराया गया।

# मंडी समिति में खाटू श्याम का भंडारा आयोजित



**लालगंज, रायबरेली।** श्री खाटू श्याम के परम भक्त भाई लाल सोनकर के द्वारा लालगंज मंडी समिति में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने छककर प्रसाद ग्रहणकिया। सोमवार को सुबह विधि विधान से भगवान खाटू श्याम का पूजन अर्चन किया गया ।पूजन अर्जन के पश्चात भंडारा प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर भाई लाल सोनकर ने बताया कि श्री खाटू श्याम की उन पर अपार कृपा है उनके आशीर्वाद से ही उनका व्यापार फल फूल रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता जेपी सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष चंदन त्रिवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश पांडे, सोनूशुक्ला, अमित सोनकर, आशीष, रोहित ,शिवम, राहुल, गुड्डू साहू, सुरेश सोनकर, तेजा वर्मा ,कुलदीप ,आकाश ,सुजल, अंशू सोनकर, सुमित ,राजा, अरविंद और अर्जुन मौजूद रहे।

## नर्सिंग होम के मालिक को धमकाने के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कस्बे के साकेत नगर नाले पर स्थित एक नर्सिंग होम में सोमवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक व्यक्ति अपने को सीएमओ ऑफिस का अधिकारी बता कर वीडियो बनाने लगा और नर्सिंग होम मालिक को धमकाने लगा कि तुम्हारा कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है, तुम फर्जी रूप से नर्सिंग होम चला रहे हो। नर्सिंग होम के मालिक ने जब कहा कि तुम कहां तैनात हो तो वह एकदम से बदल गया और कहने लगा कि वह पत्रकार है। उसके बाद अपने को सरेनी सरकारी अस्पताल के अधीक्षक का प्रतिनिधि बताते हुए नर्सिंग होम मालिक को धमकाने लगा। वाद विवाद बढ़ने पर नर्सिंग होम संचालक ने पीआरवी पुलिस को बुलालिया। मौके पर पहुंची डायल 112 पीआरवी पुलिस ने मामले को समझ कर नर्सिंग होम संचालक को धमकाने वाले व्यक्ति को अपनी हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले जाकर पुलिस को सौंप दिया। नर्सिंग होम संचालक को धमकाने वाला व्यक्ति कोतवाली क्षेत्र के ही धन्नीपुर का निवासी है और बीएसएफ में नौकरी करता है। वही चैकी इंचार्ज ने बताया कि पीआरवी पुलिस पकड़ के लाई थी लेकिन अभी तक किसी भी पक्ष से कोई तहरीर नहीं आई है। मामले की जांच की जा रही है।

## ससुराल में पंखे से लटकता मिला युवक का शव

**गोसाईगंज, सुलतानपुर ।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र के जोली मीरगंज ससुराल आए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कमरे के अंदर फंखे से दुपट्टे के सहारे लटका पाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फॉरेंसिक और फील्ड यूनिट की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है।



धम्मौर थाने के लौहर-पश्चिम निवासी महेश कोरी की पांच वर्ष पूर्व गोसाईगंज थाने के जोली मीरगंज में नीलू के साथ शादी हुई थी। नीलू कुछ माह से चार वर्ष की बेटी नित्या के साथ अपने मायके में रह रही थी। तीन दिन पहले उसका पति महेश ससुराल आया था। रविवार को वह भोजन के बाद कमरे में सोने चला गया। सुबह जब वह काफी देर बाद भी सोकर नही उठा तो परिवार के लोग उसे जगाने के लिए दरवाजे पर आवाज लगाई। कोई जवाब न मिलने पर दरवाजे को तोड़कर लोग अंदर गए। अंदर का नजारा देख लोग सन्न रह गए। महेश का शव छत में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका था। परिवारजन ने घटना की सूचना पुलिस और मृतक के घर वालों को दी। गोसाईगंज पुलिस ने फॉरेंसिक और फील्ड यूनिट टीम के साथ घटनास्थल की जांच पड़ताल की है। थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

संक्षेप

## चोरी की बुलट बाइक सहित 2 गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्तों को चोरी की रॉयल इनफील्ड बुलट बाइक, 02 फर्जी नम्बर प्लेट, अवैध असलहा एवं जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। सोमवार को थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 2 अभियुक्तों पुष्पेन्द्र उर्फ राज पुत्र वेदप्रकाश उर्फ साहूकार निवासी बरकतपुर थाना रसूलपुर फिरोजाबाद, व शिवकान्त पुत्र श्रीभगवान निवासी बरकतपुर थाना रसूलपुर फिरोजाबाद को चोरी की रॉयल इनफील्ड मोटर साइकिल, एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस तथा दो फर्जी नम्बर प्लेट सहित बड़ी बाउन्ड्री लालऊ से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## एसडीएम के जिला मुख्यालय आवास के आवंटन निरस्त करने के आदेश



**मथुरा।** जिला मुख्यालय पर रात्रि बसेरा कर रहे जनपद के सभी एसडीएम को अब यह घर छोड़ने होंगे। नवागत डीएम सीपी सिंह ने ग्रामीण अंचल के चारों एसडीएम के जिला मुख्यालय आवास के आवंटन को निरस्त करने के आदेश सिटी मजिस्टेट को दिए हैं। जनपद का दायित्व संभालने के साथ ही नवागत जिलाधिकारी सीपी सिंह ने चार्ज लेने के 24 घंटे के अंदर ही उन्होंने जनपद के ग्रामीण अंचल की सभी तहसीलों के एसडीएम पर शिकंजा कस दिया है। शासन की व्यवस्था के बावजूद तहसील को छोड़कर जिला मुख्यालय पर रहने वाले सभी एसडीएम का जिला मुख्यालय आवास का आवंटन निरस्त करने के आदेश दे दिए हैं। इससे गोवर्धन के एसडीएम नीलम श्रीवास्तव, छाता एसडीएम श्वेता, एसडीएम महावन आदेश कुमार और एसडीएम मांट जॉइंट मजिस्टेट अभिनव जे जैन को अब जिला मुख्यालय स्थित आवास को छोड़ना होगा। शासन की व्यवस्था के अनुसार तहसील मुख्यालय पर सभी एसडीएम को रहने के आदेश हैं, लेकिन एसडीएम तहसील के बजाय जिला मुख्यालय पर आवास आवंटित करा कर रह रहे है। उप जिलाधिकारी के जिला मुख्यालय स्थित सिविल लाइन कॉलोनी में रहने के कारण उनको अपने-अपने तहसील क्षेत्र में पहुंचने में काफी समय व्यतीत हो जाता है जिस कारण वहां फरियादी जनता परेशान होती है। जिला अधिकारी के संज्ञान में जब यह बात आई की एसडीएम जिला मुख्यालय पर रहते हो तो उन्होंने तत्काल उनके आवास आवंटन निरस्त करने के आदेश कर दिए हैं।

## अंश द्विवेदी का रणजी ट्राफी टीम में चयन

**मथुरा।** बीसीसीआई की घरेलू श्रंखला रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण में होने बाले शेष दो मुकाबले के लिये रविबार को उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ( यूपीसीए ) ने उत्तर प्रदेश की टीम घोषित की जिसमे मथुरा निवासी अंश द्विवेदी का चयंबके साथ नाम घोषित किया गया जिसमे 23 जनवरी से बिहार 30 जनवरी से मध्य प्रदेश के साथ होने बाले मुकाबले की टीम यूपीसीए द्वारा घोषित की गयी जिसमे मथुरा के अंश द्विवेदी भी रणजी टीम में शामिल किए गए अंश के चयन पर मथुरा डिस्टिक क्रिकेट एस. के सचिव कमल चावला ने बताया की जनपद से अंश द्विवेदी का रणजी टीम में चयन होना जनपद व मथुरा एसोसिएशन के लिये बड़े गौरव की बात है कमल चावला ने बताया की अंश बड़ा मेहनती व क्रिकेट खेल को लेकर बड़ा लग्नशील खिलाड़ी है अंश के रणजी टीम में नाम आने से जनपद का नाम रोशन हुआ है वहीं भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा व कमल चावला ने अंश के उज्वल भविष्य की कामना की।वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया अंश द्विवेदी वृन्दावन नगर पालिका परिषद की पूर्व चैयरमेन पुष्पा शर्मा के पौत्र व भाजपा के बरिष्ठ नेता पंडित योगेश द्विवेदी के पुत्र है योगेश द्विवेदी ने अंश के चयन को जनपद के सभी ब्रजबसियो का सम्पूर्ण आशीर्वाद व इसका श्रेय सभी ब्रजबसियो को दिया वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया अंश बिहार और मध्य प्रदेश पहुँचकर टीम के साथ पहुँचकर रणजी मैच खेलेंगे।

# बड़े उत्साह से मनाया गया 44वां रिफाइनरी दिवस




**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी ने 19 जनवरी 2025 को अपना 44वां रिफाइनरी दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख अजय कुमार तिवारी द्वारा रिफाइनरी ध्वज फहराने से हुई। इस अवसर पर भास्कर हजारिका, सीजीएम (एचआर), वी. सुरेश, सीजीएम (टीएस एवं एचएसई), सुधांशु कुमार, सीजीएम (टी), देवेन्द्र कुमार, अध्यक्ष, एवं मुकेश शर्मा, महामंत्री, मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ और ओफिसर्स एसोसियशन के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

समारोह के दौरान, अजय कुमार तिवारी, ईडी एवं आरएच ने सभी को सेवा में समर्पण की शपथ दिलाई। रिफाइनरी कर्मियों ने रिफाइनरी को गौरव के शिखर पर ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मथुरा रिफाइनरी दिवस के अवसर पर इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एएस साहनी और निदेशक (रिफाइनरीज) अरविन्द कुमार ने शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष का संदेश वी सुरेश, सीजीएम (टीएस एवं एचएसई) द्वारा पढ़ा गया। निदेशक (रिफाइनरीज) का संदेश सुधांशु कुमार, सीजीएम (टी) द्वारा पढ़ा गया। बाद में, पिछले वर्षों के लिए मथुरा रिफाइनरी की उपलब्धियां एसके साहनी, डीजीएम (टीएस) द्वारा सभी के साथ साझा की गईं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित लोगों को बधाई देते हुए, श्री तिवारी ने कहा कि मथुरा रिफाइनरी ने सभी अतीत और वर्तमान रिफाइनरी कर्मियों के समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ कई उपलब्धियां हासिल की हैं और अब समय आ गया है कि हम अपने प्रयासों को भविष्य पर केंद्रित करें जहां हम मथुरा रिफाइनरी को भारत की सबसे विश्वसनीय और ऊर्जा कुशल रिफाइनरी के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि 2024 में, मथुरा रिफाइनरी ने कई रिकॉर्डों को पीछे छोड़ दिया और रिफाइनरी कर्मियों के अद्वितीय प्रयासों से सभी क्षेत्रों में नए मानक बनाए और उम्मीद जताई कि यह भविष्य में भी जारी रहेगास कार्यक्रम के दौरान ईडी एवं आरएच द्वारा विभिन्न पहलों और योजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन भी किया गया। बाद में, इंडियन ऑयल कर्मचारी संघ के महामंत्री श्री मुकेश शर्मा और इंडियन ऑयल ऑफिसर एसोसिएशन के सीईसी आशीष दहिया ने भी सभा को संबोधित किया और सभी को बधाई दी और आने वाले वर्षों में भी अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन के. गोपीनाथ, जीएम (एचआर) द्वारा प्रस्तावित किया गया। इसके बाद शाम को कम्यूनिटी केंद्र, एमआर नगर में मेधावी बच्चों के पुरस्कार समारोह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## टिकट दलाली व कालाबाजारी से निपटने रेलवे सुरक्षा बल ने बहुआयामी रणनीति

**मथुरा।** भारतीय रेलवे टिकट प्रणाली में टिकट दलाली और कालाबाजारी की समस्या, विशेष कर पात्रा के व्यस्त अवधि के दौरान, एक बड़ी चुनौती पेश करती है। ये अवैध गतिविधियां न केवल वास्तविक यात्रियों के लिए टिकटों की निष्पक्ष पहुंच को बाधित करती हैं, बल्कि रेलवे प्रणाली में जनता के विश्वास को भी कमजोर करती हैं। इस समस्या के समाधान और रेलवे सेवाओं तक निष्पक्ष पहुंच सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल ( आरपीएफ ) द्वारा व्यापक और बहुआयामी रणनीति लागू की गई है। जिसमें रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पहल की गई है। जिसमें रेलवे सुरक्षा बल के साइबर सेल बुकिंग पैटर्न की सावधानीपूर्वक जांच करते हैं ताकि विसंगतियों की पहचान की जा सके और टिकट काउंटरों और साइबर कैफे को लक्षित करके सटीक कार्रवाई की जा सके।

इन सक्रिय उपायों के परिणामस्वरूप अनधिकृत टिकटों को जब्त किया गया है और कई दलालों को पकड़ा गया है, जिससे उनके अवैध धन सृजन स्त्रोतों में काफी कमी आई है। इसी प्रकार से उन्नत तकनीकी उपकरणों का उपयोग करते हुए, आरपीएफ ऑनलाइन बुकिंग प्लेटफॉर्म की निरंतर निगरानी करता है। आरपीएफ संदिग्ध खातों की पहचान करने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम ( आईआरसीटीसी ) के साथ मिलकर काम करता है। जन जागरूकता के महत्व को समझते हुए, आरपीएफ विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म पर शैक्षणिक अभियान चलाता है।

आरपीएफ ने अपने साइबर सेल को अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर से लैस किया है ताकि टिकटिंग सिंडिकेट को प्रभावी ढंग से ट्रैक और नष्ट किया जा सके। टिकट दलाली से निपटने के लिए रेलवे सुरक्षा बल का मजबूत और व्यापक दृष्टिकोण रेलवे टिकट संचालन में निष्पक्षता और पारदर्शिता के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्नत तकनीकों का लाभ उठाकर, संबंधित एजेंसियों के साथ सहयोग को बढ़ावा देकर और जनता को शामिल करके, आरपीएफ कालाबाजारी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जैसे-जैसे ये रणनीतियाँ विकसित होती हैं, वे सभी यात्रियों के लिए एक सहज और निष्पक्ष यात्रा अनुभव सुनिश्चित करते हुए एक अधिक सुरक्षित और न्यायसंगत रेलवे प्रणाली का वादा करती हैं।

## सीएम से मथुरा के परिवहन विभाग की शिकायत



**मथुरा।** बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता रजि. उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मथुरा परिवहन की शिकायत की। मुख्यमंत्री से की गई परिवहन विभाग की शिकायत में कहा गया है कि मथुरा जनपद में नये वाहन खरीदते समय वाहन डीलर रजिस्ट्रेशन का पैसा वाहन स्वामी से ले लेता है परंतु वाहन की डिलीवरी लेने के बाद जब वाहन स्वामी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट डीलर के पास लेने जाता है तो उसे महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं। शिकायत में कहा गया है कि डीलर कहते हैं अभी परिवहन विभाग मथुरा से आपके वाहन का रजिस्ट्रेशन नहीं आया है जबकि नियम अनुसार नये वाहन का रजिस्ट्रेशन वाहन स्वामी को 7 दिन के अंदर मिलना चाहिए। दूसरी तरफ वाहन का रजिस्ट्रेशन ना होने पर यातायात पुलिस व परिवहन विभाग वाहन स्वामी के खिलाफ कार्रवाई करते हैं जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। वाहन स्वामियों को महीनों चक्कर लगाने के बाद रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट दिया जा रहा है। समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नए वाहन का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट टाइम से दिलाने के लिए सुनिश्चित करने की मांग की है।

## जीजीआईसी की छात्रा ने राष्ट्रीय डेडलिफ्ट चैंम्पियनशिप में तृतीय स्थान किया प्राप्त




**टूंडला।** राष्ट्रीय डेडलिफ्ट चैंम्पियनशिप 12-13 जनवरी 2025 को हरियाणा झज्जर में आयोजित हुई। इस दौरान राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा कुमारी सलोनी कक्षा 11 में 55 किलोग्राम भार में 110 किलोग्राम अपने से दोगुना वजन उठाकर कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका ने पिछले वर्ष भी विधालयी राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने मंडल आगरा जनपद फिरोजाबाद एवं विद्यालय का नाम रोशन कर चुकी है। इस बालिका का उद्देश्य है कि अपने देश के लिए इसी तरह परिश्रम कर मेडल प्राप्त करें और अपने मंडल विद्यालय का नाम रोशन करें। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में भारोत्तोलन एक नए खेल के रूप मे पिछले ही वर्ष जोड़ा गया है। जिसमें शारीरिक शिक्षा कुमकुम गुप्ता के निर्देशन मे बलिकाएं मेहनत करती है और वह इस खेल के बारे में छात्राओं को जागरूक करती हैं। आज बालिकाएं अपने मंडल जनपद एवं विद्यालय का नाम रोशन कर रही है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती मुदिता पांडे समय समय पर बालिकाओं का इस क्षेत्र मे मार्गदर्शन करती रहती है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

## तहसील महावन में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न, डीएम ने शिकायतें निस्तारित कीं

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में तहसील महावन में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस/ तहसील दिवस। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता से किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों को ध्यान पूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों को अग्रसारित करते हुए निस्तारण के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी महावन आदेश कुमार ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज महावन तहसील में कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतें संबंधित विभागों को अग्रसारित कर दी गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता ही सर्वोपरि होती है, जनता की समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी पहली प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए के जनता के प्रति पुलिस का बड़ा ही सरल व समृद्ध व्यवहार होना चाहिए। इसी क्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / उप जिलाधिकारी मांट अभिनव जे जैन ने जानकारी देते बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में आज मांट तहसील के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 10 शिकायतें प्राप्त हुई तथा 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे ने अवगत कराया कि तहसील गोवर्धन में 6 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी छाता श्वेता ने बताया कि छाता तहसील में 12 शिकायतें प्राप्त हुई तथा उप जिलाधिकारी सदर वैभव गुप्ता ने बताया कि तहसील सदर में 12 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। महावन तहसील दिवस में जिलाधिकारी चन्द प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / उप महानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही, उप जिलाधिकारी महावन आदेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी धर्मेन्द्र सिंह, तहसीलदार सुशील गुप्ता सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# एफएच मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने नवजात बच्ची का किया सफल ऑपरेशन



**टूडला।** एफएच मेडिकल कॉलेज में एक अत्यंत दुर्लभ और जटिल शल्य चिकित्सा का सफल संचालन किया गया। जन्म से ही पेट में सूजन और हाइड्रोनेफोसिस किडनी में सूजन से पीडित एक नवजात बच्ची जिसका वजन केवल 2 किलोग्राम था। तीसरे दिन सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। इस नवजात को वैजाइनल एटेसिया विथ हाडड्रोकोलपोस विथ हाइ ?ड्रोमेटरा नामक एक दुर्लभ स्थिति से ग्रस्त पाया गया।जिसमें योनि मार्ग का जन्म जात बंद होना गर्भाशय में द्रव का एकत्र होना और मूत्रवाहिनी में सूजन होती है। यह स्थिति न केवल पेट में असमान्य सूजन का कारण बनी बल्कि किउनी पर भी दुषाभाव डाल रही थी। शल्य चिकित्सा टीम जिसमें एफएच मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ बाल शल्य चिकित्सक डॉ राहुल देव शर्मा का नेतृत्व में इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। शल्य प्रक्रिया के दौरान बच्ची के पेट से अतिरिक्त तरल पदार्थ को निकाला गया और वैजाइनल एट्रेसिया को ठीक करने के लिए विशेष सर्जिकल तकनीक का उपयोग किया गया। डॉ राहुल देव शर्मा न बताया कि इस प्रकार की जन्मजात विकृति दुर्लभ होती है। और इसका समय पर उपचार करना आवश्यक है। अगर समय पर इलाज न किया जाये तो यह बच्चे की जान के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। हमें खुशी है। कि बच्ची अब स्वस्थ है। और धीरे धीरे ठीक हो रही है। बच्ची को ऑपरेशन के बाद नवजात गहन चिकित्सा इकाई एनआईसीयू में रखा गया और अब उसकी स्थिति स्थिर है। परिवार ने एफएच मेडिकल कॉलेज की टीम डॉ अवनीश सक्सेना सर्जरी डॉ. सोनिया भटटु डॉ पायल मित्तल,डॉ अभिषेक घाई एनेस्थीसिया अन्य सभी डॉक्टरों को धन्यबाद दिया। यह सफलता एफएच मेडिकल कॉलेज की अत्याधुनिक सुविधाओं और विशेषन्त्रता का प्रमाण है। इस उपलब्धि से साबित होता है। कि यहाँ जटिल और दुर्लभ जादा शल्य चिकित्सा के मामलों का भी सफलतापूर्वक इलाज संभव है। वही चिकित्सकों की टीम को मेडिकल कॉलेज के वाइस चेयरमैन रिहान फारुख ने उनक कार्यों की सराहना की इतने बड़े ऑपरेशन को देख आस पास के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## महंत की एनजीटी में दाखिल जनहित याचिका पर कल प्रधान पीठ करेगी सुनवाई

**मथुरा।** वृंदावन में 18-19 सितंबर की मध्य रात्रि में भूमाफियाओं द्वारा काटे गए पेड़ों के मामले में चल रही सुनवाई में एनजीटी द्वारा 22 जनवरी बुधवार को प्रधान पीठ सुनवाई करेगी। यह जानकारी देते हुए याचिका करता महंत मधु मंगल शरण दास शुक्ल ने बताया कि एनजीटी में दाखिल रिट संख्या 1192/2025 में प्रधान पीठ के अध्यक्ष प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सुनवाई होगी। पिछली तारीख में 30 सितंबर 2024 में प्रधान पीठ ने दो महीने के भीतर उक्त मामले में जांच कर जांच रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में 22 जनवरी 2025 बुधवार को प्रस्तुत होगी। ब्रज वृंदावन के पर्यावरण को लेकर महंत ने पिछले 25 जून 2010 को उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दाखिल की थी जिसमें स्पष्ट निर्देश थे कि ब्रज वृंदावन में एक भी वृक्ष को नहीं काटा जाए लेकिन भूमाफियाओं ने उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए मध्य रात्रि में 12 से 3 बजे लगभग 1000 पेड़ काट डाले यह ब्रज वृंदावन के पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक है।

# नवागत मंडलायुक्त ने पदभार ग्रहण किया

● मंडलीय दायित्व शासन के मंशा अनुरूप, गुणवत्ता परक और समयबद्ध पूर्वक निर्वहन करेंगे : शैलेन्द्र कुमार सिंह



मथुरा। नवागत मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सोमवार को आगरा कमिश्नरी पहुंच कर मंडलायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। नवागत मंडलायुक्त को कमिश्नरी पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा मंडलीय अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात मंडलायुक्त ने मौजूद अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा कमिश्नरी परिसर का भ्रमण कर सभी कार्यालयों की व्यवस्था संचालन का निरीक्षण किया।

मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह 2009 बैच के आईएएस अधिकारी हैं तथा मूलरूप से आजमगढ़ जनपद के निवासी हैं। इससे पूर्व जनपद मथुरा, लखीमपुर खीरी, मुरादाबाद के जिलाधिकारी के दायित्व को निर्वहन किया है। मंडलायुक्त ने बताया कि वह मंडल के अंतर्गत लगभग सभी जनपदों में विभिन्न दायित्वों पर कार्य कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं को धरातल पर बेहतर संचालित करने, शासन द्वारा निर्दिष्ट सभी प्राथमिकताओं पर प्रभावी रूप से कार्य किया जाएगा। विकास तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी में उद्योग, पर्यटन विकास, सरकार की सेवाओं तक आमजन की पहुंच हेतु प्राथमिकता पर कार्य किया जाएगा। मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मेरा प्रयास रहेगा कि मंडल के जनपद स्तर की समस्याएं हैं उसे शासन स्तर पर पहुंचाना और जो शासन स्तर की अपेक्षाएं हैं उनको जनपद स्तर तक पहुंचाना। मेरा पूरा प्रयास होगा कि जो मंडलायुक्त के रूप में जो मंडलीय दायित्व हैं, पूरी टीम को साथ लेकर सबसे समन्वय स्थापित कर शासन के मंशा अनुरूप, गुणवत्ता परक और समयबद्ध पूर्वक निर्वहन करेंगे। उन्होंने पर्यटन के संबंध में बताया कि पर्यटन नगरी के रूप में किसी भी शहर को किसी भी क्षेत्र को विकसित करने के लिए सबसे जरूरी चीज होती है अवस्थापना, इस क्षेत्र में और बेहतर करने तथा लोगों के मन में सुरक्षा का एहसास हो, इस पर कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर आयुक्त श्रीमत मंजुलता, व्यैक्तिक सहायक पदमचंद मिश्रा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी गोविंद वर्मा सहित कमिश्नरी के सभी अधिकारीगण मौजूद रहे।

## एटीएम को तोड़ चोरी के प्रयास में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम ने एटीएम को तोड़कर चोरी का प्रयास करने वाले अभियुक्त कन्हैया को एक लोहे की रॉड व अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया है। थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा विगत दिनों अज्ञात चोरों द्वारा बैक आफ इन्डिया के जलेसर रोड विभव नगर थाना उत्तर फिरोजाबाद स्थित एटीएम को तोड़कर चोरी करने के प्रयास की घटना का सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त कन्हैया पुत्र श्रीरामशंखवार निवासी इन्द्रानगर थाना उत्तर फिरोजाबाद को झील की पुलिया और रहना की पुलिया के मध्य मरघटी के पास थाना उत्तर फिरोजाबाद से सोमवार को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक लोहे की रॉड़ तथा 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही की है।

## व्यापारियों ने डांसर के ठुमकों पर जमकर लुटाये नोट



**मथुरा।** शहर के एक होटल में आयोजित हुयी पार्टी में व्यापारियों ने महिला डांसर के ठुमकों पर जमकर नोट लुटाये। खुलेआम अश्लीलता हुयी। शराब-शबाव की इस पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद इस मामले का संज्ञान आबकारी विभाग ने लिया है। बताया गया कि हार्डवेयर कंपनी द्वारा शहर के व्यापारियों के लिये पार्टी का आयोजन शहर के गोवर्धन चैराहा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अभिनंदन होटल में किया गया। इस पार्टी में होटल संचालक द्वारा पर्यटन नियमों की जमकर धज्जियां उड़ायी गयीं। इस पार्टी में शराब परोसने के साथ डांसर के ठुमकों पर नोट लुटाये गये वहीं जमकर अश्लीलता हुयी। होटल में आयोजित इस पार्टी में शराब और सिगरेट के धुएं के साथ डांस कर रही युवती से अश्लीलता करते कुछ व्यापारियों का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि कैसे कुछ व्यापारी महिला डांसर को अपनी गोद में बैठाकर उसके साथ अश्लीलता कर रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद आबकारी विभाग ने इसका संज्ञान लिया है। आबकारी अधिकारी ने कहा कि पार्टी की जो वीडियो सामने आयी है उसमें शराब पी जा रही है और महिला डांस कर रही है। बार परिसर में ऐसा आयोजन किया गया है जो अपराध है। इस पर कार्यवाही की जायेगी। बार संचालक को नोटिस जारी किया जा रहा है।

# डीएम व एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें




**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन व एसएसपी सौरभ दीक्षित ने एसडीएम कृर्ति राज और अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ शिकोहाबाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को न केवल सुना अपितु समस्याओं का तुरंत समाधान भी किया, डीएम ने कुछ समस्याओं के समाधान हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा की समस्याओं का आकलन मौके पर ही जाकर ही किया जा सकता है, इस समीक्षा के दौरान ज्यादातर मामले कानून व्यवस्था, राजस्व, पंचायती राज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, विद्युत जल निगम, दिव्यांगता इत्यादि से सम्बंधित आए, इस दौरान एक मामला अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट रजत व कांस विजेयता अभिषेक का आया, जिसने डीएम को अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि वह पैरा एथलीट में चार राष्ट्रीय मेडल जीत चुका है, व नौ राज्य स्तरीय वह दो अंतरराष्ट्रीय मेडल का भी विजेता है और प्रार्थी आगे भी आने वाले विश्व चैंपियनशिप एशियन यूथ गेम में प्रतिभाग करना चाहता है, किंतु उनकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है, जिससे आगे के खेल को जारी रखने में असमर्थ है, जिस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि उनकी प्रतिभा को सही मुकाम दिलाने हेतु प्रशासन पूरी मदद करेगा, इसी तरह विशाल शर्मा नामक एक शिकायतकर्ता का कहना था कि कुछ दबंग उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं जिस पर डीएम ने तुरंत पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर रवाना किया, ताकि शिकायतकर्ता के साथ न्याय हो सके, इसी तरह श्यामवीर नामक शिकायतकर्ता की शिकायत थी कि क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा प्रार्थी के मकान की नापतोल किए बिना ही प्रार्थी के विरुद्ध फर्जी व बनावटी तथ्यों के आधार पर कार्यवाही की गई है, जो पूर्ण रूप से अवैध है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि राजस्व की एक टीम बनाकर जांच करने के निर्देश दिए, हरि सिंह नामक एक प्रार्थी ने शिकायत की, कि उसके गांव में जगह-जगह गंदगी व्याप्त है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि गांव की नियमित रूप से सफाई कराई जाए, इसी तरह से जिलाधिकारी के समक्ष कुल 47 शिकायतें आई जिनमें से मौके पर 07 समस्याओं का निस्तारण किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे।

## तमंचा सहित 1 अभियुक्त गिरफ्तार किया

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को एक अवैध तमंचा एवं एक जिन्दा कारतूस बरामदगी सहित गिरफ्तार किया गया। सोमवार को थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त बाबूलाल पुत्र स्व0 रामलाल निवासी मौहल्ला तिलक नगर बाल्मीक बस्ती के सामने थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को कोटला रोड नगला पानसहाय चौराहे की पुलिया के पास से मय एक अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

## विवाहिता की गला दबाकर हत्या पुलिस जांच में जुटी

**मथुरा।** छाता कस्बे में बीती रात एक नवविवाहिता की ससुरालीजनों द्वारा दहेज की मांग को लेकर गला दबाकर हत्या कर दी गई। बताते हैं कि नवविवाहिता गर्भवती थी। छाता कस्बे के जाटव जादौन मोहल्ला निवासी आकाश की 22 वर्षीय पत्नी पूजा की बीती रात पति व अन्य ससुरालीजनो द्वारा गला दबाकर हत्या कर दी गई। गंभीर हालत में ससुराल पक्ष के ही कुछ लोगों ने उसे उपचार के लिए के. डी. हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि जनपद के रिफाइनरी थाना क्षेत्र अंतर्गत भहई गांव निवासी इंद्रपाल ने अपनी बेटी पूजा की शादी 14 माह पूर्व आकाश से की थी और वर्तमान में वह गर्भवती थी। बेटी की मौत की खबर लगते ही भहई गांव से महिला-पुरुष मौके पर पहुंच गए। मृतिका की मां व अन्य महिलाएं फफक-फफक कर रोती नजर आईं। घटना के बाद से ससुरालीजन अपने घर से गायब हैं। फिलहाल पुलिस जांच पड़ता की जुटी है।

संक्षेप

## टोयोटा ने व्यापक मोबिलिटी समाधान प्रदर्शित किये

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपने टोयोटा मोबिलिटी सर्विस(टीएमएस) स्टॉल पर विशेष वाहनों और अभिनव मोबिलिटी समाधानों की विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन करके भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में उत्साह को और बढ़ा दिया। टोयोटा हाइलक्स प्लेटफॉर्म पर निर्मित ये वाहन विविध क्षेत्रों में औद्योगिक मोबिलिटी गतिशीलता, परिचालन दक्षता और भिन्न क्षेत्रों में निरंतरता को आगे बढ़ाने के लिए टोयोटा की स्थायी प्रतिबद्धता को उजागर करते हैं। हॉल नंबर 6 में समर्पित उपस्थिति के साथ, टीकेएम आपातकालीन प्रतिक्रिया, खनन, रसद और संरचना जैसे उद्योगों के लिए डिजाइन किए गए समाधानों को प्रदर्शित करके आगंतुकों को आकर्षित करता है। प्रत्येक विशेष वाहन हाइलक्स की अद्वितीय स्थायित्व, विश्वसनीयता और अनुकूलनशीलता का लाभ उठाता है, जो विश्वसनीय रूपांतरण भागीदारों के सहयोग से उद्देश्य-निर्मित समाधान प्रदान करने में टोयोटा की विशेषज्ञता को रेखांकित करता है।

## जेएसडब्ल्यू एमजी ने मोबिलिटी समाधानों को किया पेश

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी ड्राइव.फ्यूचर सोच के साथ भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में दूसरे दिन अपनी नई तकनीकों का प्रदर्शन किया है। तकनीकी नेतृत्व को मजबूत करते हुए, कंपनी ने सीएएसई (कनेक्टेड, ऑटोनोमस, शेयर्ड और इलेक्ट्रिक) तकनीक में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इनोवेशन, स्थिरता और ग्राहक-केंद्रित पहल पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस ब्रांड ने आधुनिक युग के लिए मोबिलिटी को बेहतर बनाने वाले व्यावहारिक समाधानों को प्रस्तुत किया। हम भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में सीएएसई तकनीकों में अपनी पहलों को प्रदर्शित करने के लिए उत्साहित हैं। यह मोबिलिटी के भविष्य को आकार देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराता है। ड्राइव.फ्यूचर की हमारी दृष्टि उन्नत तकनीक का लाभ उठाकर मोबिलिटी को स्थायी, जुड़े हुए और ग्राहक-केंद्रित अनुभव में बदलने में निहित है।

## गोडावरी इलेक्ट्रिक ने पेश किये ई-स्कूटर

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता कंपनी गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपने नए उत्पादों का अनावरण किया। कंपनी ने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर्स इब्लू फियो जेड को लॉन्च किया। कंपनी का उद्देश्य ऐसे वाहन बनाना है, जो पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाएं, ऊर्जा की बचत करें और लंबे समय तक टिकाऊ रहें। कंपनी ने अपने ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह वाहन पेश किए हैं। इब्लू फियो जेड को खासतौर पर शहर के अंदर कम दूरी के सफर के लिए डिजाइन किया गया है। यह लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर दैनिक यात्रा की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। वहीं, इब्लू फियो डीएक्स अधिक पावर और बेहतर प्रदर्शन के साथ आता है और एक बार चार्ज करने पर 150 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान करता है। इसकी कीमत रुपये 2,95,999 (एक्स-शोरूम) तय की गई है।

## भारत में ज्यादातर पेशेवरों को नयी नौकरी की तलाश

नयी दिल्ली। भारत में बड़ी संख्या में पेशेवर इस साल नई नौकरी की तलाश में हैं। हालांकि, अब नई नौकरी खोज पाना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है। लिंक्डइन द्वारा किए गए एक शोध में यह जानकारी दी गई। शोध के अनुसार, भारतीय मानव संसाधन (एचआर) पेशेवरों में से दो-तिहाई से अधिक (69 प्रतिशत) का मानना है कि किसी पद के लिए योग्य प्रतिभा पाना पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है, जो यह संकेत देता है कि 2025 में पेशेवरों के नौकरी के लिए आवेदन करने और उसे हासिल करने के तरीके में आवश्यक बदलाव आएगा। लिंक्डइन के अनुसार, 49 प्रतिशत नौकरी ढूंढ रहे लोग पहले से कहीं अधिक नौकरियों के लिए आवेदन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें कम प्रतिक्रिया मिल रही है। लिंक्डइन के अनुसार, नियोक्ताओं के लिए भी यह प्रक्रिया पहले से अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है। एक-चौथाई से अधिक (27 प्रतिशत) एचआर पेशेवर प्रतिदिन तीन से पांच घंटे आवेदनों की समीक्षा करने में बिताते हैं। 55 प्रतिशत ने कहा है कि वे जो नौकरी आवेदन प्राप्त करते हैं।

# सेंसेक्स में 454 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 454 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,300 अंक के ऊपर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच मुख्य रूप से बैंक शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 454.11 अंक यानी 0.59 प्रतिशत उछलकर 77,073.44 अंक पर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 699.61 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 141.55 अंक यानी 0.61 प्रतिशत चढ़कर 23,344.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से कोटक महिंद्रा बैंक में नौ प्रतिशत से अधिक की जबर्दस्त तेजी देखने को मिली। बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 10 प्रतिशत बढ़कर 4,701 करोड़ रुपये रहने की सूचना से इसके शेयर उछल गए। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और एशियन पेंट्स में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, जोमैटो को सर्वाधिक 3.14 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। अपेक्षा से कमतर तिमाही नतीजों के कारण इसके शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला। इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और टाटा मोटर्स के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। एशिया के अन्य बाजारों में सकारात्मक धारणा से घरेलू बाजारों को समर्थन मिला और सप्ताह की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। बैंक एवं वित्तीय क्षेत्रों के नतीजे बेहतर रहने से चौतरफा तेजी आई...। हालांकि, अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। निवेशकों को इस संबंध में अधिक स्पष्टता का इंतजार है। छोटी कंपनियों के बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 0.82 प्रतिशत की तेजी रही जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 0.66 प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई पर कारोबार करने वाले शेयरों में से 2,503 बढ़कर बंद हुए, जबकि 1,557 शेयरों में गिरावट रही और 168 अन्य अपरिवर्तित रहे। क्षेत्रवार सूचकांकों में दूरसंचार खंड में सर्वाधिक 2.18 प्रतिशत की तेजी रही जबकि बैंकिंग खंड 2.03 प्रतिशत और बिजली खंड 1.39 प्रतिशत चढ़ गया। दूसरी तरफ बीएसई उपभोक्ता विवेकाधीन खंड, वाहन और दैनिक उपभोग के उत्पाद खंड में गिरावट रही।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए सालाना 15 लाख करोड़ रुपये के बजट की जरूरत : मांडविया

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने और सभी के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने को सरकार का बुनियादी ढांचा निवेश बजट अगले 25 साल तक वर्तमान 11.5 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 15 लाख करोड़ रुपये प्रति वर्ष होना चाहिए।




अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (आईएसएसए)- कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी फॉर्मलाइजेशन एंड सोशल सिक्योरिटी कवरेज फॉर वर्कर्स इन इनफॉर्मल सेक्टर चेलेंजिस एंड इनोवेशन के उद्घाटन के दौरान मांडविया ने कहा कि 2012 में बुनियादी ढांचे पर निवेश का बजट 1.2 लाख करोड़ रुपये था लेकिन नरेन्द्र मोदी की सरकार आने के बाद, 2014 में यह बजट बढ़कर 2.4 लाख करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने कहा कि 2024 में बजट 11.5 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। हमें इसे 15 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाना होगा। जब सरकार अगले 25 वर्षों तक बुनियादी ढांचे पर 15 लाख करोड़ रुपये निवेश करेगी, तभी भारत 2047 तक एक विकसित देश बन पाएगा। उन्होंने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से विस्तार कर रही है, जिससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़ रही है और नए क्षेत्र में नई नौकरियों का सृजन हो रहा है। मंत्री का मानना है कि सरकार को इन नए क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करनी होगी। मांडविया ने कहा कि एक दशक पहले, 2014 में सामाजिक सुरक्षा कवरेज केवल 24 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि अब यह 48 प्रतिशत है जिसमें खाद्य सुरक्षा शामिल नहीं है और यदि हम इसमें खाद्य सुरक्षा को जोड़ दें तो देश में सामाजिक सुरक्षा संरक्षण 68 प्रतिशत हो जाता है जो एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि भारत की जनसंख्या 1.4 अरब है और इन परिस्थितियों में सरकार ने पिछले दशक में सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में बेजोड़ कार्य किया है।

# शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लिए ईवी का हिस्सा 50 प्रतिशत हो : मंत्री

नयी दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि 2030 तक सभी वाहनों की बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत होनी चाहिए ताकि मोटर वाहन क्षेत्र 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ सके।

वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा आयोजित तीसरे इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सस्टेनेबल सर्कुलैरिटी को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि अब भारत वार्षिक रूप से कुछ देशों की जनसंख्या से अधिक कारें बेचता है, लेकिन यह सफलता केवल एक उपलब्धि नहीं है, बल्कि इसके साथ हवा को साफ रखने तथा पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। उन्होंने कहा कि वाहनों की बिक्री में वृद्धि अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है... और अगर हम मिलकर काम करें, तो हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि यह पर्यावरण के लिए भी बुरी खबर न बने। मंत्री ने कहा कि 2030 में कुल वाहन बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी करीब 35 प्रतिशत तक होने का अनुमान है। वाहन क्षेत्र को 2070 के शुद्ध शून्य लक्ष्य के अनुरूप लाने के लिए इस हिस्सेदारी को 50 प्रतिशत तक पहुंचाना होगा।

# बकाया वसूली के सभी संभावित उपाय टटोलने के बाद ही कर्जदारों के साथ समझौता हो: आरबीआई

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) से कहा कि वे बकाया वसूलने के सभी संभावित तरीके आजमाने के बाद ही कर्जदारों के साथ समझौता करें।

केंद्रीय बैंक ने 24 अप्रैल, 2024 के मुख्य दिशानिर्देश... भारतीय रिजर्व बैंक (संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी) दिशानिर्देश, 2024 को संशोधित किया है। प्रत्येक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी को उधारकर्ताओं के बकाये के निपटान के लिए निदेशक मंडल से अनुमोदन प्राप्त नीति बनानी चाहिए। कर्जदाताओं के बकाया के निपटान पर जारी संशोधित दिशानिर्देश के अनुसार



नीति में, अन्य बातों के अलावा, एकमुश्त निपटान पात्रता के लिए कट-ऑफ तिथि, निपटान राशि पर पहुंचने के दौरान जोखिम की विभिन्न श्रेणियों के लिए स्वीकृत नुकसान और गारंटी वाले उत्पाद के वास्तविक मूल्य पर पहुंचने के तौर-तरीकों जैसे पहलुओं को शामिल किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया, बकाया वसूलने के सभी संभावित तरीकों की जांच करने के बाद ही उधारकर्ता के साथ समझौता किया जाएगा और निपटान को उपलब्ध विकल्पों में से बेहतर माना जाएगा। इसके अलावा, निपटान राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाना चाहिए। समझौते में अगर एक किस्त में सहमत पूरी राशि के भुगतान की बात नहीं की गई है, वहां प्रस्ताव स्वीकार्य व्यवसाय योजना (जहां लागू हो), उधारकर्ता की अनुमानित आय और नकदी प्रवाह के अनुरूप होना चाहिए। दिशानिर्देश में उन मामलों में पालन की जाने वाली प्रक्रियाओं का जिक्र है जहां एक करोड़ रुपये से अधिक या उससे कम के कुल मूल्य वाले उधारकर्ता से संबंधित खातों का निपटान किया जाता है।

# अमेरिकी एसईसी की जांच के दायरे में नहीं हैं: हिंडनबर्ग रिसर्च

टोरंटो/नयी दिल्ली। अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने कहा है कि वह अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) की जांच के दायरे में नहीं है। साथ ही उसने कंपनियों को लक्षित करने वाली रिपोर्ट तैयार करने के लिए अपने संस्थापक के एक हेज फंड से कथित संबंधों के दावों को भी खारिज कर दिया है।

कनाडा के एक मंच ने ओंटारियो की एक अदालत में दायर दस्तावेजों का हवाला देते हुए आरोप लगाया था कि हिंडनबर्ग रिसर्च के संस्थापक नेट एंडरसन पर हेज फंड के साथ कथित संबंधों के कारण संदेह के बादल मंडरा रहे हैं। इसके बाद ही कंपनी ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए यह बयान दिया। अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी ने कहा, हमारी जानकारी के अनुसार हिंडनबर्ग एसईसी की जांच के दायरे में नहीं है...इसके विपरीत कोई भी दावा गलत है। ओन्टारियो सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस में मानहानि के एक मामले में दायर दस्तावेजों का हवाला देते हुए कनाडा के मंच मार्केट फ्रॉड्स पोर्टल ने कहा था कि कनाडा के एन्सन हेज फंड के प्रमुख मोएज कस्साम ने स्वीकार किया है कि उनकी कंपनी ने हिंडनबर्ग के नेट एंडरसन सहित विभिन्न स्रोतों के साथ शोध साझा किया है। वहीं हिंडनबर्ग ने रिपोर्ट तैयार करते समय एन्सन के साथ मिलीभगत की।

# प्रौद्योगिकी विकास के दौर में भारत वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा

दावोस। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने सोमवार को कहा कि प्रौद्योगिकी विकास के इस दौर में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है और स्टार्टअप तथा डिजिटल नवोन्मेष के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में सबसे आगे खड़ा है।

भारत में विश्व आर्थिक मंच के संपर्क कार्यालय, सेंटर फॉर द फोर्थ इंडस्ट्रियलरेवोल्यूशन (सी4आईआर) इंडिया ने यहां डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक-2025 के उद्घाटन दिवस पर अपनी छह साल की यात्रा को लेकर रिपोर्ट पेश की। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि भारत के साथ उसकी साझेदारी 40 साल से भी अधिक पुरानी है। पिछले चार दशक में, यह संबंध राष्ट्रीय सरकार, कई राज्य सरकारों, प्रमुख उद्योगों के प्रमुखों और नागरिक समाज और अग्रणी विशेषज्ञों सहित अन्य महत्वपूर्ण पक्षों के साथ एक मजबूत, बहुआयामी और सार्थक सहयोग के रूप में विकसित हुआ है। इसके परिणामस्वरूप कई महत्वपूर्ण पहल हुई हैं। रिपोर्ट की प्रस्तावना में कहा गया है कि भारत विकास के प्रतिमान को आगे बढ़ा रहा है जहां प्रौद्योगिकी बाधा के बजाय एक पुल के रूप में काम करती है। मंच को अधिक मानव-केंद्रित, पर्यावरण अनुकूल और मजबूत भविष्य को आकार देने में भागीदार के रूप में कार्य करने पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2018 में इस केंद्र का उद्घाटन किया था। सामाजिक भलाई के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों को जिम्मेदारी से और समावेशी रूप से इस्तेमाल करने की देश की प्रतिबद्धता के रूप में इसे शुरू किया गया था। मंच ने कहा कि आज, सी4आईआर इंडिया सिर्फ नवोन्मेष का केंद्र नहीं है। बल्कि यह विश्व आर्थिक मंच का एक प्रमुख केंद्र है, जो प्रभावशाली, जमीनी परिणामों के साथ प्रौद्योगिकी-संचालित विकास के दृष्टिकोण का उदाहरण है। सी4आईआर इंडिया ने कहा कि उसकी उपलब्धियों में कृत्रिम मेधा (एआई) संचालित कृषि कार्यक्रम शामिल हैं।

# ओप्पो इंडिया ने नये एआई फीचर्स के साथ पेश की रेनो13 सीरीज

लखनऊ। ओप्पो इंडिया की पॉपुलर रेनो13 5जी सीरीज का भारत में लॉन्च हो गया है। यह सीरीज, स्मार्टफोन के अनुभव को परिभाषित करने के लिए बनाई गई है इसमें इमेजिंग और प्रोडक्टिविटी के लिए एक फ्लैगशिप स्तर का कैमरा सिस्टम, मीडिया टेक डायमेंसिटी 8350 एसओसी चिपसेट तथा कई अत्याधुनिक एआई फीचर्स दिए गए हैं। रेनो13 सीरीज अल्ट्रा-ड्यूरेबल डिजाइन के साथ उन लोगों के लिए बनाई गई है, जो असाधारण परफॉर्मेंस पसंद करते हैं। इस सीरीज में दो स्मार्टफोन, रेनो13 और रेनो13 प्रो शामिल हैं, जो दोनों वॉटर एवं डस्ट रजिस्टैंस के लिए आईपी66, आईपी68 और आईपी69 सर्टिफिकेशन के साथ आते हैं। यह स्टाईल और ड्यूरेबिलिटी के लिए एक बेहतरीन डिवाईस है। इसके अलावा, रेनो13 सीरीज में 80 वाट की सुपरवूक फास्ट चार्जिंग भी दी गई है, ताकि यह डिवाईस लंबे समय तक बेहतरीन परफॉर्मेंस प्रदान कर सके। यह स्मार्टफोन मेनलाईन रिटेल आउटलेट्स, ओप्पो ई-स्टोर और फ्लिपकार्ट से खरीदा जा सकता है, और इसका मूल्य मात्र 37,999 रुपये से शुरू होता है। ओप्पो रेनो13 5जी में फ्रंट और बैक में कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 7आई और एयरोस्पेस ग्रेड एलुमीनियम फ्रेम की सुरक्षा दी गई है।

# भरोसे के मामले में भारत फिसलकर तीसरे स्थान पर

## भारत से ऊपर मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, चीन और ब्राजील शामिल

दावोस। सरकार, व्यवसायों, मीडिया और गैर सरकारी संगठनों पर लोगों के भरोसे के मामले में भारत एक स्थान फिसलकर तीसरे स्थान पर आ गया है। कम आय वाली आबादी अपने अमीर समकक्षों की तुलना में इनपर बहुत कम भरोसा करती है। यहां सोमवार को जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक की शुरुआत से पहले जारी वार्षिक एडेलमैन ट्रस्ट बैरोमीटर (जो अब अपने 25वें वर्ष में है) ने यह भी दिखाया कि जब भारतीय मुख्यालय वाली कंपनियों में अन्य देशों के लोगों के भरोसे की बात आती है, तो भारत 13वें स्थान पर है। विदेशी मुख्यालय वाली कंपनियों की इस सूची में कनाडा शीर्ष पर है और इसके बाद जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस और अमेरिका हैं, जबकि भारत से ऊपर की रैंकिंग में मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, चीन और ब्राजील शामिल हैं। सरकार, व्यवसायों, मीडिया और गैर-सरकारी संगठनों पर आम जनता के भरोसे की समग्र सूची में चीन फिर से शीर्ष पर रहा, जबकि भारत का अंक अपरिवर्तित रहने के बावजूद यह तीसरे स्थान पर खिसक गया क्योंकि अंक में बढ़ोतरी हासिल करके इंडोनेशिया दूसरे स्थान पर पहुंचा गया। 28 देशों के सर्वेक्षण में जापान को ब्रिटेन की जगह सबसे निचले स्थान पर देखा गया। भारत सहित अधिकांश देशों में, कम आय वाली आबादी उच्च आय वर्ग की तुलना में बहुत कम भरोसा करती है। उच्च आय वर्ग में भारत, इंडोनेशिया, सऊदी अरब और चीन के बाद चौथे स्थान पर था, जबकि कम आय वाली आबादी ने भारत को चीन और इंडोनेशिया के बाद तीसरा सबसे भरोसेमंद देश बना दिया। हालांकि, भारतीय संस्थानों में विश्वास जताने वाली कम आय वाली आबादी का प्रतिशत बहुत कम 65 था, जबकि उच्च आय वाले लोगों के मामले में यह 80 प्रतिशत था। सर्वेक्षण में विश्वस्तर पर हिंसा और दुष्प्रचार के साथ कुछ परेशान करने वाले रुझान भी सामने आए हैं, जिन्हें अब बदलाव के लिए वैध माध्यम के रूप में देखा जा रहा है। सर्वेक्षण में अधिकांश देशों में चुनावों या सरकारों के बदलाव का बहुत कम प्रभाव दिखाया गया।

पेज एक का शेष

## डोनाल्ड ट्रंप

नहीं होने दे सकते। हमारे पास एक स्वास्थ्य प्रणाली है, जो कि आपदा के समय कोई काम नहीं कर सकता, जबकि हम दुनिया में सबसे ज्यादा रकम खर्च करते हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है, जिसमें शिक्षकों और बच्चों को कई बार शर्मिंदा होना पड़ता है। अब यह सब बदल जाएगा और बहुत तेजी से बदलेगा। मैं राष्ट्रपति के तौर पर लौट रहा हूं। अमेरिका के पास इस मौके को फिर से हासिल करने का मौका है। लेकिन हमें अपने सामने आने वाली चुनौतियों का ईमानदारी से सामना करना होगा। ऐसी कई चुनौतियां हैं, लेकिन हम इन्हें खत्म कर देंगे। हम आज जब यहां इकट्ठा हुए हैं, सरकार एक विश्वास के संकट का सामना कर रही है। कई साल तक एक उग्र और भ्रष्ट शासन नागरिकों से ताकत और उनकी संपत्ति हासिल करती रही है। यह नागरिक हमारे समाज के स्तंभ हैं। अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने कहा- आप सबका बहुत शुक्रिया। सभी का बहुत शुक्रिया। उपराष्ट्रपति, सभी पूर्व राष्ट्रपति, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस। अमेरिका का स्वर्णिम काल अभी से शुरू होता है। ट्रंप ने आगे कहा, इस दिन के बाद से हमारा देश उभरेगा और पूरी दुनिया में चमकेगा। यह हर देश के लिए जलन का कारण बनेगा। ट्रंप प्रशासन के हर दिन मैं हर वक्त अमेरिका फर्स्ट की नीति पर काम करुंगा। हमारी स्वयतत्ता जारी रहेगी। न्याय का तराजू संतुलित रहेगा।

## सोपोर में

देने की घोषणा की है। 20 दिसंबर को कुलगाम में हिजबुल कमांडर समेत पांच आतंकी किए थे ढेर। पिछले साल 20 दिसंबर को सुरक्षाबलों ने कुलगाम के कद्देर गांव में हुई मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिदीन के शीर्ष कमांडर फारूक अहमद भट्ट उर्फ नाली समेत पांच आतंकियों को ढेर किया था। गोलीबारी में सुरक्षाबलों के दो जवान घायल हुए थे। जवानों ने मुठभेड़ स्थल से गोला-बारूद के साथ ही आपत्तिजनक सामग्री बरामद की थी।

## विकास कार्यों

दें। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत कुछ वर्षों से गोरखपुर उद्यमियों के लिए पसंदीदा स्थल बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे उद्यमियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति बरकरार रहनी चाहिए। माफिया के खिलाफ सख्त कार्वाई का क्रम थमना नहीं चाहिए।

योगी ने गो तस्करों को चिह्नित करने और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की भी हिदायत दी। उन्होंने पुलिस की गश्त बढ़ाने और पीआरवी की प्रतिक्रिया अवधि को और उत्कृष्ट करने के निर्देश दिए। योगी ने यातायात प्रबंधन को और सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सड़कों पर गाड़ियां न खड़ी रहें, सभी वाहन तय पार्किंग स्थल पर खड़े हों और टेम्पो को भी निर्धारित स्टैंड पर ही खड़ा किया जाए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि ऑटो या ई-रिक्शा की स्टीयरिंग नाबालिगों के हाथ में न हो। समीक्षा बैठक से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में एनेक्सी भवन के प्रथम तल पर बने सभागार कक्ष का उद्घाटन किया।

## दोषी संजय

भुगतनी होगी। न्यायाधीश ने फैसले में कहा कि इसके अतिरिक्त धारा 66 के तहत भी उसे आजीवन कारावास की सजा दी जाती है। उन्होंने कहा कि सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। न्यायाधीश दास ने कहा, चूंकि पीड़िता की मौत उसके कार्यस्थल अस्पताल में ड्यूटी के दौरान हुई, इसलिए राज्य की यह जिम्मेदारी है कि वह चिकित्सक के परिवार को मुआवजा दे। मृत्यु के लिए 10 लाख रुपये और दुष्कर्म के लिए सात लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया जाता है। न्यायाधीश ने रॉय को सूचित किया कि उसे इस निर्णय के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय में अपील करने का अधिकार है और जरूरत पड़ने पर उसे कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। न्यायाधीश ने यह सजा दोषी के अंतिम बयान, बचाव पक्ष, पीड़िता के परिवार के वकील और सीबीआई की दलीलों को सुनने के बाद सुनाई। इससे पहले, दिन में रॉय ने अदालत में दावा किया कि वह निर्दोष है और उसे गलत तरीके से दोषी ठहराया गया है। रॉय ने मामले में सजा सुनाए जाने से पहले अदालत से कहा, मुझे फंसाया जा रहा है और मैंने कोई अपराध नहीं किया है। मैंने कुछ भी नहीं किया है और फिर भी मुझे दोषी ठहराया गया है। सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील और पीड़िता के माता-पिता के वकील ने दोषी को अधिकतम सजा देने का अनुरोध करते हुए दलील दी कि यह दुर्लभ से दुर्लभतम अपराध का मामला है। फैसले के बाद पीड़िता के माता-पिता ने कहा कि वे अदालत के निर्णय से बिल्कुल संतुष्ट नहीं हैं, जिसमें दोषी को आजीवन कारावास तथा पीड़िता के परिवार को वित्तीय सहायता देने की बात की गई। उन्होंने कहा कि वे न्याय के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने दावा किया कि जांच लचर रवैये के साथ किया गया और अपराध में शामिल कई अन्य अपराधियों को बचाया गया। पीड़िता की मां ने कहा, हम स्तब्ध हैं। यह दुर्लभतम मामला कैसे नहीं हो सकता? ड्यूटी पर तैनात एक चिकित्सक के साथ दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। हम स्तब्ध हैं। इस अपराध के पीछे एक बड़ी साजिश थी। मुआवजे के आदेश पर मृतका के पिता ने कहा कि उन्हें कोई मुआवजा नहीं चाहिए। पिता ने संकल्प लिया कि जब तक अन्य सभी दोषियों को सजा नहीं मिल जाती, तब तक वे अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी अदालत के फैसले पर असंतोष व्यक्त किया और कहा कि यदि मामले की कोलकाता पुलिस ने जांच की होती तो मृत्युदंड सुनिश्चित होती। उन्होंने कहा, हम सभी ने (दोषी के लिए) मृत्युदंड की मांग की थी, लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला हमसे जबरन ले लिया गया। अगर यह (कोलकाता) पुलिस के पास ही रहा होता, तो हम सुनिश्चित करते कि उसे मौत की सजा मिले। भाजपा के सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख और पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी के संगठनात्मक सह-प्रभारी अमित मालवीय ने फैसले के खिलाफ अपील करने और जांच एजेंसियों से कथित तौर पर सबूत नष्ट करने के लिए कोलकाता के तत्कालीन आयुक्त और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भूमिका की जांच करने की मांग की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आरजी कर बलात्कार और हत्या मामले में आरोपी संजय रॉय के लिए आजीवन कारावास और 50,000 रुपये का जुर्माना न्याय का उपहास है।

## यूसीसी नियमावली

बैठक, सोमवार को सचिवालय में आहूत की गयी। मंत्रिमंडल की इस बैठक में सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यूनिफॉर्म सिविल कोड नियमावली को मंजूरी देना ही था। लिहाजा करीब आधे घंटे तक चली बैठक के दौरान मंत्रिमंडल ने यूनिफॉर्म सिविल कोड की नियमावली को मंजूरी दे दी है। उत्तराखंड में हुए वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नागरिकों से वादा किया था कि उनकी सरकार पुनः बनने पर उत्तराखंड में यूसीसी कानून लागू किया जाएगा। राज्य की जनता ने धामी सरकार को पुनः सत्ता सौंपकर इस मुद्दे पर अपना पुरजोर समर्थन दिया था। समान नागरिक संहिता कानून लागू करने के पीछे धामी सरकार का प्रमुख उद्देश्य सभी धर्मों, सभी जातियों या समुदायों के साथ लैंगिक भेदभाव समाप्त करना है। इस कानून के अस्तित्व में आते ही राज्यवासियों में परस्पर एकता और भाईचारे की भावना में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सम्पन्न कैबिनेट की बैठक में वित्त विभाग का वित्तीय अधिकारों के प्रतिनिधायन में संशोधन किया गया है। उत्तराखंड अधीनस्थ सिविल न्यायालय समूह घ सेवा नियमावली के प्रख्यापन के सम्बन्ध में फैसला लिया गया है। उत्तराखंड राज्यपाल सचिवालय राजपत्रित अधिकारी और निजी सचिव द्वितीय संशोधन नियमावली को मंजूरी दी गयी है। कैबिनेट ने 29 से 31 जुलाई 2024 तक गौरीकुंड से केदारनाथ तक क्षतिग्रस्त संपत्तियों के पुनर्निर्माण के कुछ कार्य पीडब्ल्यूडी व सिंचाई विभाग से किए गए थे जिन्हें अधिप्राप्ति नियमावली 2017 के अधीन छूट प्रदान की गयी है।

# अमरोहा में सपा नेता की गोली मारकर हत्या

लखनऊ। यूपी में बेखौफ बदमाशों का कहर थम नहीं रहा है। अमरोहा जिले के रहरा क्षेत्र स्थित जयतौली में असलहों से लैस बदमाशों ने सपा नेता इशरत अली की गोली मारकर हत्या कर दी। दिनदहाड़े हुई घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पुरानी रंजिश सहित कई बिंदुओं पर पड़ताल कर रही है। अमरोहा जिले के रहरा थाना क्षेत्र स्थित जयतौली निवासी इशरत अली सोमवार को किसी काम से जा रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान असलहों से लैस बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। जबतक वे कुछ समझ पाते कि बदमाशों ने उनके ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर मौत की नींद सुला दिया। गोली लगते ही वह गिर पड़े। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस आनन-फानन में घायल इशरत अली को जिला अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हत्या के पीछे चुनावी रंजिश का मामला बताया जा रहा है। जांच-पड़ताल में जुटे पुलिस अफसरों का कहना है कि मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

## जाड़े से निजात

उनके सुपुत्र बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट व डॉ.अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज सागर दास अपने पिता के पद चिह्नों पर चलकर जनसरोकार व मानव सेवा में पूरी तन्यमता के साथ जुटे हैं। शहर के हर गली-मोहल्ले और चौराहे पर डॉ.अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के अलाव लोगों को जाड़े से बचाव में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। फाउंडेशन की दो टीमें सोमवार को शाम 5 बजे से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में अलाव जलाने के लिए निकलीं। अलाव जलाने का यह सिलसिला रात 11 बजे तक चला। प्रत्येक अलाव पर लगभग 40 किलो लकड़ी जलाई जा रही है। पहली टीम ने ट्रामा सेंटर केजीएमयू, क्वीन मेरी अस्पताल, लारी कॉर्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, बेगम हजरत महल पार्क स्थित रैन बसेरा, टाइम्स ऑफ इंडिया चौराहा, सिविल अस्पताल, वीवीआईपी गेस्ट हाउस के बाहर, योजना भवन, उदयगंज चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा स्टेशन रोड, राजेंद्र नगर, टीबी अस्पताल के पास, हनुमान मंदिर गणेशगंज, कैंट पुराना किला तथा चारबाग में कुली अड्डा पर जहां अलाव जलाया, वहीं दूसरी टीम ने राजाजीपुरम, चौक स्टेडियम, घंटाघर, छोटा इमामबाड़ा, नीरा नर्सिंग होम, वाल्मीकि बस्ती मोहन मीकिंस डालीगंज, हनुमान मंदिर बाबूगंज चौराहा, कपूरथला, विकास नगर, सब्जी मंडी सीतापुर रोड, फल मंडी निशातगंज, पेपर मिल, हनुमान सेतु मंदिर, खदरा चौराहा, विक्रमादित्य मार्ग, लोहिया पार्क के सामने, अलीगंज हनुमान मंदिर, पुरनिया रेलवे क्रॉसिंग, मेदांता अस्पताल और लोहिया अस्पताल आदि स्थानों पर अलाव जलाने में अपनी बड़ी भूमिका निभाई।

## दिल्ली में

दस्तावेजों के आधार पर ऐसे आप्रवासियों को बसाने और रोजगार दिलाने में मदद करते हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली में आपराधिक, अवैध गतिविधियों में अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या प्रवासियों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता।




# कल ईडन गार्डंस पर पहला मैच खेलेगी भारतीय टीम

## सलामी बल्लेबाजों की जगह तय लेकिन बाकी को बल्लेबाजी क्रम को लेकर लचीला होना होगा : अक्षर

एजेंसी

कोलकाता। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से पहले भारत के उपकप्तान अक्षर पटेल ने सोमवार को कहा कि भारतीय टी20 टीम में सिर्फ सलामी बल्लेबाजों का क्रम ही तय है जबकि बाकी सभी बल्लेबाजों को क्रम को लेकर लचीला रूख अपनाना होगा। भारतीय टीम बुधवार को ईडन गार्डंस पर पहला मैच खेलेगी। बल्लेबाजी क्रम में बार बार बदलाव के बारे में पूछने पर अक्षर ने कहा, यह सिर्फ मेरे बारे में नहीं है बल्कि टीम में सभी पर लागू होता है।

उन्होंने कहा, 2024 की शुरूआत से हमने तय किया था कि सलामी जोड़ी तय होगी जबकि तीसरे से सातवें नंबर तक सभी को हालात, संयोजन और मैच अप्स के अनुरूप लचीला रहने के लिये कहा गया है। अक्षर ने कहा, ऐसा कोई तय क्रम नहीं है कि कोई बल्लेबाजी उसी क्रम पर खेलेगा। तीसरे से सातवें नंबर के बीच सभी के लिये यह लागू होता है। यह अभ्यास सत्र में तय होगा। उन्होंने कहा, टी20 क्रिकेट में सही समय पर सही बल्लेबाज का इस्तेमाल करना अहम है। उन्होंने कहा, अभी यहां आये एक ही दिन हुआ है। हमने (कप्तान सूर्यकुमार यादव, मुख्य कोच गौतम गंभीर और खुद अक्षर) बात की है। टीम नेतृत्व दल पर अतिरिक्त जिम्मेदारी है। बहुत कुछ बदला नहीं है। हमारे पास स्थिर टी20 टीम है और ज्यादा दबाव नहीं है।

अक्षर ने कहा, नेतृत्व दल का हिस्सा बनने पर कड़े फैसले लेने पड़ते हैं। हमने इस पर बात की है। एक दूसरे पर भरोसा रखना और सही राय लेना अहम है। हम यह भी बात करते हैं कि जो हो गया, वो वापिस नहीं आने वाला। अगली श्रृंखला से पहले सकारात्मक सोच के साथ उतरना जरूरी है। उन्होंने लंबे समय बाद टीम में लौटे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का स्वागत करते हुए कहा, वह आखिरी बार वनडे विश्व कप 2023 फाइनल खेले थे और रिकवरी के बाद से उन्होंने सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया है। सीनियर खिलाड़ी की वापसी से टीम का मनोबल बढता है।



**रणजी के अगले मैच के लिए भारतीय कप्तान रोहित, यशस्वी मुंबई की टीम में**

मुंबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और उभरते हुए युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को जम्मू कश्मीर के खिलाफ 23 जनवरी से यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। रोहित लगभग एक दशक बाद रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने सोमवार को टीम की घोषणा करते हुए कहा कि अनुभवी खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे। रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला और अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्राफी की घोषणा के वक्त हुई प्रेस कांफ्रेंस में शनिवार को रणजी ट्रॉफी के अगले दौर के मैच में भाग लेने की पुष्टि कर दी थी। जब उनसे पूछा गया था कि वह अपनी राज्य की टीम के अगले घरेलू मैच में खेलेंगे तो उन्होंने उत्तर दिया, मैं खेलूंगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बाद खेल के लंबे प्रारूप में रोहित की फॉर्म को लेकर पिछले कुछ समय से सवाल उठ रहे हैं।

भारतीय कप्तान 15 जनवरी को मुंबई के लिए आयोजित ट्रेनिंग सत्र में अभ्यास के लिए पहुंचे थे जिससे उनके खेलने की बात स्पष्ट हो गई थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने हाल में सभी अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना अनिवार्य कर दिया, बस फिटनेस संबंधित मुद्दों पर ही उन्हें छूट मिलेगी। इसके बाद जायसवाल भी मुंबई शिविर से जुड़े गये और उन्होंने अपने घरेलू टीम के साथ बीकेसी मैदान पर कुछ ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया। रोहित ने हाल में घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारणों में राष्ट्रीय टीम के व्यस्त कार्यक्रम का हवाला दिया था।

**इंडोनेशिया में मंदिरी अंडर-20 चैलेंज सीरीज में भाग लेगी भारतीय फुटबॉल टीम**

नयी दिल्ली। भारत की अंडर-20 पुरुष फुटबॉल टीम 24 से 30 जनवरी तक इंडोनेशिया में होने वाले चार देशों के मैत्री टूर्नामेंट मंदिरी अंडर-20 चैलेंज सीरीज 2025 में भाग लेगी। सीरिया, जॉर्डन और मेजबान इंडोनेशिया अन्य टीमें हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बिबी थॉमस को कोच नियुक्त किया है जबकि माइलस्वामी गोविंदराजू रामचंद्रन उनके सहायक कोच होंगे। दीपांकर चौधरी गोलकीपर कोच होंगे।

थॉमस ने 17 और 18 वर्षीय खिलाड़ियों (2007 और 2008 में जन्मे) की 23 सदस्यीय टीम का भी चयन किया जो 8 से 18 मई तक होने वाली सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं। भारत चार देशों के टूर्नामेंट में शुरुआत सीरिया (24 जनवरी) के खिलाफ करेगा, उसके बाद जॉर्डन (27 जनवरी) और इंडोनेशिया (30 जनवरी) के खिलाफ मैच होंगे। ये मैच सिदोअर्जो के गेलोरा डेल्टा स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# प्रज्ञानानंदा जीते, गुकेश एरिगेसी ने टाटा स्टील शतरंज के दूसरे दौर में ड्रॉ खेला



विज्क आन जी (नीदरलैंड)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने हमवतन पी हरिकृष्णा को हराया जबकि अर्जुन एरिगेसी ने 87वें टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ड्रॉ खेला। इससे पहले विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने रूसी मूल के ब्लादीमिर फेडोसीव से ड्रॉ खेला था जबकि लियोन ल्यूक मेंडोसा को उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने हराया।

19 वर्ष के प्रज्ञानानंदा ने डिफेंस और जवाबी हमलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरिकृष्णा को मात दी। वहीं हरिकृष्णा टुकड़ों में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद लय कायम नहीं रख सके। एरिगेसी ने पहले दौर में गुकेश को हराने के करीब पहुंचे स्थानीय खिलाड़ी अनीश गिरि से ड्रॉ खेला। फेबियानो कारूआना ने नीदरलेंड के जोर्डन वान फोरीस्ट को मात दी। चैलेंजर वर्ग में आर वैशाली ने चीन की 14 वर्ष की मियाओइ लू से अंक बांटे। दिव्या देशमुख ने चेक गणराज्य की शीर्ष वरीयता प्राप्त एंगुयेन थाइ वान डैम से ड्रॉ खेला।

**इंडियन वुमैन्स लीग : ईस्ट बंगाल ने नीता एफए को 4-1 से हराया**

भुवनेश्वर। ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब ने सोमवार को यहां एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करे हुए इंडियन वुमैन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) मैच में नीता एफए को 4-1 से शिकस्त दी। इस जीत से ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब लीग तालिका में शीर्ष पर अपना स्थान मजबूत कर लिया है, उसने तीन मैच में नौ अंक जुटाये हैं।

उसके लिए अंजू तमांग ने 30वें मिनट, सौम्या गुगुलोथ ने 48वें मिनट, रेस्टी नांजिरी ने 50वें मिनट में और संध्या रंगनाथन ने 67वें मिनट में गोल किये। घाना की स्ट्राइकर गिफ्टी आचियाम्पोंग ने घरेलू टीम के लिए 61वें मिनट में एकमात्र गोल किया। नीता एफए तीन मैच में एक जीत, एक ड्रॉ और एक हार से चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर बरकरार है।

## संक्षेप

### नाइजीरिया ने टी-20 में न्यूजीलैंड को हराया

कुआलालंपुर। पहली बार खेल रहे नाइजीरिया ने बड़ा उलटफेर करते हुए आईसीसी महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप के वर्षाबाधित मैच में न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम को दो रन से हरा दिया। नाइजीरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 65 रन बनाये। इसके बाद न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 57 रन था और 13 ओवर के मैच में उसे आखिरी ओवर में नौ रन बनाने थे। ऐसे में तेज गेंदबाज लिलियन उडेह ने किफायती गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को दो रन कम पर रोक दिया। उडेह (19) और कप्तान लकी पीटी (18) नाइजीरिया के लिये दोहरे अंक में पहुंचने वाली खिलाड़ी थी। वहीं न्यूजीलैंड के लिये अनिका टोड ने सर्वाधिक 19 रन बनाये। नाइजीरिया में फुटबॉल और एथलेटिक्स लोकप्रिय खेल हैं लेकिन क्रिकेट उपमहाद्वीप के दक्षिणी देशों दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे में ही खेला जाता है। नाइजीरिया की लड़कियों ने विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया और पश्चिम अफ्रीका से क्रिकेट विश्व कप खेलने वाला यह पहला देश बना। इसके साथ ही ग्रुप सी के मैच में आईसीसी पूर्णकालिक सदस्य देश की टीम को भी हरा दिया। नाइजीरिया और समोआ के बीच शनिवार का मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। एक अन्य मैच में आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को दो विकेट से हराया। अमेरिका ने जोहोर में हुए मैच में आयरलैंड को नौ विकेट से मात दी।

### सपा सांसद प्रिया सरोज से विवाह करेंगे रिंकू सिंह

जौनपुर / लखनऊ। भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज से विवाह के बंधन में बंधने जा रहे हैं। प्रिया के पिता और केराकट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने बताया कि उनके परिवार ने अलीगढ में रिंकू के पिता से दोनों के विवाह के बारे में बात की है और दोनों पक्ष इसके लिये राजी हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई सगाई या रोका नहीं हुआ है। तीन बार के सांसद तूफानी सरोज ने कहा कि उनकी बेटी और रिंकू की मुलाकात एक दोस्त के जरिये हुई जिसके पिता भी क्रिकेटर हैं। उन्होंने कहा, रिंकू और प्रिया एक दूसरे को साल भर से अधिक समय से जानते हैं। दोनों एक दूसरे को पसंद करते हैं लेकिन विवाह के लिये परिजनों की रजामंदी जरूरी थी। दोनों परिवार इस शादी के लिये राजी हैं। उन्होंने बताया कि संसद सत्र खत्म होने के बाद सगाई और शादी की तारीख तय की जायेगी।

सगाई लखनऊमें होगी। रिंकू 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला खेलेंगी जिसके बाद वह आईपीएल भी खेलेंगे। सूत्रों के अनुसार दोनों परिवार अलीगढ की ओजोन सिटी में रिंकू के घर पर मिले और शगुन तथा तोहफों के आदान प्रदान से रिश्ता पक्का किया।

# ऋषभ पंत लखनऊसुपर जाइंट्स के बने कप्तान

एजेंसी

कोलकाता। लखनऊसुपर जायंट्स (एलएसजी) के नवनियुक्त कप्तान ञ्षभ पंत ने सिर्फ भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय टीम के अन्य सीनियर खिलाड़ियों से भी नेतृत्व कौशल सीखा है। एलएसजी ने एक नए सफर की शुरुआत करते हुए पंत पर भरोसा जताया है जो अपनी निडर बल्लेबाजी के लिए मशहूर हैं। 2017 में विराट कोहली के नेतृत्व में पदार्पण करने वाले पंत प्रेरणादायी महेंद्र सिंह धोनी के साथ भी खेले हैं।

लखनऊ फ्रेंचाइजी का कप्तान नियुक्त जाने के बाद पंत ने कहा, हां, मैंने बहुत से कप्तानों और अपने कई सीनियर खिलाड़ियों से नेतृत्व के बारे में सीखा है क्योंकि मुझे लगता है कि आपको सिर्फ अपने कप्तान से ही नहीं सीखना चाहिए। उन्होंने कहा, जिस तरह से खेल आगे बढ़ रहा है, उसे देखते हुए काफी सीनियर खिलाड़ी हैं जिन्हें खेल का अनुभव है। आप सिर्फ कप्तान से ही नहीं, बल्कि सभी वरिष्ठ खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीख सकते हैं। रोहित के नेतृत्व में अपने अनुभव से प्रेरणा लेते हुए पंत ने टीम की कप्तानी करते समय ख्याल रखने और भरोसे की अहमियत पर बात करते हुए कहा, बहुत सटीक होना मुश्किल है। रोहित भाई के साथ, मैंने सीखा है कि किसी खिलाड़ी का ख्याल कैसे रखा जाता है। और जब मैं टीम की कप्तानी करता हूं तो कप्तान के तौर पर ऐसा ही महसूस करता हूं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अगर आप किसी खिलाड़ी पर भरोसा दिखाते हैं तो वह आपके और टीम के लिए ऐसी चीजें करेगा जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। और हम यही विचारधारा अपनाना पसंद करेंगे। एलएसजी ने पंत को 27 करोड़ रुपये में खरीदा जिसके बाद वह आईपीएल इतिहास में बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए।




आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी कर चुके पंत ने कहा, हम खिलाड़ियों का समर्थन करेंगे। हम उन्हें भरोसा दिलाने की कोशिश करेंगे। हम स्पष्ट संवाद करेंगे। पिछले साल अपने वापसी के सत्र में पंत 446 रन बनाकर दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष स्कोरर रहे लेकिन फ्रेंचाइजी प्लेऑफ में जगह बनाने में विफल रही और छठे स्थान पर रही। पंत की अगुआई की सबसे अहम चीज होगी कभी हार नहीं मानना। उन्होंने कहा, एक चीज जो अहम है कि कभी हार नहीं मानने का जज्बा। आप आखिरी गेंद तक लड़ते हैं और यही वह चीज है जिस पर मैं हमेशा जोर देता हूं। पंत ने 2016 में जहीर खान के मार्गदर्शन में अपना आईपीएल करियर शुरू किया था और वह फिर से भारत के पूर्व तेज गेंदबाज के साथ जुड़ेंगे जो अब एलएसजी के मेंटोर हैं। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के जाने से खाली हुई जगह पर काबिज होने वाले जहीर ने पंत के करियर की प्रगति की सराहना की और कहा कि इस विकेटकीपर-बल्लेबाज के पास खेल को देने के लिए बहुत कुछ है। जहीर ने कहा, आपको एक बेहतरीन क्रिकेटर के रूप में विकसित होते देखना, उतार-चढ़ावों के माध्यम से गुजरते हुए देखना तथा एक ऐसे बल्लेबाज, ऐसे क्रिकेटर के रूप में विकसित होते देखना, नए मानक स्थापित करना, खेल को अलग तरह से देखना, खेल की एक नयी शैली को प्रेरित करना, ये कुछ ऐसी चीजे हैं।

# नीरज चोपड़ा ने की गुपचूप शादी

नयी दिल्ली। एक परिवार जिसने गोपनीयता की शपथ ली, एक राष्ट्रीय महासंघ जिसने सब कुछ जानने का दावा करने के बावजूद चुप्पी साध ली और यहां तक कि उनके करीबी मित्रों को भी भनक नहीं लगी। ऐसे समय में जबकि लोकप्रिय हस्तियों के लिए अपनी निजता बनाए रखना बेहद मुश्किल होता है तब स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने गुपचुप शादी करके सभी को चौंका दिया। ओलंपिक में दो व्यक्तिगत पदक जीतने वाले भारतीय खेलों के वास्तविक दिग्गज और मिलनसार युवा खिलाड़ी चोपड़ा ने रविवार की रात को पूरे देश को आश्चर्यचकित कर दिया लेकिन इसका खेलों से कोई लेना देना नहीं था। मुख्यधारा के मीडिया और सोशल मीडिया के इस जमाने में चोपड़ा ने अपनी जिंदगी की नई पारी शुरू करने की भनक किसी को भी नहीं लगने दी। उन्होंने अमेरिका में रहने वाली टेनिस खिलाड़ी और कोच हिमानी मोर के साथ परिणय सूत्र में बंधने के 48 घंटे बाद अपनी शादी का खुलासा करके सभी को चकित कर दिया। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने विवाह समारोह की तस्वीरें साझा करके दुनिया भर के लोगों से आशीर्वाद मांगा। इस विवाह समारोह में बस दोनों परिवारों ने ही हिस्सा लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने एक करोड़ से अधिक फॉलोअर्स को भी हैरानी में डाल दिया जो यह समझ नहीं पा रहे थे।

# स्वितोलिना आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टरफाइनल में

एजेंसी

मेलबर्न। यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने 1. 4 से पिछड़ने के बाद अगले 12 में से 11 गेम जीतकर वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6 . 4, 6.1 से हराकर तीसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 30 वर्ष की एलिना 12वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। वह 2019 के बाद यहां पहली बार अंतिम आठ में पहुंची है। एलिना ने 2021 में फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से शादी की और दोनों की बेटी सकाइ का जन्म 2022 में हुआ। स्वितोलिना का सामना अब 2022 विम्लबडन चैम्पियन एलेना रिबाकिना या 19वीं रैंकिंग वाली मेडिसन कीस से होगा।

**सिनेर ने भीषण गर्मी में खेले गए मैच में होल्गर रूने को हराया**

मेलबर्न। इटली के यानिक सिनेर और डेनमार्क के होल्गर रूने दोनों को 32 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में खेले गए आस्ट्रेलियाई ओपन मैच में मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा और इसके बाद सिनेर की दमदार सर्विस पर रॉड लावेर एरिना का नेट निकल जाने से 20 मिनट का विलंब हुआ। आखिर में गत चैम्पियन सिनेर ने 13वीं वरीयता प्राप्त रूने को 6 . 3, 3 . 6, 6 . 3, 6 . 2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनेर गर्मी से निपटने के लिये चेहरे पर ठंडा तौलिया रखते दिखे और कई बार गर्दन पर पानी भी गिराया। तीसरे सेट में दस मिनट से ज्यादा विलंब के बीच वह लॉकर रूम में चिकित्सा सहायता के लिये गए। सिनेर का सामना अब आस्ट्रेलिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनाउर या अमेरिका के गैर वरीय एलेक्स मिचेलसन से होगा। इटली के ही 55वीं रैंकिंग वाले लोरेंजो सोनेगो ने अमेरिकी क्वालीफायर लर्नर टियेन को 6 . 2, 6 . 3, 3 . 6, 6 .1 से मात दी।



अब उनका सामना अमेरिका के बेन शेल्टन या फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से होगा। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में नोवाक जोकोविच की टक्कर कार्लोस अल्काराज से और अलेक्जेंडर ज्वेरेव की भिडंत टॉमी पॉल से होगा। महिला वर्ग में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने ।. 4 से पिछड़ने के बाद अगले 12 में से 11 गेम जीतकर वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6 . 4, 6. । से हराकर तीसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 30 वर्ष की एलिना 12वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। वह 2019 के बाद यहां पहली बार अंतिम आठ में पहुंची है।

एलिना ने 2021 में फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से शादी की और दोनों की बेटी सकाइ का जन्म 2022 में हुआ। स्वितोलिना का सामना अब 19वीं रैंकिंग वाली मेडिसन कीस से होगा जिसने 2022 विम्बलडन चैम्पियन एलेना रिकाबिना को 6 . 3, ।. 6, 6 . 3 से हराया। कीस 2015 और 2022 में यहां सेमीफाइनल में पहुंची है। उन्होंने इस महीने की शुरूआत में एडीलेड में खिताब जीता था। स्वितोलिना ने मैच के बाद टीवी कैमरा लेंस के लिये मैसेज में लिखा, द स्पिरिट आफ यूक्रेन और दिल का आकार बनाया। उन्होंने लाल ड्रेस, लाल जूते और लाल कैप पहनी थी। दर्शकों ने उनके लिये पीले और नीले रंग के यूक्रेन के ध्वज लहराये।

# बिग ब्लू और अलीगंज स्पोर्टिंग की जीत से शुरुआत



लखनऊ। बिग ब्लू क्लब ने तृतीय समीर मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच मं आरए ब्वायज को 2-1 से हराकर अभियान शुरू किया। दिन के दूसरे मैच में अलीगंज स्पोर्टिंग क्लब ने हुसैन स्पोर्ट्स क्लब को 3-1 से शिकस्त दी। चौक स्टेडियम पर आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने विशिष्ट अतिथि स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक डा.आनन्द किशोर पाण्डेय व पार्षद अनुराग मिश्रा 'अन्नू' की गरिमामयी मौजूदगी में किया।

**तृतीय समीर मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट**

आज पहला मैच मैच आरए ब्वायज व बिग ब्लू क्लब के बीच खेला गया जिसे बिग ब्लू ने 2-1 से जीता। बिग ब्लू क्लब से अभिषेक ने 12वें व 23वें मिनट में प्रतिद्वंद्वी के डिफेंस को छकाते हुए गोल दागे। जवाब में आरए ब्वायज से शिवम वर्मा ने 32वे मिनट में गोल किया लेकिन वो सिर्फ हार का अंतर कम कर सके।

दूसरे मैच में अलीगंज स्पोर्टिंग क्लब ने हुसैन स्पोर्ट्स क्लब को 3-1 से हराया। अलीगंज स्पोर्टिंग से अमन ने 11वें, प्रभाकर ने 17वें और सुधांशु ने 21वें मिनट में गोल किया। हुसैन स्पोर्ट्स क्लब से श्रेष्यांशु ने 38वें मिनट में एकमात्र गोल किया।

# सात्विक और चिराग की निगाहें सत्र के पहले खिताब पर

एजेंसी

जकार्ता (इंडोनेशिया)। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में साल का अपना पहला खिताब जीतने के उद्देश्य से कोर्ट पर उतरेगी, जबकि लक्ष्य सेन सत्र की निराशाजनक शुरुआत को पीछे छोड़कर वापसी करना चाहेंगे। सात्विक और चिराग की दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी शानदार फॉर्म में है।



यह स्टार जोड़ी पिछले दो टूर्नामेंट मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंची थी। सात्विक और चिराग दोनों सेमीफाइनल सीधे सेटों में हार गए थे और अब उनका लक्ष्य इस टूर्नामेंट में आगे तक जाना होगा। यह भारतीय जोड़ी इंडोनेशिया मास्टर्स में अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे के चेन झी-रे और यू चीह लिन के खिलाफ करेगी। भारत के एकल खिलाड़ी सेन और पीवी सिंधु के सामने आसान चुनौती नहीं होगी। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले 23 वर्षीय सेन पिछले दो टूर्नामेंट में पहले दौर से बाहर हो गए थे और वह यहां इसकी कमी पूरा करना चाहेंगे। भारत के एक अन्य खिलाड़ी प्रियांशु राजावत भी मुख्य दौर में अपनी चुनौती पेश करेंगे। उनका पहला मुकाबला जापान के कोडाइ नाराओका से होगा। पुरुष एकल क्वालिफिकेशन राउंड में दो भारतीय खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और किरण जॉर्ज आमने-सामने होंगे। महिला एकल राउंड 32 में सिंधु अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन के खिलाफ करेंगी।

उनके अलावा आकर्षी कश्यप जापान की नोजोमी ओकुहारा से और अनुपमा उपाध्याय स्थानीय खिलाड़ी ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से भिड़ेंगी। सिंधु इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हार गईं थी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय स्टार यहां इसकी भरपाई करने को उत्सुक होंगी। महिला एकल क्वालिफिकेशन में ईशारानी बरुआ का सामना हमवतन रक्षिता रामराज से होगा जबकि तान्या हेमंथ का मुकाबला चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग से होगा। तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा अपने महिला युगल अभियान की शुरुआत थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई के खिलाफ करेंगी। तनीषा और ध्रुव कपिला की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी पहले दौर में इंडोनेशिया के अदनान मौलाना और इंदाह काह्या सारी जमील का सामना करेगी। रोहन कपूर और रूथविका गद्दे की एक अन्य भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी का पहला मुकाबला इंग्लैंड के ग्रेगरी मायर्स और जेनी मायर्स से होगा।

**सिंगापुर ने अनूप श्रीधर को अतिरिक्त एकल कोच नियुक्त किया**

सिंगापुर। भारत के पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी अनूप श्रीधर को सोमवार को सिंगापुर बैडमिंटन संघ (एसबीए) ने एक एकल कोच नियुक्त किया जिन्होंने देश के लिए एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। हालांकि दक्षिण कोरिया के किम जि ह्यून एसबीए की पुरुष और महिला टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। एसबीए के उपाध्यक्ष प्रोफेसर डेविड टैन ने पीटीआई से कहा, अभी उनके शुरूआत करने की तारीख तय नहीं है क्योंकि यह उनके काम के लिए वीजा मंजूरी पर निर्भर रहेगी। हम निश्चित रूप से चाहते हैं कि अनूप जल्द से जल्द टीम से जुड़ जायें।

उन्होंने कहा, मैं सिर्फ यही कह सकता हूं कि उनका यह कम समय का अनुबंध नहीं है और इसकी सभी शर्तें गोपनीय हैं। टैन ने उन मीडिया रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया कि तीन अंतरराष्ट्रीय खिताब और राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले 41 वर्षीय श्रीधर पुरुष एकल टीम के मुख्य कोच होंगे। उन्होंने कहा, एसबीए निश्चित रूप से अनूप श्रीधर को एकल कोच के तौर पर नियुक्त कर रहा है लेकिन यह पुरुष एकल मुख्य कोच पद के लिए नहीं है जैसा कि भारत में मीडिया में और इंडिया ओपन में कमेंटरी के दौरान जिक्र किया गया था। श्रीधर 2006 और 2008 में भारतीय थॉमस कप टीम के कप्तान थे। उन्होंने 2008 बीजिंग ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वह 2005 और 2008 के बीच भारत के शीर्ष रैंकिंग के पुरुष एकल खिलाड़ी थे।

# सनराइजर्स ईस्टर्न ने डरबन सुपर जाइंट्स को हराया

गक्बेरहा (दक्षिण अफ्रीका)। सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए 20 लीग के मैच में डरबन सुपर जाइंट्स को छह विकेट से हराकर प्लेआफ में जगह बना ली। लगातार तीन आर के बाद पिछले दो बार की चैम्पियन टीम ने जीत की राह पर लौटते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

पिछले सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले मार्को जानसेन ने नयी गेंद संभालते हुए 23 रन देकर दो विकेट चटकाये। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन ने उनका बखूबी साथ निभाते हुए 19 रन देकर दो और बायें हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन ने 11 रन देकर दो विकेट लिये।

ओटनील बार्टमैन को 30 रन देकर दो विकेट मिले। डरबन की टीम आठ विकेट पर 115 रन ही बना सकी।

न्यूजीलैंड के केन विलियमसन ने 45 गेंद में 42 रन बनाये जबकि नवीनुल हक ने 15 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेली। इसके बाद सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने छह विकेट और 28 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

डेविड बेडिंघम ने 39 रन बनाये जबकि जोर्डन हेरमेन ने 23 रन की पारी खेली। कप्तान एडेन माक्ररम ने 20 गेंद में नाबाद 31 रन बनाये। उन्होंने स्क्वेयर लेग में छक्का लगाकर टीम को जीत तक पहुंचाया।

# दुनिया के हालात पर चर्चा जरूरी : विदेश मंत्री

## जयशंकर ने वाशिंगटन में की जापान, ऑस्ट्रेलिया के समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें



वाशिंगटन। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को वाशिंगटन में ऑस्ट्रेलिया और जापान के अपने समकक्षों के साथ बैठकें कीं और इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय मुद्दों तथा क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

क्वाड डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के पहले कार्यकाल की पहल है, इसमें ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका शामिल हैं। अमेरिकी कांग्रेस द्वारा पुष्टि किए जाने और विदेश मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद मार्को रूबियो की अंतरराष्ट्रीय बैठकों के क्रम में क्वाड मंत्रिस्तरीय बैठक उनकी पहली प्राथमिकता होगी। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात के बाद जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, आज वाशिंगटन में क्वाड की सहयोगी विदेश मंत्री सीनेटर वोंग से मिलकर खुशी हुई। हमेशा की तरह दुनिया के हालात पर हमने चर्चा की।

जापान के विदेश मंत्री के साथ अपनी बैठक के बाद एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मिलकर अच्छा लगा। हमने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की। क्वाड से संबंधित घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। सत्ता हस्तांतरण टीम से जुड़े सूत्रों के अनुसार, रूबियो और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप भारत-अमेरिका संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने को प्राथमिकता देंगे। सूत्रों ने कहा कि विदेश मंत्री के रूप में अपने नाम की पुष्टि होने के बाद रूबियो जयशंकर के साथ अपनी पहली द्विपक्षीय बैठक करने के इच्छुक हैं। रूबियो के नाम पर सीनेट द्वारा पुष्टि सोमवार शाम को होने की उम्मीद है और जल्द उन्हें शीर्ष अमेरिकी राजनयिक के रूप में शपथ दिलाई जा सकती है। क्वाड के तीन अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्री सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए यहां आए हैं। इससे पहले, उपराष्ट्रपति पद के लिए चुने गए जेडी वेंस ने शपथ ग्रहण समारोह के लिए चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग का अमेरिका में स्वागत किया।

मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया कि दोनों नेताओं ने व्यापार संतुलन और क्षेत्रीय स्थिरता सहित कई विषयों पर चर्चा की।

# देश के इतिहास का पहला मसौदा उपनिवेशवादियों के विकृत दृष्टिकोण के माध्यम से आयाः धनखड़



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि यह हास्यास्पद बात है कि अज्ञानी अपने संकीर्ण दृष्टिकोण से हमें समावेशिता के बारे में जागरूक करने की कोशिश करते रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि देश के इतिहास का पहला मसौदा उपनिवेशवादियों के विकृत दृष्टिकोण के माध्यम से आया था। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हजारों लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम में योगदान दिया लेकिन कुछ को ही बढ़ावा दिया गया और आजादी के बाद भी इसे जड़ें जमाने दिया गया।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि इससे हमारी ज्ञान प्रणाली का जैविक विकास बाधित हुआ। उन्होंने कहा कि हमें खुद को औपनिवेशिक विरासत और मानसिकता से मुक्त करना होगा। धनखड़ ने जोर देकर कहा कि वेदांत, जैन धर्म, बौद्ध धर्म और अन्य के दार्शनिक संस्थानों ने हमेशा संवाद और सह-अस्तित्व को प्रोत्साहित किया है और यही वे सिद्धांत हैं जो आज की ध्रुवीकृत दुनिया में अत्यधिक मूल्य रखते हैं। युवाओं से भारत के गणितीय योगदान पर गर्व करने का आग्रह करते हुए धनखड़ ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत की विरासत फले-फूले और आगे बढ़े। यहां भारतीय विद्या भवन में नंदलाल नुवाल सेंटर ऑफ इंडोलॉजी की आधारशिला रखने के बाद उन्होंने कहा कि अगर हम इंडोलॉजी को ध्यान में रखते हैं तो आज हम जिन समस्याओं का सामना कर रहे हैं, उनमें से अधिकांश को त्वरित गति से हल किया जा सकता है। इंडोलॉजी शब्द का तात्पर्य भारत, उसके लोगों, संस्कृति, भाषाओं और साहित्य के अकादमिक अध्ययन से है।

संक्षेप

## दिल्लीः वांछित आरोपी को साइबर प्रकोष्ठ ने पकड़ा

नयी दिल्ली।दिल्ली पुलिस ने धोखाधड़ी के कई मामलों में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि आरोपी ने कथित तौर पर प्रतियोगी परीक्षाओं में अभ्यार्थियों का चयन सुनिश्चित कराने के नाम पर उनके अभिभावकों से ठगी की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी संजीव झा एक घोषित अपराधी है और अपराध शाखा के साइबर प्रकोष्ठ ने गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध शाखा) संजय कुमार सैन ने कहा, झा प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन की गारंटी का झूठा वादा कर छात्रों के अभिभावकों को ठग रहा था। अधिकारी ने बताया कि झा खुद को दिल्ली छावनी स्थित रक्षा कैरियर अकादमी का संकाय सदस्य बताता था और दावा करता था कि वह उसने भारतीय सेना से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है एवं संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में सेवा दे चुका है।अधिकारी ने कहा, इन फर्जी परिचय पत्रों की मदद से उसने अभ्यार्थियों के अभिभावकों को 20 से 25 लाख रुपये के एवज में उनके बच्चों का एनडीए और अन्य सरकारी परीक्षाओं में चयन की गारंटी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले ही रणजीत नगर पुलिस थाना में एक मामला दर्ज है जिसमें वह वांछित था।

# चीनी राष्ट्रपति के दूत ने की वेंस और मस्क से मुलाकात

बीजिंग। चीन के उपराष्ट्रपति ने डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह की पूर्व संध्या पर अमेरिका के नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जे. डी. वेंस और एलन मस्क समेत अमेरिकी उद्योगपतियों से वाशिंगटन में मुलाकातें कीं। अमेरिका और चीन व्यापार और प्रौद्योगिकी को लेकर जारी तनाव को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं।

ट्रंप की सत्ता हस्तांतरण टीम के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह के लिए चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के दूत के तौर पर वाशिंगटन पहुंचे हान जेंग ने वेंस के साथ फेंटेनल , व्यापार संतुलन और क्षेत्रीय स्थिरता समेत कई विषयों पर चर्चा की। वेंस के साथ हुई मुलाकात के बारे में सोमवार को चीनी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, हान ने कुछ असहमतियों और तनावों के बावजूद अमेरिका और चीन के आर्थिक व व्यापारिक संबंधों में व्यापक साझा हितों और सहयोग की गुंजाइश पर जोर दिया। चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार, हान ने मस्क और अन्य शीर्ष अमेरिकी उद्योगपतियों से भी मुलाकात की, जिनमें वाशिंगटन डी.सी. में यूएस-चाइना बिजनेस काउंसिल और यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि भी शामिल थे।

# इजराइल ने 90 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया



रामल्ला (वेस्ट बैंक)। इजराइल ने हमास के साथ हुए संघर्ष विराम समझौते के तहत सोमवार तड़के 90 फलस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया।

इससे कुछ घंटों पहले ही हमास ने तीन इजराइली बंधकों को रिहा किया था जो इजराइल पहुंच गए हैं। बंदियों को सफेद रंग की बड़ी बसों में जैसे ही जेल से बाहर ले जाया गया लोगों ने खुशी में आतिशबाजी की। फलस्तीनियों की भीड़ बसों के इर्द-गिर्द उमड़ पड़ी और वहां मौजूद लोगों ने नारे लगाए। फलस्तीनी प्राधिकरण के कैदी मामलों के आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार रिहा किए गए सभी लोग महिलाएं या नाबालिग हैं। इजराइल ने इन सभी लोगों को देश की सुरक्षा को खतरे में डालने से जुड़े अपराधों में हिरासत में लिया था। इन लोगों पर पथराव करने से लेकर हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोप थे। वेस्ट बैंक पर इजराइल का कब्ज़ा है और सेना ने लोगों को सार्वजनिक तौर पर कोई भी उत्सव नहीं करने को कहा है। कैदियों की रिहाई मध्य रात्रि में की गई जिसकी फलस्तीनियों ने आलोचना की और कहा कि यह कैदियों का घर वापसी पर स्वागत करने से भीड़ को रोकने का प्रयास है। रिहा किए गए बंदियों में सबसे प्रमुख हैं 62 वर्षीय खालिदा जरार जो फलस्तीन की मुक्ति के लिए काम करने वाले संगठन पीएफएलपी की प्रमुख सदस्य हैं।

# बाइडन ने ट्रंप के प्रतिशोध से बचाने के लिए फाउसी, मिली को दिया क्षमादान

वाशिंगटन।राष्ट्रपति जो बाइडन ने डॉ. एंथनी फाउसी, सेवानिवृत्त जनरल मार्क मिली और अमेरिकी संसद भवन पर 6 जनवरी 2021 को हुए हमले की जांच करने वाली हाउस कमेटी के सदस्यों को क्षमादान दे दिया है।

बाइडन ने आगामी ट्रंप प्रशासन द्वारा संभावित प्रतिशोध के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करने के लिए अंतिम घंटों में अपने कार्यालय की असाधारण शक्तियों का उपयोग करते हुए यह कदम उठाया। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अपने शत्रुओं को कार्वाई की चेतावनी दिये जाने के बाद बाइडन ने यह निर्णय लिया। ट्रंप ने अपने शत्रुत्रों की सूची में ऐसे लोगों को शामिल किया है, जिन्होंने राजनीतिक रूप से उनका विरोध किया है या 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी हार को पलटने के उनके प्रयास में अड़चन डाले थे। साथ ही, 6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद भवन (यूएस कैपिटल) पर धावा बोले जाने में उनकी (ट्रंप की) भूमिका के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराने की मांग की थी। ट्रंप ने अपने मंत्रिमंडल में ऐसे लोगों को नामित किया है जिन्होंने चुनाव में उनका समर्थन किया था।

# न्यायालय आईपीएस अधिकारी के खिलाफ महिला अधिकारी की याचिका पर सुनवाई करेगा



नयी दिल्ली।उच्चतम न्यायालय ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने संबंधी पटना उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली बिहार पुलिस की एक महिला अधिकारी की याचिका पर सुनवाई के लिए सोमवार को दो सप्ताह बाद का समय तय किया। महिला अधिकारी ने आईपीएस अधिकारी पर शादी का झूठा वादा कर बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसे पटना उच्च न्यायालय ने रद्द करने का आदेश दिया था।

न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने मामले की सुनवाई स्थगित करते हुए कहा कि याचिका में कुछ सुधार की आवश्यकता है। न्यायालय ने महिला की ओर से पेश अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे से संशोधन करने को कहा। याचिकाकर्ता वर्तमान में पटना में उच्च पद पर तैनात है। याचिका में दलील दी गई है कि 19 सितंबर, 2024 को पारित उच्च न्यायालय का आदेश त्रुटिपूर्ण, किसी भी कानूनी गुण से रहित, मामले के तथ्यों से परे होने के अलावा स्थापित कानून के विपरीत है।

## केजरीवाल के खिलाफ भाजपा ने की शिकायत

नयी दिल्ली। नयी दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रत्याशी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ पुलिस और निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि केजरीवाल ने निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न आरडब्ल्यूए को कुर्सियां बांटकर आदर्श आचार सहिता का उल्लंघन किया है। वर्मा के चुनाव एजेंट संदीप सिंह ने रविवार को यह शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, केजरीवाल ने पांच फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता को भेजकर विभिन्न स्थानीय रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को कुर्सियां बंटवाई।

# राहुल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



गुवाहाटी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की एक हालिया टिप्पणी को देश की संप्रभुता के लिए खतरा बताते हुए उनके विरूद्ध असम में प्राथमिकी दर्ज की गई है। कांग्रेस ने इसे राजनीतिक स्टंट करार दिया है।

पुलिस ने बताया कि पिछले हफ्ते नई दिल्ली में कांग्रेस के नए मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर अधिवक्ता मोनजीत चेतिया ने शनिवार शाम को यहां पानबाजार पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। चेतिया का आरोप है कि गांधी ने अपने भाषण में कहा था कि भाजपा और आरएसएस ने हर संस्था पर कब्जा कर लिया है और अब हम भाजपा, आरएसएस के साथ ही इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) से लड़ रहे हैं। अधिवक्ता ने दावा किया कि कांग्रेस नेता ने ये टिप्पणियां जानबूझकर और सोची-समझी मंशा के साथ इंडियन स्टेट की संप्रभुता और अखंडता को कमजोर करने और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के खिलाफ विद्रोह भड़काने के लिए कीं। चेतिया ने शिकायत में दावा किया, लोकतांत्रिक तरीकों से जनता का विश्वास हासिल करने में असमर्थ यह आरोपी अब केंद्र सरकार और इंडियन स्टेट के खिलाफ असंतोष भड़काना चाहते हैं। भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 152 और 197(1)(डी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बीएनएस धारा 152 में उन कृत्यों को लेकर दंड का प्रावधान है जो विभिन्न माध्यमों से भारत की संप्रभुता, एकता या अखंडता को खतरे में डालते हैं। धारा 197(1)(डी) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता या सुरक्षा को खतरे में डालने वाली झूठी या भ्रामक जानकारी से संबंधित है।

इंटरटेनमेंट...

# ‘कनप्पा’ से अक्षय का फर्स्ट लुक जारी




**मुंबई**। साल 2025 की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक कनप्पा से अक्षय कुमार का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है। इस माइथोलॉजिकल फिल्म में अक्षय कुमार भगवान शिव के रूप में नजर आने वाले हैं। वहीं काजल अग्रवाल पार्वती के रोल में नजर आएंगी। हाल ही में अक्षय कुमार ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है।

एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए अक्षय कुमार ने पोस्टर शेयर कर लिखा है, फिल्म कनप्पा के लिए महादेव की पवित्र आभा में कदम रख रहा हूं। जिंदगी की इस एपिक कहानी को लाने में गर्व महसूस कर रहा हूं। भगवान शिव इस दिव्य सफर में हमारा मार्गदर्शन करें। ओम नमः शिवाय। अक्षय से पहले फिल्म कनप्पा से काजल अग्रवाल का लुक भी जारी किया जा चुका है। साल 2025 की शुरूआत में सामने आए पोस्टर में काजल अग्रवाल पार्वती के रोल में दिखी थीं। काजल अग्रवाल से पहले ये रोल नुपूर सेनन को ऑफर किया गया था, हालांकि उन्होंने शेड्यूल कॉन्फ्लिक्ट के चलते फिल्म रिजेक्ट कर दी थी। इसके बाद नयनतारा को पार्वती का रोल दिया जाने वाला था। आखिरकार काजल अग्रवाल को इस रोल में कास्ट किया गया। इस फिल्म में प्रभास नंदी का रोल प्ले करने वाले हैं।

हालांकि रिपोर्ट्स की मानें तो वो फिल्म में कैमियो करेंगे। फिलहाल उनका लुक सामने नहीं आया है। इनके अलावा फिल्म में मोहन बाबू, विष्णु मंचू, मधू अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं। फिल्म का स्क्रीनप्ले भी एक्टर विष्णु मंचू ने तैयार किया है। तेलुगु भाषा में बनी फिल्म कनप्पा को मुकेश कुमार सिंह डायरेक्ट करने वाले हैं। इस फिल्म को 25 अप्रैल को रिलीज किया जाने वाला है। फिल्म कनप्पा से पहले अक्षय कुमार ने साल 2023 की फिल्म ओह माय गॉड 2 में भगवान शिव का किरदार निभाया था। फिल्म का ट्रेलर जारी होने के बाद अक्षय कुमार के रोल की जमकर आलोचना हुई थी।

# बीबी-18 का टाइटल जीतने के बाद करण वीर मेहरा बोले



**मुंबई**। टीवी के जाने-माने एक्टर करण वीर मेहरा ने बिग बॉस 18 का खिताब अपने नाम किया। उन्हें 50 लाख रुपए और चमचमाती बिग बॉस की ट्रॉफी मिली है। ऐसे में करण वीर मेहरा से खास बातचीत की, जिसमें उन्होंने कहा कि यह सफर उनके लिए

**माता-पिता के संस्कारों ने दिलाई जीत**

काफी शानदार और इमोशनल रहा। आपने अपनी मेहनत और खेल से बिग बॉस 18 के विनर का टाइटल जीता है। आप क्या कहेंगे? पहले तो मैं बिग बॉस 18 को खेल नहीं कहूंगा। यह एक रियलिटी शो था। मैं इसमें अपनी असली जिंदगी जी रहा था, जैसे मैं अपनी रोजमर्रा की जिंदगी जीता हूं। लोग इसे खेल मानते हैं, लेकिन मेरे हिसाब से यह शो सिर्फ उसी समय के लिए खेल होता है जब हम कोई टास्क कर रहे होते थे। बाकी तो यह एक जिंदगी जीने का शो है। अगर आप असली रहेंगे और अपने आप को सच्चाई के साथ पेश करेंगे, तो आप जीत सकते हैं। आप दिल के बहुत अच्छे इंसान हैं। क्या कभी ऐसा हुआ है कि आपकी यही अच्छाई आपकी गेम में रुकावट बनी हो?

## बिग बॉस 18 में हार से रजत दलाल बोले नाराज

मुंबई। बिग बॉस 18 का सफर अब खत्म हो चुका है। करण वीर मेहरा ने जीत की ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि विवियन डीसेना पहले रनरअप बने और रजत दलाल दूसरे स्थान पर रहे। बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद रजत नाराज नजर आए। उन्होंने खास बातचीत में कहा कि जीतना और हारना तो लगा रहता है। यह जरूरी नहीं है कि हर चीज हमेशा आपके पक्ष में ही हो। जनता को लगता था कि आप ही बिग बॉस 18 के विनर बनेंगे, लेकिन टॉप 3 में आने के बाद आप एविक्ट हो गए। तो कैसा महसूस कर रहे हैं? मैं बेफिकर था। मुझे पता था कि जो होना होगा, वो हो जाएगा। लेकिन हां, मुझे इतनी उम्मीद थी।

# श्रद्धा मिश्रा बनीं ‘सा रेगा मापा’ की विनर



**मुंबई**। आगरा की श्रद्धा मिश्रा ने सिंगिंग रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा' का टाइटल जीत लिया। इसके साथ ही उन्होंने ट्रॉफी के साथ 10 लाख रूपए का इनाम भी मिला है। जब आपने इस शो में हिस्सा लिया, तो क्या आपको लगा था कि आप मंच पर खड़े होकर यह ट्रॉफी अपने नाम कर लेंगी? नहीं, बिल्कुल भी नहीं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इस मंच पर खड़ी होकर विजेता बनूंगी।

यहां तक कि सपने में भी ये ख्याल नहीं आया था कि मैं जीत पाउंगी। मुझे लगा था कि मैं बस अपना बेस्ट दूंगी, जितना आता है उतना करूंगी। लेकिन जब मैंने खुद को विनर के रूप में देखा, तो वो पल मेरे लिए अविश्वसनीय था। आज भी यकीन नहीं हो रहा है कि ट्रॉफी मेरे पास है और मैं इस टाइटल को जीत चुकी हूं। आपके पहले ऑडिशन का वो पल कैसा था? क्या उस वक्त कोई यादगार किस्सा हुआ हो, जो आज भी आपको याद हो? पहला ऑडिशन वो पल मेरे लिए बहुत ही खास था, लेकिन मैं बहुत डरी हुई थी। इतने बड़े-बड़े दिग्गजों के सामने खड़े होकर गाना आसान नहीं था। सचिन-जिगर सर, सचेत-परंपरा, गुरु सर जैसे लोग मेरे सामने थे। नर्वस होना स्वाभाविक था। लेकिन मैंने सोचा कि जैसा मैं गाती हूं, वैसे ही गाउंगी।

कुछ अलग करने की कोशिश नहीं की। मुझे याद है, जब मैंने अपना परफॉर्मेंस दिया, तो सचेत सर ने मुझे एक गिटार गिफ्ट किया, जिस पर उन्होंने 'बेखयाली' कम्पोज किया था। ये मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। इस सफर में कई पल ऐसे थे जो मेरे दिल के करीब हैं। लेकिन विनिंग मोमेंट तो हमेशा याद रहेगा। इसके अलावा, जब मैंने गुरु सर के साथ मंच शेयर किया और उनका गाना गाया, वो पल भी मेरे लिए बेहद खास था। गुरु रंधावा सर ने मुझे इतना कॉन्फिडेंस दिया कि उस वक्त मुझे किसी बात का डर ही नहीं था। और हां, एक और पल जिसे मैं कभी नहीं भूल सकती, वो था जब जिगर सर ने टीवी पर घोषणा की कि मुझे यूके में परफॉर्म करने का मौका मिलेगा। उस पल मुझे लगा कि मेरी मेहनत रंग लाई है। मेरी संगीत की शुरूआत बचपन में हुई थी।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com